सुविचार
पति होने की तुलना में प्रेमी होना कहीं आसान है, इसकी सीधी सी वजह यह है कि हर दिन अक्लमंदी की बात कहना समय-समय पर कुछ प्यारी-प्यारी बातें कहते रहने की तुलना में कहीं ज्यादा मुश्किल होता है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज़ Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 02 March 2024 ● Year : 02 ● Issue : 45 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


12
उर्वशी ने काटा तीन करोड़ का बर्थडे केक, हुई ट्रोल

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 73,745.35 |
| निफ्टी | : | 22,338.75 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,950 |
| चांदी | : | 76.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### राजस्व कर्मचारी सात हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**RANCHI :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रांची के चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी ब्यांजन मिंज उर्फ मेजामिल कुजूर को सात हजार रिश्वत लेते शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि एसीबी को सुनीत उरांव ने लिखित आवेदन देकर सूचित किया था कि उन्होंने सनिया उरांव से पांच डिसमील जमीन खरीदा था। उक्त जमीन का म्यूटेशन कराने के ऑनलाईन आवेदन किया। इसके बाद चान्हो के राजस्व कर्मचारी से मिलकर म्यूटेशन के संबंध में बात करने पर चान्हो अंचल के राजस्व कर्मचारी म्यूटेशन करने के एवज में 11 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। आग्रह विनती करने पर मामला सात हजार में तय हुआ।

### फरवरी में जीएसटी से ₹1.68 लाख करोड़ का कलेक्शन

**NEW DELHI :** सरकार ने फरवरी-2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी से 1.68 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह एक साल पहले यानी फरवरी 2023 के मुकाबले 12.5 प्रतिशत ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.49 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। वहीं एक महीने पहले जनवरी से 4 हजार करोड़ कम है। जनवरी में सरकार ने जीएसटी से 1.72 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। लगातार 12वीं बार ऐसा हुआ है कि रेवेन्यू कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। अब तक सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल 2023 में हुआ था, तब यह आंकड़ा 1.87 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया था।

## पीएम ने धनबाद को 35 हजार 700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

# मैंने कहा था- हर्ल उर्वरक संयंत्र कारखाने को चालू करवाऊंगा, गारंटी पूरा किया : प्रधानमंत्री

**PHOTON NEWS DHANBAD :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को धनबाद में 35 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इनमें हर्ल सिंदरी, मोहनपुर हंसडीहा नयी रेललाइन, देवघर-डिब्रुगढ़ ट्रेन, टोरी शिवपुर बिरादरी रेल लाइन और एनटीपीसी एसएसटीपी चतरा समेत अन्य योजनाएं शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने नई ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के सिंदरी में हर्ल उर्वरक संयंत्र का लोकार्पण करने के बाद कहा कि मैंने वर्ष 2018 में बंद पड़े इस खाद कारखाने को चालू करने का संकल्प लिया था। मैंने आपसे कहा था कि इस कारखाने को चालू करवाऊंगा। आज इसका लोकार्पण हुआ है। ये मोदी की गारंटी थी और आज ये गारंटी पूरी हुई। मोदी ने हर्ल के सीसीआर का निरीक्षण करने के बाद प्लांट में काम करने वाले 47 मजदूरों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि आज झारखंड को 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उपहार मिला है। मैं अपने किसान भाइयों को, आदिवासी समाज के लोगों को और झारखंड की जनता को इन योजनाओं के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि जो पैसे बचेंगे, उसे किसानों के हित में खर्च किया जा सकेगा। साथ ही कहा कि आज सिर्फ सिंदरी कारखाने की ही शुरूआत नहीं हुई है, बल्कि रोजगार के हजारों नए अवसरों की भी शुरूआत हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 360 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हो रहा है। इससे किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं। वर्ष 2014 में जब मैं सरकार में आया, तो उस समय 225 लाख मीट्रिक टन यूरिया का भारत में उत्पादन होता था। उन्होंने कहा कि यूरिया का आयात विदेश से करना पड़ता था, जिससे देश को आर्थिक नुकसान होता था। पिछले 10 वर्षों में रामागुंडम गोरखपुर बरौनी खाद कारखाने की शुरूआत हुई। आज इसमें सिंदरी का नाम जुड़ गया। एक से डेढ़ साल में तालचर में खाद कारखाना की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उस कारखाने के लोकार्पण का आशीर्वाद भी जनता उन्हें ही देगी।

- नई ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- हर्ल के सीसीआर का निरीक्षण के बाद 47 मजदूरों से मुलाकात कर बातचीत की
- 360 लाख मीट्रिक टन यूरिया का हो रहा उत्पादन
- एक से डेढ़ साल में तालचर में खाद कारखाना की शुरूआत होगी



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्मृति चिन्ह सौंपते सीएम चंपाई सोरेन व मंच पर मौजूद राज्यपाल व अन्य।

### 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य

पीएम मोदी ने कहा कि देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आगामी 2047 तक विकसित भारत बन जाएगा। आज के समय में भारत 8.4 प्रतिशत की दर से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज से संपन्न राज्य है। अब लोग इसे किसानों का राज्य भी मानेंगे। क्योंकि, यहां के किसान भी जल्द आत्मनिर्भर होंगे। अपनी जमीन से बेहतर पैदावार लेंगे। केंद्र सरकार हर तरफ से झारखंड को भी सहयोग कर रही है। मोदी ने कहा कि सरकार ने जो संकल्प लिया वो पूरा किया। पिछले कुछ सालों में सरकार ने यूरिया का उत्पादन बढ़ाने पर बल दिया, जिसमें सफलता भी मिली। इसके लिए रामकुंडम समेत कई इलाकों में कारखाने शुरू किये गये। ट्रेन की क्षेत्र में भी झारखंड के यात्रियों को कई सुविधाएं मिलेगी। इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इससे राज्य की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के साथ आर्थिक गति मिलेगी। 2047 के पहले भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जनजातीय समाज गरीबों युवाओं और महिलाओं को अपने सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर झारखंड के लिए दिया है। साथ ही विश्वास दिलाया कि जनजातीय समाज के लिए समाज के लिए झारखंड वासियों के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज रेल क्रांति का नया अध्याय लिखा है। नई रेल लाइन बिछाने और मौजूदा रेल लाइन में भी बदलाव जारी है। धनबाद-चंद्रपुरा को सुरक्षित स्थानों पर नया रेल लाइन उपलब्ध होगा। देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन से श्रद्धालु मां कामाख्या की शक्ति की पीठ का दर्शन कर पाएंगे। वाराणसी में कोलकाता से रांची एक्सप्रेस आधारशिला रखी गई है। एक्सप्रेस वे रामगढ़ और बोकारो समेत पूरे झारखंड में आगे जाने की स्पीड को आगे बढ़ने वाला है। देवघर से डिब्रुगढ़ तक चलने वाली पूर्वोत्तर के लिए देवघर से यह दूसरी ट्रेन है। पहली ट्रेन देवघर अगरतला एक्सप्रेस बांका और भागलपुर रूट से चलती है। देवघर से डिब्रुगढ़ ट्रेन का परिचालन मोहनपुर से हंसडीहा होकर चलेगी। इस रूट से ट्रेन का परिचालन होने से देवघर, दुमका व गोड्डा जिले के रेल यात्रियों को सीधे तौर पर सुविधा हो जायेगी। रेलवे के अनुसार इस रूट से परिचालन होने पर समय की बचत होगी। इस खंड पर इस ट्रेन को चलाने के लिए कोई इंजन रिवर्सल नहीं होगा। साथ ही इस मार्ग से ट्रेन चलने से देवघर, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया व कटिहार जैसे शहर कनेक्ट होंगे।

### ये सौगातें मिली

धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन, टोरी शिवपूरी तीसरी रेल लाइन, मोहनपूर हंसडीहा रेल लाइन, नॉर्थ उरीमारी कोल हैंडलिंग प्लांट, रेट्रो फिटिंग प्रदूषण प्रणाली एफडीजी।

### 753 करोड़ की रेल योजना

रेल मंत्रालय के अनुसार 753.48 करोड़ की मोहनपुर हंसडीहा रेल लाइन की लंबाई 38.110 किलोमीटर है। इस रेललाइन में पांच स्टेशन मोहनपुर, खड़ियाडीह, हरलाटांड़, ककनी व हंसडीहा है। इस नयी रेललाइन में पहली बार चलने वाली देवघर डिब्रुगढ़ ट्रेन है। यह नयी रेललाइन के चालू होने से देवघर से गोड्डा रेल लाइन से सीधे तौर पर जुड़ जायेगा। देवघर और गोड्डा आने जाने वाले यात्रियों को दुमका व नोनीहाट से गुजरना नहीं पड़ेगा। इस रेल लाइन के चालू होने से यात्रियों के ढाई घंटे की बचत होगी।

## कारखाना चालू होने से रोजगार के नए अवसर होंगे पैदा : चंपाई

**PHOTON NEWS DHANBAD :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की उपस्थिति में धनबाद जिले के सिंदरी स्थित हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड कारखाना (हर्ल) राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर लगभग 36 हजार करोड़ रुपये की रेल, बिजली और कोयला क्षेत्र से संबंधित कई विकास योजनाओं का भी उद्घाटन-शिलान्यास हुआ।

मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की पावन भूमि और कोयला नगरी धनबाद में प्रधानमंत्री का अभिनंदन और जोहार किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को आगे बढ़ाना है। इस राज्य को हमें संवारना है। बदलते समय के अनुरूप इस राज्य का नवनिर्माण करना है। मुझे प्रधानमंत्री से पूरी उम्मीद है कि वे झारखंड को आगे बढ़ाने में इस राज्य को पूरा सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। सिंदरी खाद कारखाना के पुनर्जीवित होने से जहां किसान लाभान्वित होंगे, वहीं रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यहां के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। इससे इलाके में समृद्धि आएगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



- खनिज संपदा से धनी है झारखंड
- झारखंड का भौगोलिक परिवेश देश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में कई मायनों में अलग
- राज्य के सम्यक विकास के लिए दोनों के बीच संतुलन जरूरी
- खेत में सालों भर पानी रहे, ताकि किसान बेहतर तरीके से खेती कर सके

# विधानसभा ने वित्तीय वर्ष 24-25 के राज्य सरकार के बजट को दी मंजूरी

## गठबंधन की सरकार की शुरू की गई सभी योजनाओं का जिक्र

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के छठें दिन शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 24-25 के राज्य सरकार के बजट को मंजूरी मिल गईत्र सदन में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि बजट में 03 लाख 50 हजार अबुआ आवास बनाने की योजना है लेकिन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पहल पर इस संख्या को बढ़ाकर 4 लाख 50 हजार कर दिया गया है। आलम ने भोजनावकाश के बाद सदन में बजट पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि आवास के लिए जिन लोगों के भी आवेदन पेंडिंग हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने गठबंधन की सरकार के कार्यकाल के दौरान शुरू की गई सभी योजनाओं का जिक्र किया।



### 1500 किलोमीटर तक सड़कों का बिछेगा जाल

ग्रामीण विकास के तहत 1500 किलोमीटर सड़क बनाया जाएगा। सड़कों का जाल बनने से लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। भाजपा के लोग रोजगार की बात करते हैं लेकिन केंद्र सरकार ने भी तो दो करोड़ रोजगार हर साल देने की बात कही थी लेकिन हुआ क्या? हमारी सरकार ने 1932 से खतियान के आधार पर स्थानीय तय करने वाला बिल पास कराया। आलम ने कहा कि ओबीसी की आरक्षण सीमा 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के लिए बिल पास कराया। मॉब लिंचिंग को रोकने के लिए बिल बनाया। हमारी नजर अपने मेनिफेस्टो पर है। उसके आधार पर बहुत सारे काम किये जा चुके हैं। आलम ने कहा कि 2019-20 तक झारखंड में 06 लाख 60 हजार लोगों को वृद्धा पेंशन मिलता था लेकिन अब 25.96 लाख लोगों को पेंशन मिल रहा है। हमारी सरकार समर्पण भाव से जनता के हित में काम कर रही है। इसके अलावा सदन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1,28,900 करोड़ रुपये के बजट को ध्वनि मत से पारित किया।

### प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स ने आगामी चुनाव पर किया मंथन

**RANCHI :** प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स (पीएसी) की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। लोकसभा सीटों का क्षेत्रवार विश्लेषण किया गया। यह तय किया गया कि राज्य में महागठबंधन की चल रही सरकार के जरिए इन चार वर्षो के दौरान किए गए विकास का कार्यों का पूरा खाका जनता के सामने रखा जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल का खाका भी जनता के सामने रखा जाएगा ताकि उपलब्धियों का ढोल पीटने वाले प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के नुमाइंदों की पोल खुल सके। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पीएसी के सदस्यों को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह कमर कसकर तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि पीएससी की सदस्यों की भूमिका चुनाव से पहले अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। देश में एक बार चुनाव शुरू हो जाने के बाद आपकी भूमिका अलग होती है और चुनाव के पहले आपकी भूमिका अलग है।



### रंगबिरंगी रोशनी से जगमग जुबिली पार्क

**JAMSHEDPUR :** टाटा स्टील के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती को लेकर रंगबिरंगी रोशनी से जगमग जुबिली पार्क। इसका उद्घाटन टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन शनिवार को शाम 6.30 बजे करेंगे। शहरवासी इस खूबसूरती का दीदार 5 मार्च तक शाम 6 बजे से रात 11.30 बजे तक कर सकेंगे।

पेज 04 भी देखें।

# छवि रंजन को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से बेल नहीं

## अब चार सप्ताह बाद होगी सुनवाई, ईडी ने काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए मांगा समय

**CRIME REPORTER RANCHI :** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट में अब चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की कोर्ट में ईडी की ओर से उपस्थित एएसजीआई ने छवि रंजन की याचिका पर काउंटर एफिडेविट दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने प्रार्थी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की। यहां बता दें कि छवि रंजन की बेल पर कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट में सुनवायी हुई थी। बता दें कि छवि रंजन ने जिस केस में डिफॉल्ट बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वह चेशायर होम रोड स्थित भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट ने छवि रंजन को पहले ही डिफॉल्ट बेल देने से इनकार कर चुका है।

- ईडी कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट पहले ही डिफॉल्ट बेल देने से कर चुका है इनकार

## नौसेना लक्षद्वीप में नए बेस आईएनएस जटायु से आईओआर पर रखेगी नजर

# दुश्मनों की अब खैर नहीं, नौसेना करेगी कड़ी निगहबानी

**AGENY NEW DELHI :** भारतीय नौसेना के कमांडरों की कांफ्रेंस अगले सप्ताह आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर होनी है। इसी दौरान नौसेना लक्षद्वीप में नया बेस आईएनएस जटायु शुरू करेगी, जिससे हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह बेस अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्रों में तैनात आईएनएस बाज की तरह ही क्षमता प्रदान करेगा। इसी के साथ नौसेना अमेरिकी हंटर एमएच 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को कोच्चि के नौसेना वायु स्टेशन पर अपने बेड़े में शामिल करने की भी योजना बना रही है। नौसेना में विमानवाहक पोतों आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पहली बार 50 मेहमान देशों के साथ बहुपक्षीय अभ्यास 'मिलन' में हिस्सा लेकर पश्चिमी समुद्र तट के लिए रवाना हो चुके हैं। कारवार कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में स्थित है और भारत के पश्चिमी तट पर गोवा के साथ अपनी सीमा साझा करता है। कारवार में ही दोनों विमानवाहकों पर अगले सप्ताह कमांडर कॉन्फ्रेंस होनी है, जिसमें नौसेना के टॉप कमांडर्स एक साथ देश की साझा रणनीति और तैयारियों पर चर्चा करेंगे। भारतीय नौसेना अपने दोनों विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत का संचालन लक्षद्वीप के पास करेगी, जो कई वर्षों में नौसेना के लिए अपनी तरह का पहला अनुभव होगा।

- नौसेना कमांडरों की कांफ्रेंस अगले सप्ताह आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर
- अमेरिकी हंटर एमएच 60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल करेगी नौसेना



### आईएनएस जटायु को किया जाएगा तैनात

नौसेना इसी दौरान नए बेस आईएनएस जटायु को चालू करने की योजना बना रही है, जो हिंद महासागर में दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखेगा। अगले सप्ताह कमांडरों के सम्मेलन के दौरान यह बेस चालू होने की संभावना है। नौसेना वहां विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप में आईएनएस जटायु को तैनात करेगी। यह कुछ अधिकारियों और जवानों के साथ शुरू होगा और फिर एक बड़े नौसैनिक अड्डे तक विस्तारित किया जाएगा। यह बेस अरब सागर में पूर्व में अंडमान और निकोबार द्वीप क्षेत्रों में तैनात आईएनएस बाज की तरह ही क्षमता प्रदान करेगा। यह पहली बार होगा कि आईएनएस विक्रांत आईएनएस विक्रमादित्य के साथ जुड़वां वाहक संचालन में भाग लेगा। उइसी के साथ भारतीय नौसेना अगले सप्ताह कोच्चि के नौसेना वायु स्टेशन पर एक समारोह में अपने नवीनतम पनडुब्बी रोधी एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल करने की भी योजना बना रही है।

### बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में बम ब्लास्ट

**BENGALURU :** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे बम विस्फोट हुआ, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। बम स्क्वॉड, फोरेंसिक और एनआईए की टीम विस्फोट की जांच कर रही है। घटना के बाद सबसे पहले फायर ब्रिगेड और व्हाइटफिल्ड पुलिस ने बताया कि सिलेंडर में विस्फोट हुआ है। जब हम मौके पर पहुंचे तो कैफे की दीवार पर लगा शीशा टूटकर टेबल पर बिखरा पड़ा था। इसके बाद भाजपा के दो सांसदों ने विस्फोट पर संदेह जताया और बम ब्लास्ट का दावा किया। शाम साढ़े 5 बजे खुद सीएम सिद्धारमैया ने बताया- यह एक लो इंटेंसिटी का ब्लास्ट था। एक शख्स कैफे में बैग छोड़कर गया, जिसके बाद विस्फोट हुआ। कैफे में धमाके वाली जगह से बैटरी, जला हुआ बैग और कुछ आईडी कार्ड मिले हैं।

# टीएसपीसी के एक लाख के इनामी उग्रवादी का सरेंडर

## सीएलए और आर्म्स एक्ट के दो मामले हैं दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एक लाख के इनामी उग्रवादी संतोष गंझू ने रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के समक्ष शुक्रवार को सरेंडर कर दिया। एसएसपी ने मौके पर उसे एक लाख का चेक दिया। सरेंडर करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। संतोष गंझू ने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर और सीआरपीएफ 133 बटालियन एवं रांची पुलिस के प्रयास से सरेंडर किया। इसके खिलाफ ओरमांझी थाना में सीएलए और आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। वह बुढ़मू थाना क्षेत्र के सिरम गांव का रहने वाला है। संतोष गंझू ने बातचीत में कहा कि वर्ष 2013 में बगल वाले गांव सलया टॉड़ में टीएसपीसी के सब-जोनल कमांडर सागर गंझू उर्फ दलाल गंझू उर्फ ललिन्द्र गंझू गांव ने बैठक की। सागर गंझू ने नौजवानों को संगठन विस्तार एवं दस्ता मजबूत करने के लिए संगठन में जुड़ने के लिए दबाव बना रहे थे।



# झारखंड के विकास में अड़ंगा लगा रही कांग्रेस व झामुमो : प्रधानमंत्री

## पीएम नरेंद्र मोदी ने हवाई अड्डे पर विजय संकल्प महारैली को किया संबोधित


कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चंपाई सोरेन। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DHANBAD :** राज्य के धनबाद के सिंदरी में हर्ल कारखाने का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धनबाद के बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डे पर विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में नारा लग रहा है, अबकी बार 400 पार। यह नारा यूं ही नहीं लग रहा है। मोदी की गारंटी पर देश भरोसा कर रहा है। साथ ही उन्होंने झारखंड सरकार में शामिल दलों झामुमो और कांग्रेस पर भी जमकर प्रहार किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से क्षमा मांगता हूं। क्योंकि, यह पंडाल छोटा पड़ गया। सिर्फ पांच प्रतिशत लोग ही इस पंडाल में बैठ सके। बाकी 95 प्रतिशत लोग इस धूप में खड़े होकर मुझे सुन रहे हैं। आपकी इसी तपस्या से मुझे ऊर्जा मिलती है। आप लोगों का स्नेह आशीर्वाद और यह तपस्या मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। देश का विकास कर मैं आपकी तपस्या पूरी करूंगा। इसका मैं आपको गारंटी देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि सिंदरी फर्टिलाइजर का उद्घाटन करने का आज मुझे सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि आपने जिसकी आशा छोड़ दी थी उसमें ऊर्जा भरने के लिए मोदी को काम करने का मौका दिया और यही वजह थी कि आज मोदी के गारंटी पूरी हुई। खाद कारखाना शुरू हुआ। इससे पूर्वी भारत के किसानों को बहुत लाभ होगा। यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही कहा कि भाजपा का मतलब और मकसद है, विकास और तेज विकास।

पीएम मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस या उसके सहयोगी दल विकास के सबसे बड़े दुश्मन हैं। नॉर्थ कर्णपुरा के बिजली कारखाने का शिलान्यास पिछली सदी के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी करके गए थे लेकिन फिर कांग्रेस की घोटालेबाज सरकार आई और इस प्रोजेक्ट पर ताला लटका दिया। वर्ष 2014 में मोदी ने इस प्रोजेक्ट को फिर से जिंदा करने का गारंटी दी थी। आज बिजली कारखाने से करोड़ों घर रोशन होंगे और यह मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने झारखंड में केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले ही अमृत भारत योजना के तहत राज्य के 27 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरू हुआ है। झारखंड में तेजी से विकास के लिए जरूरी है कि यहां पर ईमानदार सरकार हो, कानून व्यवस्था हो लेकिन जब से यहां कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण वाली सरकार बनी है तब से स्थितियां बहुत खराब हुई हैं। तुष्टीकरण के चलते घुसपैठ बढ़ता जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साथ ही कहा कि यहां जेएमएम और कांग्रेस नेताओं का एक ही काम रह गया है अपनी तिजोरियां भरना। इन लोगों ने झारखंड की जनता को लूटकर अपनी तिजोरी भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मैं आपको बताना चाहता हूं कि जो लोग आपके खून पसीने की कमाई को लूट लिए हैं, उन्हें जेल जाना पड़ेगा।

# दिनदहाड़े डेढ़ लाख की छिनतई, बेटी की शादी के लिए बैंक से निकाले थे पैसे


सीसी टीवी में कैद अपराधी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के जय भवानी संघ चौक के समीप डेढ़ लाख की छिनतई हो गई। एक पिता ने अपनी बेटी की शादी में सामान खरीदने के लिए पीएनबी से पैसे निकाले थे। पैसे लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में पल्सर बाइक से आए दो लुटेरों ने रूपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। दोनों अपराधी सीसीटीवी कैमरे में दिखे हैं। पुलिस वीडियो और फोटो निकाल कर उनकी पहचान और गिरफ्तारी में जुटी हुई है। दिनदहाड़े हुई छिनतई की इस घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। भुक्तभोगी की पहचान कुंड मोहल्ला निवासी मिथिलेश सिंह के रूप में हुई है। मिथिलेश की बेटी की शादी 25 अप्रैल को होनी है। शादी में सामान सहित अन्य की खरीदारी के लिए मिथिलेश ने पंजाब नेशनल बैंक शाखा से 2 लाख रूपए निकले थे। 50 हजार सामानों की खरीद में खर्च किए थे। डेढ़ लाख रूपए लेकर जय भवानी संघ चौक की ओर से जा रहे थे। इसी क्रम में एक बाइक पर सवार होकर 2 अपराधी आए और रूपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बाइक चला रहा अपराधी हेलमेट पहन रखा था, जबकि पीछे बैठा हुआ अपराधी मास्क लगाए हुए था।

# बाइक सवार युवक से 3.5 लाख रुपये ले उड़े उचक्के

**RAMGARH :** रामगढ़ शहर में अपराधियों का मनोबल सर चढ़कर बोल रहा है। कहीं चोरी हो रही है तो कहीं बाइक सवार उचक्के दिनदहाड़े लोगों को लूट ले रहे हैं। शुक्रवार को दामोदर नदी के पास बाइक पर सवार दो उचक्कों ने एक बाइक सवार से रुपयों से भरा थैला उड़ा लिया। उस बैग में 3.50 लाख रुपए मौजूद थे। इस मामले की सूचना पीड़ित युवक फिरोज खान ने रामगढ़ थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया की हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलीगढ़ा एमपीआई के रहने वाले फिरोज खान शुक्रवार को रामगढ़ शहर के एचडीएफसी बैंक से पैसे निकालने आए थे। यहां से उन्होंने 3.50 लाख रुपए नगद निकाला और एक झोले में डालकर अकेले ही बाइक से अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान दामोदर पुल के पास पल्सर बाइक पर सवार दो उचक्कों ने उनका थैला काट लिया और फरार हो गए।

## BRIEF NEWS

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो छात्रों की मौत

**GUMLA :** शहर से सटे पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली के समीप गुरुवार रात तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े बोलेरो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में बाइक चालक अंकित उरांव (18) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में पीछे बैठे प्रियांशु कुमार (17) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर सदर थाना के एएसआई दबंग पांडे घटनास्थल पहुंचे और ऑटो से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर किस्कू ने जांच कर अंकित को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रियांशु कुमार को रिम्स रेफर कर दिया है। मगर रांची ले जाने के क्रम में प्रियांशु ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दोनों युवक शास्त्री नगर के रहने वाले थे।अंकित डीएवी में इंटर का छात्र था। जबकि प्रियांशु एस एस प्लस टू विद्यालय में इंटर का छात्र था।

### विश्व सनातन परिषद के महानगर अध्यक्ष बने अंकित तिवारी



**RANCHI :** रातू रोड स्थित इंद्रपुरी गली होटल ब्लू क्रिस्टल के सामने समीप विश्व सनातन परिषद की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित सोनी और महानगर कमेटी का विस्तार किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रांची महानगर के अध्यक्ष चुने गए अंकित तिवारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता चुने गए। इसमें कमेटी का विस्तार महानगर अध्यक्ष अंकित तिवारी ने किया, जिसमें महामंत्री धनदीप सिन्हा बने, उपाध्यक्ष सौरभ कुमार ठाकुर, प्रणव पांडेय, संदीप सिंह। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भगवान सेवा के मुख्य आयोजक मनजीत सिंह एवं संरक्षक गौतम ऋतुराज एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्तित थे।

### युवा मोर्चा ने किया सीएम का पुतला दहन

**KHUNTI :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से उड़ीकेल पंचायत के जोजोदाग गांव में अध्यक्ष विनय गुप्ता के नेतृत्व में नये युवा मतदाताओं को जोड़ने के संकल्प को लेकर शुक्रवार को नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। नमो युवा चौपाल को संबोधित करते हुए विनय गुप्ता ने कहा कि आप सभी युवा भविष्य के कर्णधार हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ने आज राज्य की ठगबंधन सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। मौके पर बिजली दर में बढ़ोतरी के खिलाफ में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला दहन किया। मौके पर पूसा मुंडा, मधुसूदन साहू, संदीप केरकेट्टा, संजय साहू, शंकर्षण साहू, दिवाकर सिंह आदि उपस्थित थे।

# हथियार का भय दिखाकर धमकाने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**PHOTON NEWS PAKUR :** पाकुड़ टाउन थाना पुलिस ने हथियार का भय दिखाकर कोयला ओर पत्थर कारोबारी को डराने, धमकाने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, नौ गोली ओर चार मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है।

गिरफ्तारी आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के तलवाडांगा नन्दीपाड़ा निवासी देवराज सरकार उर्फ निमवा उर्फ निमाई, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कुमारपुर निवासी विमान राजवंशी उर्फ बिट्टू राजवंशी, लिट्टीपाड़ा तालझारी निवासी कन्हाई कुमार साहा और गौरी शंकर साहा उर्फ गौरव शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक कुछ अपराधी पाकुड़ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कोयला एवं पत्थर कारोबारियों को रंगदारी वसूलने की नीयत से हथियार का भय दिखाकर डरा धमका रहे थे। सूचना पर पाकुड़ एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम ने पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के तलवाडांगा नन्दीपाड़ा बस्ती से चारों अपराधियों को पिस्टल ओर गोली के साथ गिरफ्तार किया।

### युवा कांग्रेस के महासचिव व बुकरू के ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

**RANCHI :** युवा कांग्रेस कांके विधानसभा के महासचिव निलेश मिश्रा एवं बाढ़ू पंचायत के बुकरू गांव के ग्रामीणों के द्वारा शुक्रवार को कांके प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया। मौके पर कांग्रेसी नेता निलेश मिश्रा और ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुवे कहा कि, अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन मे भारी गड़बड़ी किया गया है साथ ही अयोग्य लोगों को पैसे के बल पर आवास में चयन किया गया है। मौके पर घेराव करने पहुँचे ग्रामीणों ने कहा कि जो योग्य लोग है साथ ही क्षेत्र के योग्य आदिवासी लाभुकों का चयन करके योजना का लाभ दीया जाए अन्यथा क्षेत्र उग्र आंदोलन करेंगे। घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से महावीर मुंडा, अजय मुंडा, अशोक लोहार, संगीता गाड़ी, किरण देवी, संतोष मुंडा, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया

# उग्रवादी मुख्यधारा से वापस लौटें या अंजाम भुगतने को तैयार रहें : एसपी



**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 158/सी एवं थाना प्रभारी, सेरेंगदाग के नेतृत्व में शुक्रवार को नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान सेरेंगदाग थाना के ग्राम मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, हुंडी, जुरनी, पीरतोल, हेनहे, चपरोंग, मनहेपात तथा गमहरिया के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ग्रामीणों से मिले एवम ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर एसपी ने कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है। आपके क्षेत्र के विकास के लिए हम सदैव तत्पर हैं। उन्होंने उग्रवादियों का आह्वान करते हुए कहा कि जो लोग मुख्य धारा से भटक गए हैं वैसे लोग मुख्य धारा में वापस लौटे नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें। एसपी ने अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। बेटियों को भी नियमित रूप से स्कूल कालेज भेजें। सभी लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। आने वाले समय में लोकसभा का चुनाव होना है सभी लोग निश्चित रूप से मतदान करें।

अभियान के क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु पोलिंग बूथ का निरीक्षण भी किया गया । इसी क्रम में ग्राम जूरनी के ग्रामीणों एवं बच्चों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बैग, कोपी, स्टूमेंट बॉक्स, ग्रामीणों के बीच कंबल एवम आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया।

# प्रधानमंत्री झारखंड को तोहफा नहीं विशेष राज्य का दर्जा देने की करें घोषणा : नायक


की फाईल फोटो।

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी झारखंड, छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे पर आने पर कहा कि अब झारखंड को किसी तोहफे की आवश्यकता नहीं बल्कि झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की समय की मांग है।

नायक ने आगे कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना था, तो इसके 14 जिले उग्रवाद प्रभावित थे. अब ये संख्या बढ़कर 21 हो गई है। राज्य में 24 जिले हैं. राज्य सरकार की रिपोर्ट बताती है कि 142 थाने नक्सल प्रभावित हैं। आज 25 प्रखंड नक्सल गतिविधियों की टॉप सूची में शामिल हैं। इन 23 वर्षों में हजारों नक्सली हत्याएं हुई हैं । इन्होंने यह भी बताया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भी उग्रवाद की समस्या के समाधान के लिए झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाने की मांग अपने कार्य काल मे 2012 मे किया था। उन्होंने तो नेशनल डेवलपमेंट काउंसिल की बैठक में भी प्रधानमंत्री के समक्ष विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि झारखंड नक्सल प्रभावित इलाका है। विरासत में इसे बेहतर विकास नहीं मिलने से यह पिछड़ता चला गया है इसलिए इसे विशेष राज्य का दर्जा मिलना ही चाहिए।

श्री नायक ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान आकर्षित करते हुए यह भी कहा कि आज राज्य में न सिंचाई न

# हुसैनाबाद से अपहरण कर डालटनगंज में रखा गया था डॉक्टर रहमान को, तीन धराए


घटना की जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले के हुसैनाबाद के ग्रामीण चिकित्सक मो. फिरोज खान उर्फ डॉक्टर रहमान का अपहरण करने के बाद अपहर्ता डालटनगंज में उसे छुपा कर रखे थे। चार दिनों के अनुसंधान के दौरान तकनीकी सहायता से डालटनगंज के हाउसिंग कॉलोनी इलाके से छापामारी कर उसे बरामद किया गया। पुलिस ने अपहरण कांड में शामिल सात अपराधियों में से तीन को गिरफ्तार किया है।

एक अपराधी अभय कुमार सिंह उर्फ मीकू (22) डालटनगंज के हमीदगंज बीएन कॉलेज रोड का निवासी है और उसका अपना घर बिश्रामपुर के नवगढ में है। दूसरा आरोपित प्रिंस कुमार सिंह उर्फ चीकू सिंह (21) है, जबकि तीसरे आरोपित की पहचान चंदन कुमार सिंह (21) के रूप में हुई है। चंदन और प्रिंस हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के क्रमशः मुबारकपुर एवं ऊपरीकला करमाही का निवासी हैं।

फरार आरोपियों में दिग्विजय सिंह उर्फ डिक्कू सिंह, अभिषेक पासवान, संकेत एवं एक अन्य शामिल हैं। डॉक्टर को दिग्विजय सिंह उर्फ डिक्कू सिंह के घर में रखा गया था। डॉक्टर को 2 करोड रुपए फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। डॉक्टर के अपहरण की प्लानिंग प्रिंस ने बनाई थी, जबकि अभय अन्य साथियों के साथ मिलकर क्लीनिक से पेट दर्द से पीड़ित रोगी देखने के बहाने डॉक्टर को गाड़ी तक बुलाकर अपहरण कर लिया था।

शुक्रवार की शाम जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने अपहरण कांड का उदभेदन करते हुए जानकारी दी कि घटना में शामिल अपराधी बिहार में शराब तस्करी कांड में भी शामिल रहे हैं। शराब तस्करी के दौरान एक शराब व्यवसायी का अपहरण कर लिया था और उसे झारखंड में लाकर 50 हजार की फिरौती वसूली थी। इस घटना के बाद से उनके हौसले

# छात्र आजसू ने राज्यपाल व कुलपति को सौंपा मांग पत्र



**PHOTON NEWS RANCHI :** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में राजभवन सचिवालय एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को मार्क्स से संबंधित समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की रांची विश्वविद्यालय के पीजी पत्रकारिता विभाग मे सत्र 21झ23 के सभी 69 छात्र-छात्राओं को सेमेस्टर 1 और 2 में एक ही अंक दिया गया है यह साफ-साफ दर्शार्ता है की रांची विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग कैसा कार्य कर रहा है इतने बड़े पैमाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं परीक्षा विभाग द्वारा ऐसी कैसे कैसे हुई विश्वविद्यालय इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी गहन जांच कराए और इस मामले में संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई करें।

उन्होंने आगे कहा कि अगर 7 दोनों के अवधि में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस मामले पर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो छात्र राज्य के सदस्य रांची रांची विश्वविद्यालय परिसर एवं एनसीसीएफ के दफ्तर में तालाबंदी करेगी। वहीं दूसरी और मारवाड़ी महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में सेमेस्टर 2 के लगभग 75% छात्र-छात्राओं को 29 अंक देकर फेल कर दिया गया है। जो कि किसी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति एवं

### डीसी ने अंचल अधिकारी व कार्यपालक पदाधिकारी को सरकारी जमीन खाली करने का दिया निर्देश

# नई सराय की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण


बुलडोजर से अतिक्रमण हटाते अधिकारी। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने नई सराय की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर यह साफ कर दिया है कि कोई भी दलाल सरकारी जमीन पर हावी नहीं हो सकता है। शुक्रवार को उन्होंने रामगढ़ अंचल अधिकारी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को नई सराय में अतिक्रमित की गई सरकारी जमीन को खाली करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश का तत्काल पालन हुआ और अधिकारी बुलडोजर लेकर वहां पहुंच गए। अधिकारियों ने वहां कई एकड़ में की गई चारदिवारी को पूरी तरीके से जमींदोज कर दिया। यह आदेश जारी किया कि अगर कोई भी व्यक्ति उस सरकारी जमीन का अतिक्रमण करेगा तो उसके मकान पर बुलडोजर चला दिया जाएगा।

**सरकारी बोर्ड को उखाड़ कर भू माफियाओं ने बना दी बाउंड्री**

जिस जमीन पर 8 महीने पहले सरकारी भूमि का बोर्ड अंचल कार्यालय से लगाया गया था इस जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर लिया गया है रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान ने बताया कि जून महीने में नई सराय बस्ती में सरकारी भूमि की विवरणी के साथ दो-दो बोर्ड लगवाए गए थे जिसमें यह बताया गया था कि खाता नंबर 1 का प्लॉट नंबर 186, 254, 255, 266, 257, 258, 186/228 सरकारी भूमि है। यह बताया गया था कि रामगढ़ अंचल के नईसाराय मौज की इस सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अतिक्रमण अथवा खरीद बिक्री करना गैर कानूनी है। इस भूमि पर अवैध रूप से निर्माण एवं खरीद बिक्री करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। ऐसा ही एक बोर्ड दूसरे स्थान पर लगवाया गया था। लेकिन भूमाफियाओं ने उन दोनों सरकारी बोर्ड को उखाड़ फेंका और वहां पर पक्के मकान का निर्माण कर दिया। वहां बड़े पैमाने पर जमीन की खरीद बिक्री की गई और वहां चारदीवारी बना दी गई।

दो महीने पहले ही नईसराय मौजा की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की गई थी। अंचल कार्यालय से एक नोटिस सार्वजनिक तौर पर चिपकाया गया था। उस नोटिस में यह कहा गया था कि 24 घंटे के अंदर अतिक्रमित भूमि को खाली कर दिया जाए, अन्यथा उसपर कार्रवाई होगी। लेकिन भू माफिया और दलाल के कान पर जूं तक नहीं रेंगा और उन लोगों ने इस नोटिस के बाद भी कई बाउंड्री का निर्माण किया। अंततः उन सारी चारदीवारी को तोड़कर वहां मैदान बना दिया गया है।

**कौन है नेसार मियां और उसके टीम के दलाल**

जब प्रशासन वहां बुलडोजर चला रहा था तब वहां के ग्रामीण नेसार मियां और उसके टीम के दलालों को याद कर रहे थे। वहां लोग लगातार इस बात की चर्चा कर रहे थे कि आखिर उस सरकारी जमीन को बेचने वाले भू माफिया और दलाल कहां चले गए। उनकी पूरी टीम उस सरकारी जमीन को रैयती जमीन बताते थे। वहां काम करने की खुली छूट देते थे। उस जमीन का बाकायदा एग्रीमेंट होता था और जमीन के नाम पर वसूली की जाती थी। लेकिन जब प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की तो नेसार मियां और उसकी टीम का कोई भी दलाल वहां नजर तक नहीं आया। वहां लोगों ने बताया कि गरीबों ने महिला समिति से पैसे उठाकर निसार मियां और उसकी टीम को दिए हैं।

# झारखंड के बेस्ट मुगलई रेस्त्रां में शामिल करीम



**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट में करीम होटल एक सुसज्जित रेस्तरां है। इस की स्थापना मोहम्मद जमाल, तबरेज अजीज और मोहम्मद अनस ने किया था, और यह आज भी अपने ग्राहकों को मुगल व्यंजन परोसते है। 2022 में करीम की स्थापना की गई और जल्द ही यह रेस्तरां ने आम लोगों को स्वादिष्ट शाही भोजन परोसकर नाम और प्रसिद्धि अर्जित की। वर्तमान में, करीम एक रेस्तरां के साथ-साथ एक अच्छी तरह से स्थापित होटल है जिसमें भोजन का स्वाद लेने के लिए झारखंड सहित पूरे भारत से ग्राहक आते हैं। अभी हाल के दिनों में इंग्लैंड और भारत के क्रिकेट खिलाड़ी सहीत सुनिल गावस्कर करीम के शोभा बने। श्री गावस्कर ने कहा कि मैं जब भी रांची आता हूं करीम में खाना खाता हूं। यहां का खाना बहुत ही स्वादिष्ट और लजीज रहता है। करीम होटल के तंदूरी चिकन, मटन कोरमा,, लाजवाब होते हैं। इधर भोजन करने के बाद आप फिरनी का आनंद लिए बगैर नहीं जा सकते। हमने लगभग सभी व्यंजन आजमाए और हमें सीख कबाब की विशेष प्रशंसा करनी है जो सचमुच टूट जाता है। इसका स्वाद उतना ही अच्छा है जितनी हमें उम्मीद थी। करी भी उतनी ही स्वादिष्ट होती है। लजीज मसालेदार चिकन या तीखे बादाम के पेस्ट में उबाले हुए मटन के कोमल टुकड़े और स्वादिष्ट व्यंजनों के चयन को पूरी तरह से पूरक करती है।

BRIEF NEWS

## पुंदाग में पांच दुकानों का ताला तोड़कर चोरी

**RANCHI :** रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के ऋषभ नगर के पास स्थित पांच दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। इनमें किराना, फल, चप्पल- जूता सहित अन्य दुकान शामिल है। पुलिस के अनुसार पांच दुकान में चोरी हुई है। सभी दुकानों से लगभग 30 हजार रुपये की चोरी हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहा है, जिसकी पहचान और तलाश की जा रही है। ओपी प्रभारी ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। अब तक आवेदन नहीं मिला है।

## आईपीएस राकेश रंजन ने जैप 1 कमांडेंट का पदभार किया ग्रहण

**RANCHI :** आईपीएस राकेश रंजन ने आज शुक्रवार को जैप 1 के कमांडेंट के पद का पदभार ग्रहण किया। बीते 27 फरवरी को सरकार ने 23 आईपीएस का तबादला किया था। जिसमें चतरा एसपी के पद पर पदस्थापित राकेश रंजन को जैप 1 कमांडेंट बनाया गया। इनके कार्यकाल में भाकपा माओवादी, टीपीसी उग्रवादी और नशे के कारोबार के खिलाफ एक के बाद एक कई बड़ी कार्रवाई की है।

## थैलेसीमिया फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**RANCHI :** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय और झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल रांची की टीम के द्वारा यह शिविर संचालित हुआ। ज्ञात हो कि महाविद्यालय और झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन के बीच एक एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। शिविर के दो दिन पहले विद्यार्थियों को थैलेसीमिया और सिकल सेल रोग के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें इसके बारे में जागरूक किया गया। झारखंड थैलेसीमिया फाउंडेशन के सचिव अतुल गेरा ने विद्यार्थियों को रक्तदान की आवश्यकता और महत्व के विषय में जानकारी दी। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भागीदारी दिखाई और रक्तदान किया।

## घोटालों की सरकार से झारखंड की जनता को चाहिए मुक्ति : प्रतुल

**RANCHI :** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का जमकर समर्थन किया जिसमें उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा का अर्थ ह्यजमकर खाओह्न बताया था। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जनता तो ऐसे भी झामुमो को ह्यझारखंड मुद्रा मोचनह्न पार्टी के रूप में जानती है। प्रतुल शाह देव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में 70000 करोड़ रुपयों का घपला, घोटाला हुआ था। देश के इतिहास में पहली बार एक मुख्यमंत्री 40 घंटे तक फरार था और चंपाई सरकार भी खुद को हेमंत पार्ट-2 सरकार बताती रही है। झारखंड को अब भ्रष्टाचारी व्यवस्था से मुक्ति चाहिए। प्रतुल ने कहा कि जितना झामुमो, कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड को लूटा है, उन सभी पैसों को वापस लाया जाएगा। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है।

### एनडीपीएस से जुड़े मामले में सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता हाईकोर्ट में हुए हाजिर, कहा-

# गवाही में मुकरने वाले सरकारीकर्मियों पर की जाएगी विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा

**PHOTON NEWS RANCHI :** नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्स्टेंस एक्ट (एनडीपीएस) से जुड़े जमानत के एक मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि सरकारी कर्मी कैसे निचली अदालत में गवाही के दौरान अपने बयान से मुकर (होस्टाइल हो) गया। इस पर अनुराग गुप्ता की ओर से कोर्ट को स्पष्ट किया गया कि उस सरकारी कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। हाईकोर्ट ने रांची की निचली अदालत को मामले की ट्रायल जल्द पूरी करने का निर्देश देते हुए आरोपी बिरसा मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी लेबर है जो गाड़ी में सामान उतारने और चढ़ाने का काम करता है। दशम फॉल की पुलिस ने नशीले पदार्थ के रेड मे उसे पकड़ा था। वाहन से 1640 किलो डोडा बरामद किया गया था। मामले को लेकर दशम फॉल थाना में कांड संख्या 13/ 2021 दिनांक 21 मई 2021 दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि मामले में रांची सिविल कोर्ट में गवाही के दौरान बचाव पक्ष ने दशम फॉल चौकीदार से पूछा तो उसने कहा कि वह उस दिन वह ड्यूटी पर नहीं था, वह छुट्टी पर था जबकि प्राथमिकी के अनुसार जो जब्ती सूची तैयार किया गया था उसमें उस चौकीदार का नाम था। चौकीदार ने पुलिस की इस रेड टीम का सदस्य नहीं बताया था। हाई कोर्ट ने सरकारी कर्मचारी के द्वारा गवाही के दौरान मुकरने को गंभीरता से लेते हुए डीजी सीआईडी को तलब किया था।




## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर झारखंड हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर शुक्रवार को दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। मामले में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी ने इनके खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी



संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे, जिसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई, 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

## हाईकोर्ट ने ताराचंद व हरीश यादव की जमानत याचिका खारिज की

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी हवाला कारोबारी ताराचंद एवं हरीश यादव की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ताराचंद और हरीश यादव के खिलाफ ईडी ने अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) कोर्ट में दाखिल की है। ताराचंद और हरीश यादव को ईडी ने 23 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ताराचंद को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी।

### शराब के होलसेल व रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले की हुई सुनवाई

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका को किया स्वीकृत

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित उमेश कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका को स्वीकृत करते हुए इस केस से याचिकाकर्ता उमेश कुमार और उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है। इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाये। इसके बाद एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता का नाम इस केस से हटाने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल निर्धारित की।

### तीन जिलों के अलग-अलग खातों में भेजा गए थे करोड़ों रुपये



पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के तीन जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजा गया था। यह उन कंपनियों के खाते में भेजा गया था, जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपये हुआ करते थे। उसी खाते से सारा पैसा राज्य के अन्य जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर के लिए 25-25 लाख रुपये जमा करने में इस्तेमाल हुआ था। कोलकाता से भेजे गये पैसों का इस्तेमाल शराब माफिया की ओर से झारखंड के सभी जिलों में शराब के होलसेल का टेंडर लेने के लिए किया गया था।

## अमित अग्रवाल को बेल देने से हाईकोर्ट ने किया इन्कार

**PHOTON NEWS RANCHI :** लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस और दलील सुनने के बाद 9 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने अमित अग्रवाल को बेल देने से इंकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की। अमित अग्रवाल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी और अभिषेक सिंह ने बहस की। दरअसल रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल,बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। हाईकोर्ट से इस केस के अभियुक्त निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है।

## हाईकोर्ट ने अफसर अली की बेल याचिका पर मांगा जवाब

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद-बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई गई प्रक्रिया के संबंध में ईडी से जानकारी भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 15 मार्च को होगी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। वह बीते साल 14 अप्रैल से न्यायिक हिरासत में जेल में है। इसे देखते हुए उन्हें जमानत दी जाए। ईडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई है। उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

### चुनाव का पर्व : हुनरमंद कलाकारों से भरा रहा आड्रे हॉउस

## इस बार के चुनाव में अपने परिजनों को साथ लेकर मतदान करने जाएं : के रवि



दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

**PHOTON NEWS RANCHI :** शुक्रवार को आड्रे हॉउस में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार दो दिवसीय चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों के बीच पेंटिंग, रंगोली, क्विज, संगीत, नाटक आदि की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य चुनाव के प्रति युवा वर्ग को जागरूक और शिक्षित करना है। कार्यक्रम में मॉक पोल के द्वारा भी युवा वोटरों को के बारे में मतदान प्रक्रिया के बारे में पदाधिकारियों द्वारा जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के उद्घघाटन के बाद संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोक सभा चुनाव की घोषणा किसी भी दिन हो सकती है, हम सब को मतदान के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहना है। मतदान केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं है बल्कि पूरे देश के नागरिकों के लिए लोकतंत्र का महापर्व की तरह है। इस बार के चुनाव में युवाओं को खुद तो वोट करना ही है इसके साथ-साथ अपने घर वालों, दोस्तों को भी मतदान केंद्र पर साथ लाकर मतदान करवाना है। उन्होंने कहा जिस प्रकार हम घर वालों या दोस्तों के साथ घूमते हैं, मॉल जाते हैं, सिनेमा जाते है उसी प्रकार अपने मतदान केंद्र पर हमें साथ आकर अपने मत का प्रयोग करना है। कार्यक्रम में युवाओं के बीच पदाधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की गयी।

## रांची के कांके में शुरू हुआ स्लॉटर हाउस

**RANCHI :** राजधानी रांची के कांके में हाइजेनिक मांस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अत्याधुनिक स्लॉटर हाउस गुरुवार को शुरू किया गया। स्लॉटर हाउस का संचालन रांची नगर निगम द्वारा चयनित एजेन्सी मेसर्स अर्श और एल्हम लाइव स्टॉक एक्सपोर्टर्स, रांची और मेसर्स माइक्रो ट्रांसमिशन सिस्टम, नोएडा (संयुक्त उद्यम) करेगी। जानकारी के अनुसार इस स्लॉटर हाउस में चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत वध किये गये खस्सी का स्वास्थ्यकर मांस उपलब्ध होगा। इस स्लॉटर हाउस में शहर के मांस विक्रेता, मांस विक्रय हेतु बकरों आदि (जो पशु सरकार द्वारा वध हेतु निषेधित न हो) का वध 100 रुपये प्रति पशु भुगतान कर करवा सकते हैं। इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 1000 पशु वध करने की है। नियमों के अनुसार शहर में खुले में पशुओं का वध करना वर्जित है। खुले में बिना चिकित्सीय जांच के वध किये बकरे आदि के मांस का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

## भाकपा माओवादी के ईनामी नक्सली को पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा

### देशी दो नाली कट्टा और चार जिंदा गोलियां बरामद, 50000 का है इनाम

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के तमाड़ थाना पुलिस और सुरक्षाबलों ने ने भाकपा माओवादी के पचास हजार के ईनामी नक्सली एनेम हस्सा पूर्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली तमाड़ थाना क्षेत्र के डिमनिया बेड़ा का रहने वाला है। इसके पास से एक देशी दो नाली कट्टा और चार जिंदा गोली बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली कि तमाड़ थाना क्षेत्र के रहरगांव एवं रंगामाटी के बीच एनएच 33 पर स्थित निर्मल होटल के बगल की चाय दुकान पर एक व्यक्ति अवैध आग्नेयास्त्र और गोली के साथ खड़ा है। सूचना के बाद तमाड़ थाना और एसएसबी 26 वीं



प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार नक्सली के बारे में जानकारी देते रांची एसएसपी।

वाहिनी सी कम्पनी बासुकोचा तमाड के पदाधिकारी एवं जवानों का एक संयुक्त छापेमारी टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर पहुंची। इस दौरान एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिसे पुलिस टीम ने खदेड़कर पकड़ लिया । एससपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि यह पूर्व में माओवादी महाराज प्रमाणिक के दस्ते में काम करता था। इनके दस्ता ने तिरुलडीह (खरसावा) थाना की गश्ती पार्टी पर घात लगाकर हमला किया गया था, जिसमें पांच पुलिसकर्मी मारे गये थे। इनके खिलाफ एनआईए की ओर से पचास हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया है।

### झामुमो का पटलवार, कहा- खुद वैवाहिक जीवन की गारंटी नहीं निभाने वाले प्रधानमंत्री परिवार को क्या समझेंगे

# भाजपा का मतलब भरपूर जीओ पूंजीपतियों : सुप्रियो भट्टाचार्य

**PHOTON NEWS RANCHI :** पीएम नरेंद्र मोदी ने झारखंड दौरे के दौरान जमकर जेएमएम और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। इसके बाद झामुमो ने भी पीएम मोदी और भाजपा पर पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम ने धनबाद की धरती पर खड़े होकर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं। पीएम मोदी का धनबाद में केवल आगमन ही नहीं हुआ, वरण राजनीतिक प्रवचन भी हुआ। हम सब जानते हैं कि भाजपा का मतलब भरपूर जीओ पूंजीपतियों है। भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जी अपने वैवाहिक जीवन की गारंटी ही नहीं निभाई तो आपको परिवार को क्या समझ होगी? देश में सबसे अधिक राजस्व देने वाला रेलमंडल चक्रधरपुर है। लेकिन यात्री सुविधा ना के बराबर है। भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार की बात करते हैं। क्या आप ये कहना भूल गए कि हिमंता विश्वशर्मा, अजित पवार प्रफुल्ल पटेल, नारायण राणे, बीएस वेदुरप्पा, शुभेन्दु अधिकारी जैसे आपके द्वारा घोषित भ्रष्टाचारी आज आपके पहने हुए टोपी में कैसे दिख रहे थे? प्रधानमंत्री, आप आदिवासियों की बात करते हैं। कानून व्यवस्था की बात करते हैं। लेकिन मणिपुर के मुद्दे पर कुछ नहीं बोलते। सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा कि मणिपुर क्या किसी अन्य देश का हिस्सा है? कठुआ आपके लिए गर्व का विषय है क्या? आपने जिसे बेटी कहा उसकी आबरू पर आपके वीर सांसद ने हाथ लगाया। आप उस हाथ को बड़ा मजबूत समझते हैं क्या? प्रधानमंत्रीजी आप जिस जगह पर खड़े होकर बात कर रहे थे, वो झारखण्ड की मिट्टी है, और झारखंड आपके जैसे महाजनी सोच के खिलाफ कई बार खडा हुआ है और उन्हें परास्त किया है।




### मधु को चाट कर आप चुनाव जीतने का देख रहे सपना

हम सब जानते हैं कि जुल्मी कब तक जुल्म करेगा, सत्ता के गलियारों से। अब जरा-जर्रा गुजर रहा है, परिवर्तन के नारों से, प्रधानमंत्री जी आपने छल-प्रपंच के द्वारा जिस आवाज को जेल में बंद रखा है। उसकी आवाज खुले आसमान में गूंज रही है। आपके कान में एक ही आवाज आती होगी, मैं हेमंत हूं, झारखंड झुकेगा नहीं। भट्टाचार्य ने कहा कि आप इतनी बड़ी पार्टी के नेता हैं। फिर जिस शख्स ने 15 सालों तक आपको कोसा, राजनीतिक अभद्रता दिखायी, आज उसी को आपको अपना नेता बनाना पड़ा। सुप्रियो ने नाम लिए बिना बाबूलाल मरांडी पर भी निशाना साधा। सुप्रियो ने कहा, प्रधानमंत्री जी आप जितनी भी गारंटी में हों। एक गारंटी झारखंड से भी ले लें कि अगामी लोकसभा में जिस मधु को चाट कर आप चुनाव जितने का सपना देख रहे हैं वो काम नहीं आएगा। जनता अपने वोट का कोड़ा आप पर बरसाएगी।

## गुमला के तीन बच्चे रिम्स में हुए भर्ती

**RANCHI :** गुमला रायडीह प्रखंड के खीराखाड़ नवाडीह गांव में खेल-खेल में तीन मासूम बच्चे आग में जलकर गंभीर रूप से घायल हो गये। बच्चों की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में तीनों मासूम बच्चों को सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए तीनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां उनका बच्चा वार्ड में किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि गांव के ही तीन छोटे-छोटे बच्चे पुआल के ढेर में खेल रहे थे। जिस दौरान एक बच्चे के द्वारा माचिस मिल जाने पर उसने पीछे से आग लगा दिया और सभी फिर खेलने लगे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसमें सोनी कुमारी (3 वर्ष), निर्मल खड़िया (4 वर्ष) और अनीश खड़ीया (4 वर्ष) आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

## दयामनी बारला के साथ सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ



**PHOTON NEWS RANCHI :** समाजसेवी दयामनी बारला और सेंगल पार्टी की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा टेटे ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों के साथ सैकड़ों समर्थकों को पार्टी में शामिल कराया। समाजसेवी दयामनी बारला ने कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद कहा कि झारखंड आंदोलन के समय भी हम लोगों का नारा था कि लड़ कर इसे लेंगे और लंबी लड़ाई लड़ने के बाद यह महसूस किया है कि 20 साल तक समाज की लड़ाई लड़ते रहे। देश में कई राजनीतिक पार्टियां हैं, लेकिन कांग्रेस को छोड़ कर कोई सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ रही है। समाज की आगे की लड़ाई कांग्रेस के साथ मिल कर लड़ेंगे। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से हम सभी काफी प्रभावित हैं। वहीं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 10 साल से आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

# पुरुलिया से चार घंटे में अपहृत बरामद, महिला समेत पांच धराए

## बकाया रुपयों की वसूली के लिए किया गया था अपहरण

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर 1 से निरंजन दास का अपहरण कर लिया गया था। हालांकि शिकायत के चार घंटे के बाद ही पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को पुरुलिया जिले के बाघमुंडी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया और निरंजन को बरामद किया। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बिरसानगर जोन नंबर एक से निरंजन दास का अपहरण कर लिया गया था। घटना की जानकारी निरंजन की पत्नी आशा ने पुलिस को दी।

सूचना पाते ही पुलिस ने एक टीम का गठन किया और जांच शुरू की। जांच के क्रम में अपहण के चार घंटे में ही पुरुलिया पुलिस की मदद से निरंजन को बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड बाघमुंडी निवासी डॉक्टर उर्फ चमन खान, सुदीप राय, तपन रजक, करुणा रजक और विकास सिंह मुरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से आठ मोबाइल और घटना में प्रयुक्त कार समेत अन्य समान बरामद किए है।


मीडिया को जानकारी देते एसएसपी। ● फोटोन न्यूज

एसएसपी ने बताया कि चमन खान ने पुरुलिया के अयोध्या हिल के पास एक रिसोर्ट बनाने का प्लान बनाया था। रुपये नहीं होने पर उसने कई लोगों को रुपए डबल करने का झांसा देकर लाखों रुपये की फंडिंग उठाई। कई लोगों ने रुपये वापस मांगना शुरू किया पर वह लोगों को रुपये वापस नहीं कर पा रहा था। इसी बीच उसने लोगों को बताया कि निरंजन दास को उसने 20 लाख रुपये दिए है पर निरंजन रुपये वापस नहीं कर रहा है। उसने अन्य लोगों के साथ निरंजन के अपहरण का प्लान बनाया ताकि उससे रुपये ले सके। वे लोग शहर पहुंचे और निरंजन को कार में बिठाकर ले जाने लगे। हालांकि पूछताछ में यह बात सामने आई कि निरंजन ने मात्र एक लाख रुपये ही लिए थे जिसे वह वापस कर रही रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## शहरनामा



### मान न मान....

- वीरेंद्र ओझा

शहर में एक ऐसे नेता हैं, जो जबरिया कमल फूल पर अपना अधिकार बताते हैं। हालांकि उन्हें चार वर्ष पूर्व ही पतली गली का रास्ता दिखा दिया गया था। इसके बाद से वे उसी गली में जयंती-पुण्यतिथि मनाते हैं, लेकिन चुनाव नजदीक आता देख उनके अंदर का नेता उछलने को बेचैन हो रहा है। अभी कमल दल वाले सिपाही दूसरे कार्यक्रम में व्यस्त हैं, लेकिन ये जनाब गली-गली घूमकर दीवार को लाल-हरे रंग से पोत रहे हैं। लोग चर्चा कर रहे हैं कि इन्हें वही सीट चाहिए, जो लगभग 25 वर्ष बाद खाली हुई है। जीत होगी कि हार, इससे फर्क नहीं पड़ता है। ताकत तो यह दिखाना है कि मुद्दई लाख बुरा चाहे.... कमल का झंडा लेकर शहर भर में घूमने का अवसर तो मिला।



### रग-रग में दौड़ रहा करंट

यहां बात हो रही है, राजनीति की, किसी विद्युत सब-स्टेशन की हम बात नहीं कर रहे हैं। यह संयोग है कि अपने नेताजी का नाम भी बिजली से संबंधित है, सो कोई भी उनसे इसे जोड़ लेता है। वैसे कयास लगाने की मनाही किसी को नहीं है। हां, तो चर्चा हो रही है कि इस बार बिद्युत दा सचमुच हैट्रिक लगाएंगे। इसमें सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि टिकट मिलेगा कि नहीं। वैसे दुनिया के सबसे बड़े दल का टिकट पाने के लिए पांच वर्ष से एक युवा वहीं से आकर दौड़ लगा रहा है, जहां से बिद्युत दा ने राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी। वहां अब उन्होंने अपने पुत्र के नाम से ईंटा रख दिया है। वैसे वहां एक थके-हारे बुजुर्ग भी फील्डिंग कर रहे हैं। उन्हें पूर्व कहलाने में ही बहुत आनंद आता है।

### टाइगर का दिख रहा जलवा

झारखंड की राजनीति में टाइगर नाम का डंका खूब बजता है। एक टाइगर तो इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गए, लेकिन दूसरे टाइगर का जलवा सिर चढ़कर बोल रहा है। जमशेदपुर सहित कोल्हान भर के कार्यकर्ता गदगद हैं। लंबे समय से तीर-कमान की राजनीति में यह टाइगर गाहे-बगाहे दहाड़ता था, तो सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती थी। ज्यादा नहीं, एक वर्ष पहले इसी टाइगर की दहाड़ के बाद एक बड़ी कंपनी को अपना मुख्यालय बदल देना पड़ा था। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कहा कि टाइगर, अब आप आराम करें। जब जरूरत होगी, तभी आपको जगाएंगे। संयोग देखिए कि वह समय आ गया। अब टाइगर का जलवा देखते ही बन रहा है।

### गीता लिखेंगी महाभारत

महाभारत और गीता एक-दूसरे पर्याय माने जाते हैं, लेकिन इस बार तो गीता ने ही ऐसी पलटी मारी है कि कोल्हान में महाभारत लिखने की नौबत आ गई है। एक जानकार बताते हैं कि झामुमो के गढ़ में लंबे समय तक गांधी के सच्चे सिपाही रहे बागुन सुम्बरुई का कब्जा था। दल कोई भी हो, सिंहभूम माने बागुन ही थे। उन्हीं का फायदा उठाकर गीता ने भी महाभारत की लड़ाई जीत ली थी, लेकिन इस बार वह नए बैनर से उतर सकती हैं। कमल दल ने चार वर्ष बाद रेडिमेड उम्मीदवार खोज लिया है, लेकिन इस बार झंडा फहराना उतना आसान नहीं होगा। तीर-कमान वाले भी तैयारी में हैं, तो पंजा वाले भी मुट्ठी बांध चुके हैं।

## BRIEF NEWS

### सेक्स रैकेट का हुआ भंडाफोड़, पांच धराए



**ROURKELA :** शहर में सेक्स रैकेट चलाने वाले 5 लोगो को पकड़ा गया है। एक दलाल और एक ग्राहक को थाने में हिरासत में लिया गया है। शहर के कलिंग बिहार में एक किराये के मकान में सेक्ट रैकेट संचालित हो रहा था। जानकारी के बाद पुलिस ने छापेमारी की है। सभी पश्चिम बंगाल के हैं। छेंद पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

### नुआगांव में विकलांगता शिविर आयोजित



**ROURKELA :** नुआगांव ब्लॉक अंतर्गत सोर्डा हाई स्कूल में आज भीमभोई विकलांगता सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद विकलांगता भत्ता कैसे प्राप्त करें, इसकी जानकारी सभी को दी गई है । इस कार्यक्रम के अवसर पर नुआगांव ब्लॉक बीजेडी सभापति दिगंबर दास, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा एम्मा एक्का, बिस्वासी टोपन, हातीबारी सरपंच, समिती सभ्य सोर्डा एलिजाबेथ उपस्थित थे।

### साप्ताहिक जनता दरबार में समस्याओं का हुआ निष्पादन

**JAMSHEDPUR :** डीसी सरायकेला ने शुक्रवार को सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओ के निराकरण किए। डीसी रवि शंकर शुक्ला ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। आज सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों से वे क्रमवार मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। जिसपर संज्ञान लेकर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। वही अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित किए।

# खड़ायत खत्रिय समाज का प्रांतीय सम्मेलन तीन को

**PHOTON NEWS ROURKELA :** खड़ायत क्षत्रिय महासभा का राज्य सम्मेलन 3 मार्च को भंज भवन सेक्टर -5 में आयोजित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार नायक एवं प्रधान संपादक शशधर पात्र एवं प्रवक्ता कुंजबिहारी राउत ने कहा कि राउरकेला में निखिल उत्कल खड़ायत क्षत्रिय सभा का संचालन 1981 से सेक्टर 3 स्थित खंडभवन में होता आ रहा है।

यह संस्थान संस्थान द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक कार्यक्रमों और दशहरा के दिन की तलवार जुलूस और सम्मेलनों का आयोजन किया गया है और शहर में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस सिलसिले में रविवार 3 मार्च को राउरकेला के भंजभवन में राज्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

गौरतलब है कि इससे पहले 2013 में राष्ट्रीय सम्मेलन बरहामपुर में और 2018 में राज्य सम्मेलन कटक में आयोजित किया गया था।वर्तमान कार्यक्रम में, राज्य के श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक इस परिषद के अध्यक्ष और शशधा पात्र सामान्य संपादक के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। आगामी राज्य सम्मेलन में खुदायत क्षत्रियों के इतिहास, परंपराओं, वीरतापूर्ण उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में राज्य के 30 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लेने की सहमति दी है। इसके अलावा उद्घाटन में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप रॉय, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और सांसद मनमोहन सामल, सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और जटनी विधायक सुरेश कुमार राउतराय, पूर्व मंत्री और सांसद डॉ. प्रसन्ना कुमारपाटसानी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद और रक्षा संसदीय समिति के सभापति जोएल ओराम, और रघुनाथपल्ली विधायक सुब्रत तराई, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य खड़ायत खत्रिय सभा के अध्यक्ष सरोज सिंह और डॉ. प्रभात कुमार मल्लिक मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होने की सहमति दे दी है।

उसी दिन सुबह 9:30 बजे सेक्टर 5 स्थित गुंडिचा मंदिर से पाटखंडा (12 हाथ की तलवार) जुलूस के रूप में निकलेगा और भंजभवन पहुंचेगा। जुलूस का नेतृत्व खत्रिय महिलाएं करेंगी। भंज भवन में ध्वजारोहण के बाद बैठक शुरू होगी।इसी प्रकार कुछ खंडायत खत्रिय भाइयों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। दोपहर के भोजन के बाद संगठनात्मक चर्चा और जाति ध्वज फहराने के साथ सम्मेलन का समापन होगा।

### पद्मश्री दिलीप तिर्की ने बिसरा में हॉकी खिलाड़ी को किया प्रोत्साहित

**ROURKELA :** बिसरा ब्लॉक के दौरे पर शुक्रवार को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की पहुंचे। सबसे पहले भालूलता में हॉकी एस्ट्रोटॉप में बच्चों को प्रोत्साहित किया और 5 पंचायतों में विभिन्न चर्चों और मंदिरों का दौरा कर और आगे कैसे सुधार किया जाए, इस पर आमो ओडिशा नवीन ओडिशा के काम का निरीक्षण और चर्चा किए। इस दौरान बिसरा ब्लाक अध्यक्ष सुरेश ओराम, जराइकेला समिति सदस्य और राउरकेला सांगठनिक जिला अध्यक्ष सोमनाथ राहा, महिला नेत्री संध्या लाकरा नुआगांव पूर्व अध्यक्ष मखलु एका समिति सदस्य, जिला विभिन्न पंचायत के सरपंच,अध्यक्ष हलु मुंडारी, सरपंच बीचा मिंज, सुनीता मिंज, प्रदीप राउतराय, जिला परिषद सदस्य दशमी मिंज बिश्रा ब्लॉक अधक्षा फुलमनी केरकेटा, तारिक अजीज अंसारी, दुबराज राउत, कैलाश भुतीया, अनिल साहू, विक्रम सिंह, बंटू सिंह, छोटू महतो, कैलाश महतो, राजा अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राउरकेला में आठ जगहों पर चल रही ईडी की छापेमारी




**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर में ईडी की बड़ी छापेमारी चल रही है। राउरकेला और बड़बिल, भुवनेश्वर, कोलकाता स्थानों पर छापामारी चलने की सूचना है। सुबह ईडी की टीम ने शहर के जाने-माने बिजनेसमैन और चार्टर्ड अकाउंटेंट अजय कदमवाला के दफ्तरों और घरों पर छापेमारी की। वहीं अन्य 8 स्थानों पर छापे मारे जाने की जानकारी है। माना जा रहा है कि यह छापामारी माइंस खनन को लेकर चल रहा है। अजय कदमवाला एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, साथ ही वह कई बिजनेस से भी जुड़े हुए हैं। छापेमारी में 20 से ज्यादा अधिकारी शामिल हैं जबकि भुवनेश्वर और रांची से टीमें पहुंची हैं। छापामारी के दौरान सभी स्थानों पर सीआरपीएफ तैनात कर दी गई है।

# टाटा स्टील के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती कल, आज रोशनी से सराबोर होगी लौहनगरी


टाटा स्टील के संस्थापक जेएन टाटा की जयंती को लेकर रंगबिरंगी रोशनी से जगमग जुबिली पार्क। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती 3 मार्च को मनाई जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए टाटा संस के चेयरमैन एन चंदशेखरन शनिवार को दोपहर में ही शहर आ जाएंगे। यहां शाम 6.30 बजे जुबिली पार्क की विद्युत सज्जा का बटन दबाकर उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही न केवल जुबिली पार्क, बल्‍ पूरी लौहनगरी रोशनी से सराबोर हो जाएगी। इस मौके पर चेयरमैन के साथ मुंबई से टाटा समूह के अन्य निदेशक भी उपस्थित रहेंगे। इनमें से कुछ जुबिली पार्क की लाइटिंग देखने आएंगे, जबकि कुछ 3 मार्च को टाटा स्टील के कंपनी परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे। चेयरमैन 3 माच को ही सुबह लगभग 10 बजे बिष्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क में शहरवासियों को संबोधित करेंगे। ज्ञात हो कि इस बार भी स्वास्थ्य कारणों से टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा शहर नहीं आ रहे हैं।

# सेक्टर-3 पुलिस स्टेशन में अचानक पहुंचे एसपी, आमो पुलिस बैठक में थाना के कार्यप्रणाली का लिया फीडबैक

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के सेक्टर 3 थाने में आमो पुलिस मीटिंग हुई है। बैठक पुलिस पदाधिकारी प्रतिभा मंजरी साहू की अध्यक्षता में हुई है। जब यह बैठक चल रही थी, तभी राउरकेला एसपी मित्रभाणु महापात्र अचानक पहुंचे और उपस्थित सदस्यों से सेक्टर 3 पुलिस स्टेशन की कार्यप्रणाली पर उनकी राय ली। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से इस पर अपनी राय देने को कहा कि पुलिस क्षेत्र में किस तरह काम कर रही है और क्या जरूरत है। वर्तमान सदस्य पुलिस स्टेशन का क्षेत्र बहुत शांतिपूर्ण है, जबकि चोरी में काफी कमी आई है। विशेष रूप से सेक्टर-1 क्षेत्र के विवेकानन्द स्कूल की बाउंड्री के भीतर विभिन्न असामाजिक तत्वों की गतिविधियों में वृद्धि के बारे में जानकारी दी और विभिन्न इलाकों में स्ट्रीट लाइट की नही जलने के कारण चोरी और छिनताई की संख्या में वृद्धि के सेक्टर-1 और 2 का क्षेत्र में बारे में एसपी को रिपोर्ट दी।


पुलिस स्टेशन में उपस्थित एसपी व अन्य अधिकारी । ● फोटोन न्यूज

एसपी ने इस संबंध में आरएसपी अधिकारी को जानकारी दी। सदस्यों ने एसपी पुलिस को सभी सूचनाएं उपलब्ध कराने और सभी अभियानों में सहयोग करने के लिए जनता को जागरूक करने का अनुरोध किया। जहां आवश्यक हो वहां गवाही देने में रुचि व्यक्त करने पर जोर दिया गया। पुलिस हमेशा जनता की सेवा में है और इस दिशा में सहयोग भी आवश्यक है। शुरूआत में आमो पुलिस समन्वयक सेक्टर -3 पुलिस स्टेशन एएसआई मंगुली जेना ने सभी का स्वागत किया और आमो पुलिस दृष्टिकोण की सूचना दी। उन्होंने पुलिस और जनता की साझेदारी से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता पर जोर दिया।

थाना प्रभारी मंजरी साहू ने उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि वे सभी को सूचित करें कि वे सोने के आभूषण साफ करने घर आ रही अंजान व्यक्ति को घर में ना घुसाए। इसी तरह, अब साइबर अपराधी सक्रिय हैं, तो किसी भी अज्ञात कॉलर को ओटीपी या पासवर्ड देने से बचने के लिए आसपास के सभी पड़ोसियों को जागरूक किया जाय। सभी से अनुरोध किया गया कि रात में सभी घरों के बाहर लाइट जला कर रखें। इस बैठक में थाना सब इनिस्पेटर दुर्योधन प्रधान एवं सदस्यों में प्रबीर माझी, शिशिर मुदुली, यतीश कुमार दास, संजीव कुमार नायक, रामचन्द्र गौड़, एसके जावेद, सुरेंद्र चौधरी., बसंत महराणा, मुक्ती और कांत बेहरा, गोपाल पात्र, केके नायक, भरत महराणा, चित्रसेन नाग प्रमुख उपस्थित थे।

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय प्रथम दीक्षांत समारोह आज

# राजयपाल होंगे शामिल, 28 छात्राओं को मिलेगा गोल्ड मेडल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह दो मार्च को होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजयपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन होंगे। समारोह में 702 छात्राओं को डिग्री प्रदान की जायेगी। इनमें से विभिन्न विषय में टॉपर 28 छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने दी।

डॉ गुप्ता ने बताया कि 2021-2023 की स्नातकोत्तर एवं बीएड, एमएड व बीपीएड की छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। इस सत्र में पहुंचाओ छात्राओं की संख्या 1014 है, जिनमें से दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए आवेदन किया है। समारोह में स्नातकोत्तर मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, बीएड, एमएड, बीपीएड की छात्राएं शामिल होंगी।




दीक्षांत समारोह को लेकर यूनिवर्सिटी के सिदगोड़ा कैंपस में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पंडाल में 1000 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। समारोह में शामिल होने वाली छात्राएं सुबह 9 से 10 बजे तक कैंपस में प्रवेश कर सकेंगी। पंडाल में विषय वार छात्राओं के बैठने की व्यवस्था होगी। बताया गया कि गोल्ड मेडल 55 ग्राम चांदी, जो गोल्ड प्लेटेड है।

**छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए ड्रेस कोड :** दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली छात्राएं गाउन और हैट नहीं पहनेंगी। उनके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से ड्रेस कोड तय किया गया है। लाल दुपट्टे के साथ सफेद सलवार कुर्ता या सफेद साड़ी लाल बॉर्डर या क्रीम कलर की साड़ी रेड बॉर्डर निर्धारित किया गया है। शिक्षकों के लिए क्रीम साड़ी लाल बॉर्डर एवं सफेद शर्ट के साथ क्रीम कलर की पैंट ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है।

**इन छात्राओं को मिलेगा गोल्ड मेडल :** बांग्ला-ब्यूटी चक्रवर्ती, अर्थशास्त्र-सिमरन साह, अंग्रेजी-श्रेया गुहा, भूगोल-सुरभि जे मिंज, हिंदी-तहसीन परवीन, इतिहास-किरण दीप कौर, गृह विज्ञान-सुनीता मुंडरी, संगीत-अपूर्व श्रीवास्तव, ओड़िया-नर्मदा कुमारी महापात्र, दर्शनशास्त्र-उर्मिला माडी, राजनीति शास्त्र-अनुप्रिया, मनोविज्ञान-नेहा शर्मा, संस्कृत-मनीषा महतो, उर्दू-सगुफ्ता तरन्नुम, वनस्पति शास्त्र-स्वाति कुमारी, रसायन शास्त्र-महुआ दास, गणित-मनीष शुक्ला, भौतिक-खुशबू कुमारी, जंतु विज्ञान-निशा मांझी, वाणिज्य-श्वेता कुमारी पटेल, बायोटेक्नोलॉजी-जरा हयात अंसारी, एमबीए-शालिनी कुमारी, एमसीए-मेघनाथ पत्तने, लाइब्रेरी साइंस-पामेला दत्ता, एमएड-रितिका सिंह, श्रेया चटर्जी, बीएड-रक्षा सिंह, बीपीएड-प्रीति कुमारी।

# शिक्षकों की लंबित समस्या को लेकर कुलपति से मिले टाकू के प्रतिनिधि

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय के शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर टाकू के बैनर तले शिक्षक संघ के प्रतिनिधि कुलपति से मिले। संघ के प्रतिनिधियों ने कुलपति बताया कि 16 वर्षों की सेवा के बाद भी प्रोन्नति से संबंधित संचिका आज 8 माह बाद भी जेपीएससी को नहीं भेजा गया, जिससे शिक्षकों को आर्थिक एवं अकादमिक क्षति हो रही है। इस मसले पर कुलपति एवं कुलसचिव ने संज्ञान लेते हुए कहा कि 15 मार्च से पूर्व संचिका जेपीएससी को भेज दी जाएगी।

अवकाश में हुई कटौती को लेकर टाकू ने असंतोष व्यक्त करते हुए यूजीसी और झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम का हवाला देते हुए नियम के अनुरूप अवकाश देने की मांग की। टाकू ने कहा कि शैक्षणिक संवर्ग की सेवा को अन्य सेवाओं के साथ जोड़ के नहीं देखा जा सकता है, इसलिए शिक्षकों को शोध कार्य एवं अन्य अकादमिक कार्यो के लिए निर्धारित प्रावकाश दिया जाना चाहिए। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन अवकाश में हुई कटौती पर पुनर्विचार नहीं करती है तो टाकू शिक्षकों के सम्मान और अधिकार के संरक्षण के लिए न्यायालय के शरण मे जाने को बाध्य होगा। प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त शिक्षकों के नियमित वार्षिक वेतनवृद्धि एवं वेतन निर्धारण के लिए भी कुलपति से आग्रह किया। कुछ नवनियुक्त शिक्षको को पीएचडी गाइड बनने के रास्ते में जो भी अड़चन है, उसे दूर करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. विजय प्रकाश, महासचिव इंदल पासवान, क्षेत्रीय सचिव डॉ.बिनय कुमार सिंह व सचिव डॉ. संदीप चंद्रा सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# पीएम 6 मार्च को 2 ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

## रक्सौल-जोगबनी और नरकटियागंज-गोहना नई ट्रेनों होगी शुरूआत, रेल मंडल कर रहा तैयारी






**एजेंसी समस्तीपुर ।** रेलवे मंडल के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार यात्री सुविधा में विस्तार को लेकर नई ट्रेन के साथ योजनाओं की शुरूआत कर रहे हैं। अगामी 6 मार्च को बेतिया पहुंच रहे प्रधानमंत्री दो नई ट्रेनों को हरी झंडी वीसी के जरिए दिखाएंगे। जिसको लेकर रेलवे मंडल प्रशासन तैयारी कर रहा है। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को बेतिया आने वाले हैं। प्रधानमंत्री बेतिया से ही ऑनलाइन समस्तीपुर रेलवे मंडल के रक्सौल-जोगबनी नई ट्रेन सेवा की शुरूआत करेंगे। इसके अलावा पीएम नरकटियागंज-गोहना नई ट्रेन की शुरूआत करेंगे। इस दोनों ट्रेन के शुरू होने से मिथिलांचल के लोग सीधा कोसी क्षेत्र जा सकेंगे।डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि नई ट्रेन सेवा की शुरूआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ललित ग्राम स्टेशन पर डेढ़ किलोमीटर लंबा बाईपास लाइन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। डीआरएम ने बताया कि निर्मली-सहरसा से फरबिसगंज- जोगबनी जाने वाले गाड़ियों के शुभारंभ के बाद ललितग्राम स्टेशन पर इंजन रिवर्सल करने की आवश्यकता पड़ेगी। इस बायपास के बन जाने से ललितग्राम स्टेशन पर इंजन रिवर्सल में लगने वाले समय को बर्बाद होने से बचाया जा सकेगा। इसके अलावा वह किलोमीटर लंबे सरायगढ़ बाईपास लाइन का भी शिलान्यास करेंगे । यहां बता दें कि सहरसा से निर्मली की ओर जाने वाली गाड़ियों का सरायगढ़ स्टेशन पर इंजन रिवर्सल करने की आवश्यकता होती है जिससे करीब 20 से 25 मिनट का समय लगता है इस बाईपास के निर्माण के उपरांत सहरसा से निर्मली जाने वाली गाड़ियों को सरायगढ़ स्टेशन पर इंजन रिवर्सल में लगने वाले समय में बचत होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को समस्तीपुर रेलवे मंडल के विभिन्न रेलवे खंड पर 19 रेलवे गुमटी पर रोड ओवर ब्रिज व अंडर पास का शिलान्यास कर चुके हैं। इसके साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लहेरियासराय, जनकपुररोड, घोड़ासाहन, रक्सौल, चकिया मोतीपुर, सिमरी बख्तियारपुर, सुपौल व दौरम मधेपुरा स्टेशन के कायाकल्प योजना का शिलान्यास कर चुके हैं। इन सभी योजनाओं को दो सालों के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सहायक टैक्स दारोगा प्रमोद और लिपिक रवि निलंबित



**नालंदा ।** नगर परिषद राजगीर के सहायक टैक्स दारोगा सह लेखापाल प्रमोद कुमार और निम्न वर्गीय लिपिक रवि कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के लिए प्रपत्र 'क' गठित करने की कार्रवाई की जा रही है।

सहायक समाहर्ता सह कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री दिव्या शक्ति ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दोनों निलंबित कर्मियों के खिलाफ राजगीर थाने में धोखाघड़ी और फजीर्वाड़ा करने के आरोप में पहले ही प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि निलंबित कर्मी प्रमोद कुमार जिस सर्टिफिकेट पर वर्तमान समय में नौकरी कर रहे हैं, जांच हो रही।कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर परिषद के सफाई कर्मियों को तीन-चार दिन में बकाए मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई का कार्य किया जाता है। उनके संज्ञान में बात आई है कि शहर के सफाई कर्मियों को दो-तीन महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। उनके संज्ञान में बात आते ही उन्होंने इसे गंभीरता से लिया है। सभी सफाई कर्मचारियों को अविलंब मानदेय भुगतान करने का आदेश आउटसोर्सिंग को दिया गया है।

उन्होंने बताया कि एग्रीमेंट में ही करार है कि भुगतान में विलंब होने पर भी महीने के पहले सप्ताह में हर हाल में कर्मियों को आउटसोर्सिंग की ओर से मानदेय भुगतान किया जाएगा।


## शराब के नशे में पुलिसकर्मी का ड्रामा



**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी है। इसके बावजूद भी डॉक्टर्स कॉलोनी के गोलंबर पर एक ट्रैफिक पुलिस का जवान नशे की हालत में नजर आ रहा है। आने-जाने वाले लोगों के सामने नशे में धुत जवान कभी हाथ जोड़ता है, तो कभी लड़खड़ाते हुए सड़क पर गिर पड़ता है। इस दौरान वहां से होकर गुजरने वाले लोगों के बीच हंसी का पात्र बनते रहा। इस दौरान झोपड़पट्टी के रहने वाले लोग उसके साथ धक्का-मुक्की भी करते नजर आए। डॉक्टर्स कॉलोनी मोड़ के पास के रहने वाले मुन्ना कुमार ने बताया कि बीते 4 दिनों से यह ट्रैफिक जवान ऐसा कर रहे हैं। ट्रैफिक के जवान से नाम-पता पूछने पर उसने लड़खड़ाते हुए बताया कि नाम महेंद्र चौहान है, नवादा के रहने वाले हैं। जब जवान से पूछा गया कि शराब कहां से मिली तो उसने कहा कि आस-पास से। इतना कहते हुए वो लड़खड़ाने लगा और ना सर..जी सर.. करने लगा। वह कैमरे पर हाथ जोड़ने लगा।डॉक्टर्स कॉलोनी के चौराहे पर मेट्रो का काम हो रहा है। दूसरी तरह झोपड़पट्टी है। कॉर्नर पर सुधा पार्लर है। यह ड्रामा घंटों चलता रहा।

## अपराधियों ने एक डॉक्टर की गोली मार हत्या कर दी



**एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने एक डॉक्टर की गोली मार हत्या कर दी है। सीने में 4 बुलेट लगने से मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट चुकी है। आसपास के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा। घटना गुरुवार रात 10 बजे के करीब की घटना है। मृतक की पहचान मीनापुर थाना क्षेत्र के मोथहा धर्मपुर निवासी जय मंगल राय के 50 साल के बेटे डॉ. सुनील कुमार उर्फ श्याम कुमार के रूप में हुई है। वो फिजिशियन थे। जो धर्मपुर चौक स्थित अपने क्लीनिक से घर लौट रहे थे। मामला अहियापुर थाना क्षेत्र का है। हत्या की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।लोगों ने बताया कि घर लौटने के दौरान रास्ते में अहियापुर थाना क्षेत्र के झपहा में अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। वे बेसुध होकर मौके पर गिर गए। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगो की भीड़ मौके पर जुट गई। जानकारी अहियापुर पुलिस को दी गई। सूचना पर अहियापुर थाना अध्यक्ष रोहन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। हत्या के बाद लोगों का गुस्सा देखने को मिला। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत करवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। डॉ. सुनील को दो बेटे और एक बेटी है। उनके पिता की मृत्यु को चुकी है।

## तेजस्वी के नेतृत्व में पीएम मोदी की प्रचार गाड़ी तोड़ी



**बेगूसराय ।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव पर जन विश्वास यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी की प्रचार गाड़ी तोड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बांका में या कहीं भी तेजस्वी यादव कार्यकताओं की भीड़ को कुचलते हुए निकलते हैं। यह कोई नई बात नहीं है।

उन्होंने कहा कि बेगूसराय में भी पीएम मोदी के प्रचार वाहन को तेजस्वी यादव के नेतृत्व में क्षतिग्रस्त किया गया। अगर नरेंद्र मोदी के प्रचार वाहन को क्षतिग्रस्त किया गया तो फिर बांका हो या भागलपुर हो, कहीं भी वह सत्ता के मद में कुछ भी कर सकते हैं। गिरिराज ने कहा कि तेजस्वी की सत्ता तो चली गई, लेकिन सत्ता का मद नहीं गया है। अगर वह फिर सत्ता में आ जाते तो बिहार में जंगलराज-2 होता या 3, इसका कोई अनुमान नहीं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को या फिर किसी को कुचलना और फिर दूसरे राजनीतिक दल के प्रचार गाड़ी को क्षतिग्रस्त करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

दरअसल, गुरुवार को तेजस्वी की जन विश्वास यात्रा बेगूसराय शहर की ओर आ रहा था। इसी दौरान पीएम मोदी के कार्यक्रम की प्रचार गाड़ी भी वहां पहुंच गई। इसके बाद राजद कार्यकताओं ने उस गाड़ी पर हमला कर दिया और जमकर तोड़फोड़ की।गाड़ी में लगे स्पीकर, बीजेपी के फ्लैक्स बैनर तोड़ दिए गए। बीजेपी के झंडे भी फाड़ दिए गए। इसे लेकर थोड़ी देर तनाव की स्थिति बनी रही। हालांकि, हालात और बिगड़ते इससे पहले मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति काबू में कर लिया। इसी प्रचार गाड़ी को तोड़े जाने को लेकर गिरिराज सिंह ने आज तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। बता दें कि पीएम मोदी कल बेगूसराय में जनसभा करेंगे। इसे लेकर गिरिराज सिंह लगातार कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जब बीजेपी की सरकार बनेगी तो वहां राम राज्य होगा।

## रिश्वत लेते अधिप्राप्ति मैनेजर गिरफ्तार



**भागलपुर ।** निगरानी टीम ने भ्रष्टाचार के आरोप में अधिप्राप्ति मैनेजर शहीद राजा को एक लाख पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। परिवादी अलौली हरिपुर खगड़िया का रहने वाला परमानंद भगत का पुत्र संतोष कुमार ने इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को की थी। निगरानी टीम ने एक टीम गठित कर इसका सत्यापन किया और अधिप्राप्ती मैनेजर शहीद राजा को 1 लाख 5 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। खगड़िया अलौली निवासी संतोष कुमार राइस मिल का संचालक है। वह हाईटेक एग्रो एंड उड़ान इंटरनेशनल के नाम से यह फार्म चलाता है। इस राइस मिल से चावल तैयार कर बिहार राज्य खाद निगम क्रिया स्थित गोदाम में भेजा करता है। इसी बाबत शहीद राजा द्वारा प्रति ट्रक गिराने के हिसाब से 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जाती थी। आगे भी कई बातें तय हुई थी। लेकिन अभी डेढ़ लाख रुपए संचालक से मांगा गया था, जिसकी शिकायत निगरानी टीम से की गई और अधिकारी रंगे हाथों पकड़े गए।

## संक्षिप्त डायरी

### खाते सीज करने का प्रभाव सीनेट बैठक पर पड़ेगा




**भागलपुर।** बिहार में शिक्षा विभाग और राजभवन आमने-सामने है। बुधवार को शिक्षा विभाग की बैठक में बिहार के किसी भी विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल नहीं हुए तो शिक्षा विभाग ने बिहार के तमाम कुलपति और कुलसचिवों के वेतन पर रोक लगा दी। बुधवार को शिक्षा विभाग की ओर से बैठक आयोजित हुई थी। सभी कुलपति को राज्यपाल सह कुलाधिपति की तरफ से नहीं जाने के आदेश मिलने पर बैठक में किसी भी विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल नहीं हुए। जिसके बाद शिक्षा विभाग ने वेतन पर ही रोक लगा दी। जिसमें भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति भी शामिल हैं।कुलपति प्रोफेसर जवाहरलाल ने कहा कि राज्यपाल सचिवालय से पहले ही ऑर्डर मिल चुका थी कि इस मीटिंग में शामिल नहीं होना है। शिक्षा विभाग की तरफ से फोन कर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को पूछा भी था कि क्यों नहीं आए? तो हमने पत्र का हवाला देकर कहा कि इस मीटिंग में जाने का ऑर्डर नहीं मिला है। ऑर्डर नहीं मिला तो हम लोग नहीं गए। फिर उन लोगों ने हमारा वेतन बंद कर दिया। अकाउंट को सीज कर दिया। सभी विश्वविद्यालय के कुलपति के वेतन पर रोक लगा दी। दो दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है। सभी खातों के संचालन पर रोक लगा दी है। ना सिर्फ तिलकामांझी विश्वविद्यालय सीनेट की तैयारी में जुटा हुआ है बल्कि बिहार के पांच और विश्वविद्यालय तैयारी में जुटा है। सीनेट मीटिंग की डेट फिक्स हो गई है इस मीटिंग में कई गणमान्य लोग पहुंचते हैं। लाखों रुपए खर्च होती है ऐसे में अकाउंट को सीज कर दिया गया है। इसका असर जरूर दिखेगा।

### विधायक गोपाल मंडल के बेटे ने दरगाह में लगाई हाजरी



**भागलपुर।** भागलपुर बिहपुर का मांगन शाह दरगाह पर हिंदू मुस्लिम एक साथ एक-दूसरे के लिए दुआ मांगते हैं ,यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है। इसी कड़ी में आज मांगन शाह दरगाह में जदयू के विधायक गोपाल मंडल के बेटे आशीष मंडल ने माथा टेका और चादर चढ़ाई। कई किलोमीटर तक आशीष मंडल ने अपने माथे पर चादर रखकर फरियाद लगाय। इस दौरान आशीष मंडल ने कहा कि इस बार 2024 का चुनाव एनडीए के खाते में जाए और भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाइटेड पूरी एनडीए सरकार भारी बहुमत से जीते और फिर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। इसके लिए दुआ मांगी। विधायक के बेटे ने कहा कि मांगन शाह दरगाह में मेरी काफी आस्था है, मैं दरगाह में माथा टेकने और चादर चढ़ाने के बाद ऊपर वाले से बस यही मांगा हूं कि हमारा राज्य बिहार और भारतवर्ष सुखी संपन्न और खुशहाल रहे। फिर से एनडीए की सरकार भारी बहुमत से बने।

### फूल की खेती कर 10 लाख की सालाना कमाई



**गोपालगंज।** जिले के सदर प्रखंड के एकडेरवा गांव निवासी एक किसान पिछले 20 वर्षों से फूल की खेती कर सफल किसानों के श्रेणी में शमिल हुआ है। एक साल में चार बार फूल का उत्पादन कर करीब दस लाख की कमाई कर मालामाल हो रहे हैं। शुरूआती दिनों में हुई परेशानी को दरकिनार कर आज ये सफलता के नई इबारत लिख रहें है। इनके द्वारा की गई फूल की खेती को देख अन्य किसान भी प्रेरित हो रहें है। दरअसल बदलते जमाने के साथ अब खेती-किसानी में भी बदलाव के कई रंग दिखने लगे हैं। खाद्य फसलों के अलावा अब इलाके के किसान गेंदा समेत अन्य फूलों की खेती को कम लागत में अधिक कमाई का जरिया बना रहे हैं। गेंदा फूलों की सुंदरता व सुगंध से खेत तो गुलजार हो ही रहे हैं, साथ ही किसानों की आमदनी भी बढ़ रही है।शादी-विवाह व अन्य अवसरों पर सजावट के लिए गेंदा फूलों की बढ़ती मांग को देखते हुए कई किसान अपने खेतों में बड़े पैमाने पर गेंदा फूल का उत्पादन शुरू कर दिया है। इन्ही किसानों में एक नाम जुड़ता है जिले के सदर प्रखंड के एकडेरवा गांव निवासी स्व रामाश्रय माली के बेटा अगस्त माली की। अगस्त माली गेंदा समेत कई फूलों की खेती कर सफलता की नई इबारत लिखी है।20 वर्षों की लगन और मेहनत के बल पर वे जिले क सफल किसानों में शामिल हो गए हैं। फूलों की खेती से वे सालाना दस लाख रुपये की कमाई करते हैं। अगस्त माली बताते हैं कि शुरूआती दौर में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा,।

## जन विश्वास महारैली को सफल बनाने में जुटी आरजेडी



**पटना ।** आरजेडी ने गांधी मैदान में तीन मार्च को आयोजित होने वाली जन विश्वास महारैली की तैयारी तेज कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने पार्टी नेताओं और विभिन्न समितियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने तैयारियों की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। रैली को लेकर कई समितियां बनाई गई है प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि जन विश्वास महारैली को लेकर समितियां बनाई है। गांधी मैदान व्यवस्था समिति, मंच व्यवस्था समिति, मीडिया समिति, आवास समिति, भोजन समिति, प्रचार-प्रसार समिति, सूचना प्रसारण समिति, जल व प्रसाधन समिति, झंडा-बैनर समिति तैयारियों में जुटी हुई है। जन विश्वास महारैली के प्रचार-प्रसार के लिए पटना महानगर युवा राजद के अध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में प्रचार रथ को प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने रवाना किया। इस मौके पर प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद , पूर्व विधायक डॉ. अनवर आलम मौजूद रहे। प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि पटना के शहरी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के जरिए रैली को सफल बनाने की अपील की जा रही है।

## नीतीश के जन्मदिन पर स्पीकर का शायराना अंदाज

### बोले-ये तो एक रस्म है जो अदा होती है; वरना सूरज की कहां सालगिरह होती है





**एजेंसी**

**पटना ।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र का आज आखिरी दिन है। मुख्यमंत्री के 73वें जन्मदिन पर पूर्व डिप्टी सीएम, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत बाकी विधायकों ने बधाई दी। सदन में स्पीकर का शायराना अंदाज देखने को मिला। उन्होंने नीतीश को बधाई देते हुए कहा कि ये तो एक रस्म है जो अदा होती है...वरना सूरज की कहां सालगिरह होती है। इस पर भाई बीरेंद्र ने सदन में कहा कि मुख्यमंत्री जी को बधाई, लेकिन गलत संगत में ना रहे मुख्यमंत्री जी। शुक्रवार को प्रश्न काल के अलावा केवल गैर सरकारी संकल्प लिए गए। प्रश्नकाल में जहां स्वास्थ्य, योजना, विकास, ऊर्जा और संसदीय कार्य विभाग से सवाल पूछे गए। वहीं गैर सरकारी संकल्प में 106 मुद्दों को उठाया गया। ये 17वीं विधानसभा में पहला सेशन जिसका प्रश्न काल बिना बाधित हुए चला। एक बार भी प्रश्नकाल स्थगित नहीं हुआ।इस बार का बजट सत्र सबसे छोटा रहा। अभी तक औसतन एक महीने तक चलने वाला बजट सत्र इस बार मात्र 12 दिन का ही रहा। उसमें भी एक दिन सदन के स्पीकर के निर्वाचन के लिए निर्धारित किया गया था। इस हिसाब से देखें तो बजट संबंधी कार्य 11 दिन ही हुए।विधान परिषद पोर्टिको में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के नेतृत्व में अपराध भ्रष्टाचार और नए कानून के खिलाफ राजद ने प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने बीजेपी पर विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगॉया। प्रदर्शन के दौरान राबड़ी देवी ने भी सीएम नीतीश को जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आने के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि हम मांग करते हैं कि बिहार जैसे राज्य को विशेष राज्य का दर्जा वो दें, लेकिन जब तक उनकी सरकार रहेगी, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। बीजेपी के 400 सीट लाने के दावे पर उन्होंने कहा कि वे लोग फेका-फेकाऊल बात करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि 3 मार्च को रैली नहीं रैला का आयोजन हो रहा है। उसमें सारे लोग आ रहे हैं।बिहार विधान परिषद में एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने सीएम नीतीश को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि आज आपका जन्मदिन है हम कोटि-कोटि बधाई देते हैं, आप हमेशा स्वस्थ रहें, कामना करते हैं 100 वर्षों की आपकी आयु हो। इसके बाद उन्होंने कहा कि छल प्रपंचों से आप बच कर रहें। आपकी छवि बेदाग रहे। सत्ता के भूखे लोगों से बचकर रहें। सुनील सिंह ने कहा कि ये लोग गांधी के नहीं हुए तो नीतीश कुमार के क्या होंगे। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार की तुलना भगवान शंकर से की।

सुनील सिंह ने आगे कहा कि मुझ जैसे सुदामा के लिए पटना में रहने के लिए फ्लैट नहीं है फ्लैट की व्यवस्था करवा दें। इस पर तंज कसते हुए शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि भगवान करे बिहार के सारे गरीब सुनील कुमार सिंह की तरह हो जाए।बजट सत्र के दौरान कई हैपनिंग बिहार विधानसभा के इतिहास में पहली बार हुई।

# बागियों पर कार्रवाई


हिमाचल प्रदेश में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा दलबदल कानून के तहत सत्तारूढ़ कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले ने इस कानून की प्रासंगिकता को एक बार फिर रेखांकित किया है। गौरतलब है, ये विधायक पार्टी व्हिप के खिलाफ वोट करने के दोषी करार पाए गए थे। स्पीकर के इस फैसले से राज्य सरकार की स्थिरता पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ने जा रहा, शायद इसीलिए कांग्रेस ने इतना सख्त फैसला भी किया है। दरअसल, बहुमत में रहते हुए राज्यसभा चुनाव में मिली शर्मनाक पराजय से पार्टी की भारी किरकिरी तो हुई ही, राज्य की सुक्खू सरकार का भविष्य भी संकट में दिखने लगा था, क्योंकि सरकार के एक मंत्री विक्रमादित्य सिंह का असंतोष भी सामने आ गया था। ऐसे में, लाजिम ही पार्टी की पहली प्राथमिकता सरकार की स्थिरता सुनिश्चित करने की थी। डीके शिवकुमार और भूपेंद्र हुडा जैसे अनुभवी नेताओं को उतारने से ही साफ हो गया था कि शिमला में हालात ठीक नहीं हैं। ऐसे में, सियायी जुगत से एक तरफ बजट पारित कराकर सरकार के लिए कुछ वक्त जुटाया गया, तो नाराज वीरभद्र परिवार का भी मान-मनुहार किया गया। उसके बाद बागियों के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति अपनाई गई। वैसे तो आम चुनाव के आस-पास विधायकों, सांसदों और नेताओं के पाला बदलने की एक पुरानी परंपरा रही है। मगर संसदीय लोकतंत्र में विधायी पदों पर बैठे लोगों को यह छूट कतई नहीं मिलनी चाहिए कि वे अपने राजनीतिक हितों या दूसरे स्वार्थों को साधने के लिए जनादेश से खिलवाड़ करें। ये विधायक जिस पार्टी के चुनाव-चिह्न पर विधानसभा पहुंचे थे, उसके साथ विश्वासघात करने से पहले इन्होंने क्या अपने मतदाताओं को भरोसे में लिया था? यह सिर्फ पार्टी ही नहीं, मतदाताओं के साथ भी धोखा है। दुनिया में कोई भी लोकतंत्र या राजनीतिक दल अनुशासन के बगैर कामयाब नहीं हो सकता। इसलिए, कांग्रेस की सख्ती समझी जा सकती है। पार्टी ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव से भी पाला बदलने वाले अपने दो विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग करने में जो तत्परता दिखाई है, वह भी एक संकेत है कि अनुशासनहीनता को लेकर अब वह अधिक गंभीर है। हिमाचल के बागियों के आचरण को एक तरफ रख दें, तो प्रदेश की पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जो बातें कही हैं, वे कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल खडे.करती हैं। बकौल प्रतिभा, आलाकमान तक पार्टी विधायकों ने महीनों पहले अपनी कुछ शिकायतें रखीं थीं, मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। यह दौर जैसी आक्रामक राजनीति का है, इसमें कोई भी प्रांतीय व केंद्रीय नेतृत्व अपने प्रतिनिधियों की शिकायतों को नजरंदाज करके जोखिम ही उठाएगा। मगर इतनी चुनावी पराजयों के बाद भी यदि कांग्रेस नेतृत्व अब तक ऐसा तंत्र विकसित नहीं कर पाया है, जहां से विधायक और वरिष्ठ नेता संतोषजनक समाधान पा सकें, तो हिमाचल जैसे संकट कब तक टल सकेंगे? इसमें कोई दोराय नहीं कि इन दिनों हमारे राजनीतिक वर्ग में अवसरवादिता जिस चरम पर है, उसमें किसी भी प्रदेश में प्रतिपक्षी दलों के लिए अपने किले को बचाकर रखना खासी चुनौतीपूर्ण हो चला है।

# जीवन और आजीविका

अपने किस्म की पहली पुष्टि में, सरकार ने यह माना है कि रूसी सेना ने भारतीयों को भर्ती किया है और उन्हें यूक्रेनी सीमा के भीतर अब रूसी नियंत्रण वाले इलाके में तैनात किया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि चंद भारतीय नागरिकों ने सैन्य हेल्पर व लोडर के रूप में सपोर्ट जॉब के लिए योगदान दिया था और इस किस्मों की चीजों को सरकार सक्रियतापूर्वक हतोत्साहित करती है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास ने उनकी समय-पूर्व कार्यमुक्ति के लिए रूस पर दबाव डाला है, और परिवारों के उन आरोपों से इनकार किया कि भारतीय अधिकारियों ने उचित प्रतिक्रिया नहीं दिखायी। मोटे पैसे वाली नौकरियों का वादा करने वाले ऑनलाइन विज्ञापनों व बिचौलियों द्वारा ललचाये गये दर्जनों भारतीयों के युद्ध में शामिल होने के सबूत के बावजूद, सरकार ने कोई बयान नहीं दिया। उसने मुंह तभी खोला जब द हिंदू में रिपोर्टों की एक श्रृंखला प्रकाशित हुई, जिसमें सूरत से वहां गये एक आदमी के यूक्रेनी ड्रोन-संचालित मिसाइल की चपेट में आकर मारे जाने की खबर भी शामिल थी। समस्या को अगर जल्दी स्वीकार कर लिया जाता और झांसा देने वालों के खिलाफ ज्यादा जागरूकता अभियान चलाये जाते, तो शायद दूसरे लोग ऐसे नौकरियों में योगदान देने और नुकसान उठाने से बच जाते। सरकार को उन बेईमान भर्ती-करनेवालों के नेटवर्क के खिलाफ भी छानबीन करनी चाहिए जो काम की प्रकृति को पूरी तरह समझाये बिना, विदेश में नौकरी तलाश रहे भारतीयों से मोटी फीस वसूलते हैं। सच्चाई यह है कि युद्ध क्षेत्र में चाकर की अपनी भूमिका का पता चलने के बावजूद, उनके पास बहुत कम विकल्प होते हैं। नौकरी के लिए परिवार की जमापूंजी खर्च कर चुके या कर्ज ले चुके ये लोग लगाई गई राशि में से कुछ वापस कमाये बिना लौट नहीं सकते। सरकार को 18 ह्यआव्रजन जांच आवश्यकह्न (ईसीआर) देशों की सूची अपडेट करते हुए, संघर्ष में फंसे देशों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा कर रहे भारतीयों के अनुबंधों को ज्यादा गहनता से जांचा जाए, उन्हें बेहतर सलाह दी जाए और उन्हें सुरक्षा भी मुहैया करायी जाए। यह देखते हुए कि नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश भी इसी तरह के मसलों का सामना रहे हैं, गैर-महफूज रोजगार के अवसरों की मार्केटिंग करने वाले नेटवर्कों को ध्वस्त करने में ज्यादा क्षेत्रीय सहयोग मिल सकता है।

# आतंकवाद के मुद्दे पर अमेरिका और भारत साथ-साथ

ANALYSIS



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**आतंक किसी भी तरह का हो उसका समाप्त होना आवश्यक है, यही इन दोनों देशों की नीति रही है। इसलिए तमाम विरोधाभासों के बीच भी यह दोनों देश आतंक के मुद्दे पर बार-बार मिलते हैं और इसके संपूर्ण समापन के लिए मिलजुल कर प्रभावी योजनाएं बनाकर रणनीतिक तौर पर परिणामकारी कार्य करते रहे हैं। वस्तुतः हाल ही में हुई इस विषय से संबंधित दोनों देशों की बैठक, होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) ने फिर एक बार साफ कर दिया है कि आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर क्राइम, संगठित अपराध और ड्रग्स ट्रैफिकिंग समेत सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर भारत और अमेरिका एक तरह से ही सोचते हैं। दोनों ही देशों ने फिर एक बार आतंकवादियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने की क्षमता को बाधित करने की दिशा में उपायों पर चर्चा की है । इनका दुनिया के सभी देशों से कहना है कि वे तत्काल ऐसे अपरिवर्तनीय कदम उठाएं जिससे यह सुनिश्चित हो कि उनके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादी हमलों के लिए नहीं किया जाएगा।**

भारत और अमेरिका के आपसी संबंध समय-समय पर कभी बहुत मधुर और कभी अत्यधिक गर्म होने के साथ ही विरोधाभासी दिखाई देते रहे हैं। किंतु इसके बावजूद एक स्थिति है जो कभी नहीं बदली, वह है आतंक के मुद्दे पर दोनों देशों का समान दृष्टिकोण। दोनों देश, भारत-अमेरिका ने आतंक से अब तक कोई समझौता नहीं किया है। आतंक किसी भी तरह का हो उसका समाप्त होना आवश्यक है, यही इन दोनों देशों की नीति रही है। इसलिए तमाम विरोधाभासों के बीच भी यह दोनों देश आतंक के मुद्दे पर बार-बार मिलते हैं और इसके संपूर्ण समापन के लिए मिलजुल कर प्रभावी योजनाएं बनाकर रणनीतिक तौर पर परिणामकारी कार्य करते रहे हैं। वस्तुतः हाल ही में हुई इस विषय से संबंधित दोनों देशों की बैठक, होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) ने फिर एक बार साफ कर दिया है कि आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर क्राइम, संगठित अपराध और ड्रग्स ट्रैफिकिंग समेत सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों को लेकर भारत और अमेरिका एक तरह से ही सोचते हैं। दोनों ही देशों ने फिर एक बार आतंकवादियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने की क्षमता को बाधित करने की दिशा में उपायों पर चर्चा की है । इनका दुनिया के सभी देशों से कहना है कि वे तत्काल ऐसे अपरिवर्तनीय कदम उठाएं जिससे यह सुनिश्चित हो कि उनके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादी हमलों के लिए नहीं किया जाएगा । मीटिंग में दोनों देशों के बीच आंतरिक सुरक्षा संवाद, सहयोग के साथ ही खुफिया जानकारी साझा करने पर भी बात हुई है। आज जब देश की राजधानी दिल्ली में भारत की तरफ



से केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिका से होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की कार्यवाहक उप-सचिव क्रिस्टी केनेगेलो और इनके प्रतिनिधिमंडल आपस में मिले हैं, तब फिर से आतंकवाद से जुड़े कई विषयों पर समान रूप से सहमति बनती दिखाई दी है। दोनों पक्षों ने आतंकवादी वित्तपोषण का मुकाबला करने, नार्को-तस्करी और आतंकवाद से इसके जुड़ाव, संगठित अपराध और टेरर फंडिंग, कट्टरता को रोकने और उसका मुकाबला करने, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग, मानव रहित एरियल सिस्टम, वर्चुअल एसेट्स और डार्क वेब और उभरती प्रौद्योगिकियों का आतंकवादी उद्देश्यों के लिए उपयोग समेत आतंकवाद रोधी चुनौतियों पर जोर देने पर गहरा विचार-विमर्श हुआ है। यहां अमेरिका से भारत ने संगठित अपराध और टेरर फंडिंग के मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं । मीटिंग में भारत की तरफ से अमेरिका की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ न हो और खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों पर अमेरिका पूरी निगरानी रखने के साथ उनकी रोकथाम करने का उपाय भी करे, इसके लिए भी कहा गया है । भारत से साक्ष्यों के साथ अमेरिका का आज यह बताया है कि कैसे यूएस में बैठे कुछ खालिस्तानी समर्थक भारत में अलगाववाद तत्वों को वित्तीय और अन्य तरह से मदद मुहैया करा रहे हैं। जिसे तत्काल रोके जाने पर भारत का जोर है । इसमें कुल मिलाकर भारतीय पक्ष ने खालिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे पर अपना रुख पूरी तरह से अमेरिका के समक्ष स्पष्ट कर दिया है। बातचीत के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी और सुरक्षा क्षेत्रों में चल रहे सहयोग की समीक्षा की है। साथ ही आज द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए, दोनों पक्षों ने अमेरिकी संघीय कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण केंद्र और भारत के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के बीच कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण पर सहयोग के एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं । इसके साथ ही आगे के लिए यह तय हो गया है कि भारत और अमेकिरा दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी होमलैंड सुरक्षा वार्ता के अगले दौर के लिए आगे वाशिंगटन डीसी में मिलेंगे और इस बात की समीक्षा करेंगे कि हमने संयुक्त रूप से मिलकर जो लक्ष्य आतंकवाद के खिलाफ तय किया था, उसमें कितनी सफलता पाई है। इससे पहले पिछले जब पिछले साल दिसंबर में अमेरिकी सिक्योरिटी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे का भारत आना हुआ था, तब भी इसी प्रकार से भारत-अमेरिका ने आतंक के विषय पर एक समान नीति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया था । साथ ही इससे पहले विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी संगठनों से उत्पन्न खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और अल-कायदा, आईएसआईएस-दाएश, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अल बदर जैसे आतंकवादी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया गया था। आज यह ठोस और परिणामकारी भारतीय विदेश नीति का ही असर है जो अमेरिका ने अपनी अधिकारिक सरकारी वेबसाइट स्टेट डॉट जीओवी के माध्यम से आतंकवाद के विषय में भारत-अमेरिका द्वारा लिए गए निर्णयों को बहुत विस्तार से सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया है । जिसमें उसने साफ कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से अत्यधिक प्रभावित रहा है। भारत ना सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में बल्कि भू-रणनीतिक एवं अन्य सुरक्षा संबंधी विषयों में भी सदैव अमेरिका का अहम साझेदार रहा है और रहेगा। हम भारत द्वारा उसके लोकतांत्रिक मूल्यों और नियमों के संदर्भ में आतंकवाद से निपटने के तौर-तरीकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही यहां पर एक आतंकवाद से निपटने के लिए अमेरिका-भारत का संयुक्त घोषणा पत्र भी पढ़ने को मिलता है। जिसमें साफ कहा गया है कि आतंकवाद, जो वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गहरा खतरा है, का मुकाबला करने और लोकतंत्र, न्याय और कानून के शासन के हमारे सामान्य मूल्यों को बनाए रखने के लिए भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता एक दूसरे के साथ परस्पर स्पष्ट है । अल-कायदा और उसके सहयोगियों, लश्कर-ए-तैयब्बा, जैश-ए-मोहम्मद, डी कंपनी और हक्कानी नेटवर्क और अन्य क्षेत्रीय समूहों जैसी संस्थाओं द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए आज दोनों ही देश मिलकर कार्य करने के लिए संकल्पित हैं। साथ ही यहां पर भारत में हुए सभी आतंकवादी हमलों एवं आर्थिक रूप से किए गए हमलों की भी निंदा की गई है और भविष्य में इस प्रकार की हमलों को कैसे रोका जा सकता है इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जाने पर बल दिया गया है। कहना होगा कि इस वक्त जो भारतीय विदेश नीति कार्य कर रही है, उसका ही आज यह परिणाम है कि दुनिया के तमाम देशों के साथ भारत के मधुर संबंध बने हैं और बन रहे हैं सामाजिक, सांस्कृतिक या आर्थिक ट्रेड हो, सभी में भारतीय प्रभावी भूमिका में नजर आ रहे हैं । आतंकवाद को रोकने के संदर्भ में भी यही बात यहां लागू हो रही है। जिस तरह से आज भारत और अमेरिका आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, वह न सिर्फ भारत या अमेरिका के हित में है, बल्कि पूरी मानव जाति के हित में है। आज विदेश मंत्रालय बता भी रहा है कि अमेरिका ने आतंकवाद का मुकाबला करने के वैश्विक प्रयासों में भारत के नेतृत्व की सराहना की है । वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) आतंकवाद रोधी समिति की एक विशेष बैठक की भारत द्वारा मेजबानी किए जाने की सराहना कर रहा है । इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ते भारत की अमेरिका द्वारा की जा रही प्रशंसा आज यह बताने के लिए पर्याप्त है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार सभी नीतिगत निर्णयों के मामले में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। आज इतना अच्छा कार्य हो रहा है कि दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ता हुआ हर भारतीय को साफ दिखाई देता है।

**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

# अपने बुजुर्गों की भी चिंता करे सरकार

लगभग हर वर्ष स्विट्जरलैंड जाती हूं। वहां अनेक ऐसी बातों पर नजर पड़ती है जो अपने देश से अलग हैं। इस बार मेरा खास ध्यान बुजुर्गों की तरफ गया। एक सवेरे मैं घूमने जा रही थी। सामने बर्फ से लदी चोटियां थीं। पेड़ भी जैसे बर्फ के ही वस्त्र पहने थे। सड़कें गीली थीं और वातावरण में नमी थी। तभी पास से एक महिला तेजी से दौड़ती निकल गयी। चेहरे हाथ-पैरों पर ढेर सारी झुर्रियां। उसके साथ उसका कुत्ता भी था। यहां लोग स्वस्थ रहने के लिए खूब दौड़ते हैं। साथ चलती मेरी बहू ने कहा- देखा, कैसे दौड़ रही हैं। आपको क्या लगता है कि कितनी उम्र होगी। मैं अनुमान नहीं कर सकी। उसने कहा कम से कम अस्सी की होगी। अस्सी की उम्र में इतनी तेज दौड़। उसने कहा- यह तो कुछ भी नहीं। यहां तो नब्बे-नब्बे वर्ष के लोग भी ऐसे ही दौड़ते हैं। स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता में है। एक दिन मैं मॉल गयी। वहां एक बेहद बुजुर्ग सज्जन अपनी पसंद का सामान ट्रॉली में ढो रहे थे। हमारे यहां तो पचास की उम्र आते-आते व्यक्ति को बताया जाने लगता है कि अब तो उसकी जिंदगी गयी। जबकि पचास की उम्र में यहां लोग समझते हैं कि अब तो जिंदगी शुरू हुई।

वहां बीमार पड़ी तो एक दिन डॉक्टर के यहां जाना पड़ा। डॉक्टर के पास जाने के क्रम में एक बहुत बूढ़ी महिला को देखा जिसके एक पांव में जूता और दूसरे में नीले रंग का पालिथीन बंधा हुआ था। वह भी एक सामान ढोने वाली ट्रॉली के सहारे चल रही थी। हम आगे बढ़ते डॉक्टर के क्लीनिक में चले गये। थोड़ी देर बाद वही महिला आ पहुंची। मगर वह खड़ी रही, बैठी नहीं। बैठने में उसे दिक्कत थी। यहां कई बुजुर्ग स्त्री-पुरुष डॉक्टर के पास आये थे, मगर बात-बात पर हंसते थे। डॉक्टर के पास से भी मुस्कुराते हुए बाहर निकलते थे। आखिर उन्हें अपनी बीमारी की कोई चिंता क्यों नहीं थी। शायद वे समझते होंगे कि वे डॉक्टर के पास आ गये हैं, तो उनकी बीमारी की देखभाल की



चिंता भी डॉक्टर ही कर लेगा। उनके साथ कोई भी परिवारजन नहीं था। ऐसी ही एक महिला से अस्पताल में रहने के दौरान मुलाकात हुई थी। वह निपट अकेली थी। कोई उससे मिलने नहीं आता था। पर यहां अस्पताल की व्यवस्था इतनी अच्छी है कि घर के किसी व्यक्ति की देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती। इस महिला के पास नर्स, डॉक्टर कोई भी आये, खूब खिल-खिलाकर हंसती थी। उसने अपनी बिल्ली का एक फोटो लगाया हुआ था और वह अस्पताल से इसलिए जल्दी से जल्दी जाना चाहती थी कि पता नहीं उसकी बिल्ली किस हाल में होगी। इस महिला को ढेर सारी बीमारियां थीं। उम्र भी अस्सी-पचासी से कम नहीं होगी, पर उसकी हंसी हमेशा हवा में तैरती रहती थी। यहां के बुजुर्ग निपट अकेले रहते हैं। बच्चे आते भी हैं, तो कभी-कभी, मेहमान बनकर। माता-पिता बीमार होने पर अक्सर अकेले ही अस्पतालों तक आते हैं। इसके लिए हमेशा एंबुलेंस तैयार रहती है। घर जाने के बाद भी अस्पताल से लोग इनकी देखभाल करने आते रहते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि सरकार उनकी देखभाल करती है। उनके जीवन के अधिकार की रक्षा करती है। जीवनभर सरकारों को जो उन्होंने टैक्स दिया है, उसका भरपूर लाभ उन्हें मिलता है। जबकि भारत में शायद ही ऐसी कोई सुविधा मौजूद है। बुजुर्ग अक्सर बच्चों के भरोसे रहते हैं और न जाने कितनी बार वे भी बिल्कुल अकेले होते हैं। टैक्स तो हम लोग भी देते हैं, पर सरकारों को हमारी शायद ही कोई चिंता होती हो। मान लिया गया है कि अगर आप बूढ़े हो गये हैं, तो आपकी सारी जिम्मेदारी बच्चों की या आपकी स्वयं की है। हमारे यहां बुजुर्गों की जनसंख्या दस करोड़ के आसपास है। जल्दी ही यह पंद्रह करोड़ पहुंचने वाली है। इतनी बड़ी जनसंख्या का वोट तो हर दल को चाहिए, पर उनकी चिंता करने वाला कोई नहीं।

परिवारों के बिखराव ने बुजुर्गों के अकेलेपन को और बढ़ाया है। वे अक्सर अवसाद का शिकार भी हो जाते हैं। बहुत बार उन्हें वृद्धाश्रमों में शरण लेनी पड़ती है। पर वृद्धाश्रमों की संख्या भी इतनी कम है कि इतनी बड़ी संख्या वहां नहीं रह सकती। वृद्धाश्रम स्विट्जरलैंड में भी हैं, पर वे किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। वहां उनकी पूरी देखभाल होती है। यदि वे चल-फिर नहीं सकते, तो उन्हें बाकायदा व्हील चेयर पर बिठाकर घुमाने ले जाया जाता है। समय-समय पर उन्हें चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उनके खाने-पीने और पौष्टिक आहार का पूरा प्रबंध किया जाता है। वहां के बुजुर्गों की हालत देखकर लगता है कि जो लोग अपनी संस्कृति पर इतना घमंड करते हैं, जैसे कि हम, वे अपने बुजुर्गों को इस तरह अकेला क्यों छोड़ देते हैं। वहां के बुजुर्गों को देखकर मन में बड़ी खुशी होती है कि उम्र के किसी भी मोड़ पर समाज और सरकारें उन्हें अकेला नहीं छोड़तीं। क्या हम भी ऐसा कर सकते हैं। जब हम बुजुर्गों को देवता स्वरूप कहते हैं, तो कम से कम उनके मनुष्य होने के बुनियादी अधिकारों को तो बचाएं। ताकि जीवन की संध्या में भी वे जीवन को जी सकें।

## Social Media Corner

सच के हक में...

देशभर के हमारे आदिवासी भाई-बहनों की सेवा और उनका कल्याण भाजपा की कार्य-संस्कृति का हिस्सा है। बीते 10 वर्षों में जनजातीय समुदायों का अभूतपूर्व विकास हुआ है।



**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना में पांच लाख तक के आवेदनों को स्वीकृत करने का अधिकार जिला स्तर पर सिविल सर्जन को दे दिया है। इस निर्णय से असाध्य रोगों के मरीजों के इलाज की प्रक्रिया तेज होगी। पांच लाख से ज्यादा राशि की स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग करेगा।



**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

अबुआ आवास योजना के नाम पर गरीब आदिवासी भाई बहनों से अवैध पैसों की वसूली की जा रही है। झामुमो-कांग्रेस ठगबंधन सरकार की अबुआ आवास योजना 'बबुआ विकास योजना' बन गई है।



**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# इस बार लोकसभा चुनाव में बसपा सर्वाधिक संकट में

लोकसभा चुनाव का शंखनाद होने ही वाला है। सीटों की संख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सभी दल अधिकतम सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में विपक्ष का इंडी गठबंधन बनकर तैयार हो गया है, जिसमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का काफी ना-नुकुर के बाद तालमेल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए तैयार है। बसपा अभी तक अकेले ही चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। वह भी तब, जब अपने ही सांसदों पर भरोसा नहीं रह गया है। कहा जा रहा है कि वह अपने सभी 10 सांसदों के टिकट काटने जा रही हैं। ऐसे में टिकट कटने के भय व अपनी राजनीति को सुधारने की दृष्टि से कई सांसद पाला बदलने की तैयारी में हैं। कुछ ने को पाला बदल भी लिया है। त्रिकोणीय संघर्ष में मायावती के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपना पिछला प्रदर्शन बचाकर रखना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को सपा- रालोद गठबंधन के साथ लड़ने के कारण 10 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। अब समीकरण और गठबंधन दोनों ही काफी बदल गए हैं। बसपा सांसद एक के बाद एक मायावती का साथ छोड़कर जा रहे हैं। अभी तक बसपा के जो सांसद पाला बदल चुके हैं उनमें जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी सपा में जा चुके है जबकि बसपा का एक और चर्चित मुस्लिम चेहरा दानिश अली कांग्रेस में जा चुके हैं तथा एक और सांसद श्याम सिंह पहले यह भारतीय जनता पार्टी के साथ संपर्क में थे, किंतु टिकट पक्का न हो पाने के कारण कांग्रेस में चले गए हैं। बसपा को सबसे बड़ा झटका दिया है उसके एकमात्र ब्राहण सांसद रितेश पाण्डेय ने जो अब भारतीय जतना पार्टी का दामन थाम चुके हैं। बसपा सांसद रितेश पाण्डेय उन सांसदों के समूह में भी शामिल थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान भोज पर बुलाया था।अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पाण्डेय ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बसपा से इस्तीफा दिया और उसी दिन कुछ ही क्षणों के बाद भाजपा में शामिल हो गए। रितेश पाण्डेय ने 2019 के लोकसभा चुनाव में योगी सरकार के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा को हराया था। 2009 से 20414 तक इनके पिता राकेश पाण्डेय भी बसपा के सांसद रह चुके हैं और इस परिवार का क्षेत्र में काफी गहरा प्रभाव माना जाता है। रितेश पाण्डेय बसपा के सबसे पढ़े लिखे सांसद थे। उन्होंने 2005 में लंदन के यूरोपियन बिजनेस स्कूल से इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। रितेश ने ब्रितानी युवती कैथरीना से प्रेम विवाह कर अपना घर बसाया है। सांसद बनने के बाद मायावती ने 2020 में लोकसभा में दल का नेता भी बनाया था। इसके बावजूद उनका कहना है कि बसपा में उनकी उपेक्षा की जा रही थी। जिस प्रकार मायावती ने श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया उसके कारण उनकी बची-खुची लोकप्रियता का किला भी ध्वस्त हो गया । कहा जा रहा है कि बसपा की एक और सांसद संगीता आजाद कभी भी पाला बदल सकती हैं। यही हाल बसपा के मुस्लिम सांसद गुड्डू जमाली का बताया जा रहा है। बसपा को उत्तर प्रदेश में वर्ष 2007 में 30 प्रतिशत मत मिले थे जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में मात्र 12 प्रतिशत मत मिले।केवल एक विधायक ही विधानसभा में पहुंच सका। मायावती के राज में घोटालों की बाढ़ से सब परिचित हैं। उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति भी जगजाहिर है। बसपा नेत्री मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी का नया उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है किंतु उनकी पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता उनके इस निर्णय को पूरी तरह से पचा नहीं पा रहे हैं।

# ताकत बनाम वजह

सार्वजनिक नीति में बदलाव की किसी भी मांग की वैधता उसके पीछे के तर्क में निहित होती है, न कि उसके पक्ष में जुटने वाले समर्थन की ताकत में। यही वजह है कि विभिन्न राज्यों द्वारा उन सामाजिक समूहों, जिन्हें पहले पिछड़ा नहीं माना जाता था, को आरक्षण देने की लोकप्रिय मांगों के आगे झुकने के बाद भी शीर्ष न्यायपालिका द्वारा उनके फैसलों को पलट या रद्द कर दिया गया है। मराठा समुदाय को आरक्षण देने के वास्ते महाराष्ट्र सरकार द्वारा पारित पिछले कानूनों के मामले में ऐसा ही हुआ है। फिर भी, इस समुदाय का राजनीतिक दबदबा इस तथ्य से स्पष्ट है कि राज्य विधानसभा ने 20 फरवरी को सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया, जिसमें मराठों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण दिया गया। एक दशक में यह तीसरी मर्तबा है जब इस समुदाय के लिए ऐसा कानून पारित किया गया है। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 2018 लाया गया था। ये दोनों ही कानून एक जैसे ही हैं। लेकिन वर्तमान विधेयक महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की एक रिपोर्ट पर आधारित है, जो मलाईदार परत वाले मानदंड को लागू करते हुए मराठों के लिए 10 फीसदी आरक्षण को शामिल करने के साथ आरक्षण के कुल कोटा को 72 फीसदी तक बढ़ाने का प्रावधान करता है। इसमें मराठा समुदाय के गरीबों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी शामिल है। यह बात समझ में आती है कि महाराष्ट्र के राजनीतिक वर्ग ने आरक्षण विस्तार का आसान, भले ही कानूनी रूप से संदिग्ध, रास्ता क्यों चुना है। मराठों को पिछड़े वर्ग का एक समुदाय मानने और उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को दिए गए 19 फीसदी कोटा के भीतर से आरक्षण प्रदान करने के दूसरे विकल्प का ओबीसी समूहों द्वारा विरोध किए जाने से हमेशा एक समस्या बनी रहती।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

## - दिल्ली में 25 तो मुंबई में 26 रुपए हुआ इजाफा

**नई दिल्ली ।**

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत एक बार फिर से बढ़ा दी हैं। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 25 रुपये तो मुंबई में 26 रुपये महंगा हुआ है। आईओसीएल की वेबसाइट पर कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के नए भाव जारी कर दिए गए हैं, जो 1 मार्च से लागू हो गए हैं। दिल्ली में अब कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1795 रुपये में मिलेगा, जबकि मुंबई में कीमत 1749 रुपये होगी। वहीं कोलकाता में दाम 1911 रुपये हो गया है। राहत की बात है कि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आखिरी बार घरेंलू सिलेंडर के भाव अगस्त में बदले गए थे। आखिरी बार 30 अगस्त 2023 को इनकी कीमतों में 200 रुपये की कटौती की गई थी। एलपीजी कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में यह बढ़ोतरी उस वक्त हुई है जब सरकार ने घरेलू प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ाने का फैसला किया। घरेलू प्राकृतिक गैस के दाम बढ़ाकर 8.17 डॉलर प्रति मिलियन मेट्रिक ब्रिटिशन थर्मल यूनिट्स कर दिया गया है, जो इसके पिछले महीने 7.85 डॉलर प्रति मेट्रिक ब्रिटिशन थर्मल यूनिट्स था। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के साथ-साथ तेल कंपनियों ने जेट फ्यूल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की है। लगातार चार बार कीमतों में कटौती के बाद यह इजाफा किया है। हवाई ईंधन की बढ़ी हुई नई दरें भी शुक्रवार से लागू हो गई हैं।



# फरवरी में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पांच महीनों के उच्च स्तर पर

## - पीएमआई फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया जबकि जनवरी में यह 56.5 था

**मुंबई ।** कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेजी की वजह से फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया जबकि जनवरी में यह 56.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दिखाता है। इस सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी महीने में उत्पादन पांच महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ा और पिछले सितंबर के बाद से बिक्री में सबसे तेज वृद्धि हुई और निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार हुआ। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि पीएमआई आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू और बाहरी दोनों मांग से समर्थित उत्पादन वृद्धि मजबूत बनी हुई है। वृद्धि की रफ्तार तेज होने के बावजूद भारत में विनिर्माण क्षेत्र के रोजगार में थोड़ा बदलाव आया है। सर्वेक्षण के मुताबिक वस्तुओं के उत्पादकों ने बताया कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर क्रय लागत मुद्रास्फीति 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसकी वजह से बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। इससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ। मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग वृद्धि होने से नए निर्यात ऑर्डर लगभग दो वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण के मुताबिक विनिर्माण कंपनियों ने अधिक उत्पादन जरूरतों, बिक्री में निरंतर वृद्धि और स्टॉक बनाने के लिए खरीद बढ़ाई। मांग बढ़ने के बीच विनिर्माताओं ने आगे भी तेजी का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि मजबूत मांग और लाभ मार्जिन में सुधार से उत्साहित विनिर्माताओं का भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में आशावादी दृष्टिकोण है।

# इस माह में क्रेटा एन-लाइन को लॉन्च करेगी हुंडई

## 7-सीटर कार में मिलने वाला है ये धांसू अपडेट

**नई दिल्ली ।**

नई 2024 हुंडई अल्काजार के आने से पहले, कंपनी मार्च 2024 में क्रेटा एन-लाइन को लॉन्च करेगी। इसके बाहरी हिस्से में कुछ मामूली बदलाव मिलने की उम्मीद है। नई हुंडई अल्काजार में अपडेटेड क्रेटा के समान कुछ नए डिजाइन एलिमेंट्स दिए जाने की उम्मीद है, जिसमें एक नए डिजाइन का फ्रंट ग्रिल, रीडिजाइन फ्रंट और रियर बंपर, अपडेटेड एलईडी हेडलैम्प्स और डीआरएल मिल सकते हैं।नई अल्काजार एसयूवी में खास स्टाइलिंग और नए फीचर्स की एक लंबी रेंज को शामिल किया जाएगा, हालांकि इसके मौजूदा इंजन कॉन्फ़िगरेशन को बरकरार रखा जाएगा। इसके अलावा अल्काजार में नए डिजाइन वाले अलॉय व्हील्स दिए जा सकते हैं। साइड प्रोफाइल में ज्यादा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस एसयूवी में एक नया टेललाइट सेटअप दिया जा सकता है। अल्काजार फेसलिफ्ट में क्रेटा वाला नया डैशबोर्ड शामिल किया जा सकता है, साथ ही सीट अपहोल्स्ट्री और इंटीरियर थीम के लिए भी बड़े अपडेट मिलने की संभावना है। एसयूवी में 10.25-इंच का डुअल स्क्रीन सेटअप, डुअल-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल, वेंटिलेटेड सीट्स और एक पैनोरमिक सनरूफ जैसे फीचर्स देखने को मिल सकते हैं, जो क्रेटा में देखने को नहीं मिलता है। नई हुंडई अल्काजार फेसलिफ्ट में 2.0 लीटर, 4-सिलेंडर पेट्रोल और 1.5 लीटर, 4-सिलेंडर टर्बो डीजल इंजन को बरकरार रखा जाएगा, जो कि क्रमशः 159बीएचपी/192 एनएम और 115बीएचपी/ 250 एनएम का आऊटपुट जेनरेट करता है। इसमें पहले की ही 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमेटिक गियरबॉक्स की पेशकश की जाती रहेगी।

इस एसयूवी में तीन ड्राइव मोड, कंफर्ट, ईको और स्पोर्ट के साथ-साथ तीन ट्रैक्शन कंट्रोल मोड - सैंड, आइस और मड मिलते रहेंगे।खबरों की माने तो न्यू अल्काजार में प्री-फेसलिफ्ट वेरिएंट के समान अन्य फीचर्स को बरकरार रखते हुए अडास तकनीक को भी शामिल किया जा सकता है। एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (अडास) रडार बेस्ड सेफ्टी सिस्टम है जो सामने खतरा होने पर कार में इमरजेंसी ब्रेक लगाने में सहायता करता है।

# यूपी सरकार 2,275 प्रति क्विंटल किसानों से गेंहूं खरीदेगी

**नई दिल्ली ।**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने यह ऐलान किया है कि गेहूं की खरीद पर एमएसपी को 150 रुपये प्रति क्विंटर बढ़ाया जा रहा है। अब यूपी सरकार 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों से गेंहूं की खरीद करेगी। यह नई दरें एक मार्च से लागू हो गई हैं। बताया गया कि योगी सरकार द्वारा इस एमएसपी पर गेहूं की खरीद एक मार्च से 15 जून के बीच रहेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स हैंडल के माध्‍यम से किसानों को यह खुशखबरी दी। सीएम ने लिखा, 'प्रिय अन्नदाता किसान बंधुओ! उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024-25 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,275 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। गेहूं का मूल्य भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से 48 घंटे के अंदर सीधे आप लोगों के आधार लिंक खाते में करने की व्यवस्था की गई है। मुझे प्रसन्नता है कि बटाईदार किसान भी इस वर्ष पंजीकरण कराकर अपने गेहूं की बिक्री कर सकेंगे। 1 मार्च से 15 जून, 2024 तक गेहूं खरीद के दौरान आप लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह हमारी प्राथमिक वरीयता है। आप सभी की समृद्धि और खुशहाली डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, आप सभी को बधाई!



# उत्पादन में कमी से हल्दी के भाव 16 फीसदी चढ़े

**नई दिल्ली ।**

उत्पादन में गिरावट का असर हल्दी की कीमतों पर दिख रहा है। बीते कुछ दिनों से इसके भाव चढ़ रहे हैं। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में हल्दी की कीमतों में और तेजी आ सकती है। इसके भाव 18,000 रुपये तक जा सकते हैं। बीते कुछ दिनों से हल्दी के भाव लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 15 दिन में हल्दी के वायदा भाव करीब 2,400 रुपये बढ़ चुके हैं। कमोडिटी एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) पर 14 फरवरी को हल्दी का अप्रैल अनुबंध 14,970 रुपये के भाव पर बंद हुआ था, जो अब 17,334 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर दिन का उच्च स्तर छू लिया। इस तरह बीते 15 दिन में हल्दी करीब 16 फीसदी महंगी हुई है। आगे इसके भाव 18,000 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर को छू सकते हैं। बाजार विश्लेषकों मुताबिक इस साल हल्दी के उत्पादन में बड़ी गिरावट आने की संभावना है। साथ ही पुराना स्टॉक भी कमजोर है। मौसम प्रतिकूल रहने से अच्छी गुणवत्ता वाली हल्दी की इस साल कमी रह सकती है। इस साल हल्दी का उत्पादन 50 से 55 लाख बोरी होने का अनुमान है। जो पिछले साल के उत्पादन 80 से 85 लाख बोरी (60 किलो) से काफी कम है। इन दिनों मंडियों में हल्दी की आवक कम हो रही है। फरवरी में अब तक मंडियों में करीब 12,270 टन हल्दी की आवक हुई है, जो पिछले साल की समान अवधि में हुई 35,150 टन आवक की तुलना में ढाई गुना से भी कम है।



# रूस ने पेट्रोल और गैसोलीन निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**मुंबई ।**

रूस ने पेट्रोल और गैसोलीन पर अगले छह महीने के लिए निर्यात पर प्रे तिबंध लगा दिया है। जानकारी के मुताबिक रूस में पेट्रोलियम पदार्थों की कमी से यह` निर्णय लिया गया है। इससे आने वाले दिनों में भारत में पेट्रोल की कीमतों में इजाफा हो सकता है। दरअसल, भारत बड़ी मात्रा में रूस से कम कीमतों पर कच्चे तेल का आयात करता है। उपभोक्ताओं और किसानों की गैसोलीन की बढ़ती मांग की भरपाई करने और रिफाइनरियों के मेंटेनेंस के लिए ये फैसला लिया गया है। रूस के उप प्रधान मंत्री एलेक्जेंडर नोवाक के एक प्रवक्ता ने इस बात की जानकारी दी। ऊंची घरेलू कीमतों और कमी से निपटने के लिए रूस ने पिछले साल सितंबर और नवंबर के बीच भी इसी तरह का प्रतिबंध लगाया था। जिसमें केवल चार पूर्व-सोवियत राज्यों बेलारूस, कजाकिस्तान, आर्मेनिया और किर्गिस्तान को छूट दी गई थी। इस बार ये प्रतिबंध यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के सदस्य देशों पर लागू नहीं होगा।

# पेटीएम और पेटीएम पेमेंट बैंक के बीच खत्म होंगे कई एग्रीमेंट

**मुंबई ।** पेटीएम और पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के बीच कई एग्रीमेंट्स खत्म हो सकते हैं। पेटीएम के बोर्ड ने अपनी एसोसिएट एंटिटी, पीपीबीएल के साथ कई इंटर-कंपनी एग्रीमेंट्स को खत्म करने की मंजूरी दे दी है। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्यु निकेशंस ने 1 मार्च को इस बारे में स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया। कंपनी ने कहा कि इसके अलावा पीपीबीएल के शेयरधारक पीपीबीएल की गवर्नेंस को सपोर्ट करने के लिए शेयरहोल्डर्स एग्रीमेंट (एसएचए) को सरल बनाने पर सहमत हुए हैं। अपने स्टॉक एक्सचेंज अपडेट में वन 97 कम्यु निकेशंस ने कहा कि बोर्ड ने 1 मार्च 2024 को समझौतों को समाप्त करने और शेयर होल्डर्स एग्रीमेंट में संशोधन को मंजूरी दे दी। इसके अलावा पेटीएम और पीपीबीएल ने पेटीएम और इसकी ग्रुप एंटिटीज के बीच कई इंटर-कंपनी समझौतों को खत्म करने पर सहमति जताई है। इससे पहले पेटीएम ने घोषणा की थी कि वह अन्य बैंकों के साथ नई साझेदारी करेगी और अपने ग्राहकों व मर्चेंट्स को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए उपाय करेगी। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ ली गई नियामकीय कार्यवाही के चलते आया है।

# घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा, डीजल पर घटा

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। एक आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया गया है लेकिन डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इसके अलावा पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगने वाले कर को पहले की तरह शून्य रखा गया है। नई दरें एक मार्च से प्रभावी हो गई हैं। देश में पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया गया था। इसके साथ ही भारत उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों को होने वाले असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इन कर दरों की समीक्षा की जाती है।

# बिटकॉइन लगभग 64,000 डॉलर, तोड़ सकता है पुराने रिकॉर्ड

**मुंबई ।** बबजरि विशेषज्ञों का मानना है कि आशावाद के कारण बिटकॉइन आधा होने से पहले लगभग 69,000 डॉलर के अपने सार्वजे निक उच्च स्तर को भी पार कर सकता है। एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के आसपास बढ़ती रुचि और आगामी पड़ाव के कारण पिछले सप्ताह बिटकॉइन में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में अब तक मार्केट कैप के हिसाब से सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। टोकन वर्तमान में कुल प्राइस में 53 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ क्रिप्टो बाजार पर हावी है। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस उछाल का श्रेय अमेरिका में दस स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ को दिया जाता है, जिन्होंने खुदरा निवेशकों के क्रिप्टो रैली में कूदने के कारण 7.7 बिलियन डॉलर के ट्रेडिंग वॉल्यूम को पार करके एक नया दैनिक रिकॉर्ड दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि ब्लैकरॉक के बिटकॉइन ईटीएफ ने पिछले दिन 3.3 बिलियन डॉलर का कारोबार किया, जो इसके पिछले वॉल्यूम रिकॉर्ड से दोगुना है। बिटकॉइन के आधे होने की आशंका के कारण भी टोकन की कीमतों में उछाल आया है। अप्रैल में हॉल्टिंग होने वाली है और इससे ट्रेडिंग के लिए बिटकॉइन की संख्या कम हो जाएगी, जिससे कीमत में वृद्धि होगी। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि आशावाद के कारण बिटकॉइन में तेजी रुकने से से पहले लगभग 69,000 डॉलर के अपने ऑल टाइम हाई लेवल को भी पार कर सकता है।



# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद हुआ

## सेंसेक्स 1245 , निफ्टी 355 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी उछाल रहा। इससे बाजार अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के शानदार आर्थिक आंकड़े जारी होने के कारण आई है जिससे बाजार को बल मिला। आज सुबह बाजार की तेज शुरुआत हुई। बाजार 100 अंक से अधिक की बढ़त के साथ ही 72,606.31 पर खुला और कारोबार के दौरान 73,819.21 अंक के शीर्ष स्तर पर पहुंचा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई 1245.05 अंक करीब 1.72 फीसदी बढ़कर 73,745 पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की तीस कंपनियों में से 26 के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 355.95 अंक तकरीबन 1.62 फीसदी बढ़कर 22,338.75 अंक के सर्वोच्च स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर 6.46 फीसदी ऊपर आया जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में 4.46 फीसदी की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर बाजार के सकारात्मक रुख के बाद भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा के शेयरों में गिरावट रही।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शानदार बढ़त दर्ज की गयी। आंकड़ों के अनुसार, 2023 के अंतिम तीन महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 फीसदी ऊपर आयी है। जो डेढ़ साल में सबसे तेज़ गति है। वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में देश की जीडीपी 8.4 फीसदी की तेज रफ्तार के साथ ऊपर आयी है। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से मार्च सीरीज की शुरुआत पर भारतीय बाजार की तेज शुरुआत हुई है।

सुबह की शुरुओ त में सेंसेक्स 400 अंक की बढ़त पर कारोबार कर रहा था। व्यापक बाजार में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.7 फीसदी बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप 1 फीसदी बढ़ा। भारत की तीसरी तिमाही की जीडीपी में उम्मीद से अधिक 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस शनिवार बाजार में कारोबार होगा। एक्सचेंजों ने जानकारी दी है कि डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्राडे स्विच-ओवर के लिए ये खास सेशन रखा गया है। कल 2 मार्च को शेयर बाजार का पहला सेशन सुबह 9.15 से 10 बजे तक होगा। दूसरा सेशन 11.30 से 12.30 बजे तक होगा।




# टोयोटा ने पिछले माह सबसे ज्यादा वाहन बेचे

**नई दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फरवरी में 25,220 इकाइयों की बिक्री के साथ अब तक की अपनी सबसे अच्छी मासिक थोक बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के थोक बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि उसकी आपूर्ति पिछले महीने 61 प्रतिशत बढ़कर 25,220 इकाई हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में उसने 15,685 वाहनों की बिक्री की थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री 23,300 इकाई रही जबकि उसने 1,920 इकाइयों का निर्यात किया। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम विभिन्न क्षेत्रों से अच्छी ग्राहक पूछताछ के साथ मांग को बढ़ते हुए देख रहे हैं। विशेषकर एसयूवी और एमयूवी मॉडलों में ज्यादा मांग आ रही है।

# 2024-25 में लक्ष्य से कम गेहूं खरीदेगी केंद्र सरकार

## - फसल वर्ष 2023-24 में 11.4-11.5 करोड़ टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने 2024-25 रबी सीजन में गेहूं खरीद का लक्ष्य पिछले सीजन में गेहूं खरीद का लक्ष्य पिछले सीजन से घटा दिया है। सरकार ने 2024-25 रबी सीजन के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य तीन से 3.2 करोड़ टन तय किया है। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है। कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 जुलाई-जून में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। साल 2002 में सरकार ने 4.4 करोड़ टन और साल 2023 में लगभग साढ़े तीन करोड़ टन खरीद का लक्ष्य तक किया था। पिछले वर्ष में 2.62 करोड़ टन की वास्तविक खरीद हुई थी। एफसीआई के गोदामों में गेहूं का स्टॉक न्यूनतम स्तर पर है। राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में राज्यों के खाद्य सचिवों की` पिछले` दिनों बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी सीजन 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज, बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। बैठक में केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के विविधीकरण और आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। सरकार ने 2023-24 के सत्र में 3.41 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 2.62 करोड़ टन गेहूं की खरीद की थी। 2022-23 में गेहूं की खरीद 4.44 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले केवल 1.88 करोड़ टन थी। उत्पादन में गिरावट के कारण खरीद कम रही थी। खाद्य सचिव ने हाल में कहा था कि पंजाब-हरियाणा सीमा पर किसानों के आंदोलन से खरीद परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



# ईवी स्टार्टअप फिस्कर कर्मचारियों की छंटनी करेगा

**सैन फ्रांसिस्को ।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप फिस्कर अपने 15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। अपने तिमाही परिणामों की घोषणा करते हुए फिस्कर ने कहा कि निवेश व अन्य गतिविधियों के विकास के लिए एक बड़े वाहन निर्माता के साथ भी बातचीत जारी है। इसके अलावा फिस्कर का इरादा अपने कार्यबल में लगभग 15 प्रतिशत कमी करने का है। फिस्कर ने 2023 की चौथी तिमाही में 200.1 मिलियन डॉलर का कुल राजस्व हासिल किया, जो तीसरी तिमाही से 128.3 मिलियन डॉलर अधिक है। चेयरमैन और सीईओ हेनरिक फिस्कर ने कहा कि 2023 फिस्कर के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष था, इसमें आपूर्तिकर्ताओं के साथ देरी और अन्य मुद्दे शामिल थे। उन्होंने कहा कि एक ही समय में हमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप में डायरेक्ट उपभोक्ता बिक्री मॉडल स्थापित करने में अप्रत्याशित बाधाओं का भी सामना करना पड़ा।




# पावर ट्रांसमिशन विदेशी बांडों से जुटाएगी 400 मिलियन डॉलर

**मुंबई ।** एशिया के दूसरे सबसे अमीर अरबपति गौतम अदाणी की पावर ट्रांसमिशन कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड विदेशी बांडों से 400 मिलियन डॉलर जुटा सकती है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा अमेरिकी करेंसी डील अगले तीन महीनों में होने की उम्मीद है। इसमें अदाणी की इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट्स (सब्सिडियरी कंपनियां) भी शामिल हो सकती है। गौरतलब है कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडबनर्ग रिसर्च की तरफ से जारी की गई रिपोर्ट के बाद से अदाणी ग्रुप की कंपनियों को काफी संकट का सामना करना पड़ा। इसके शेयरों में भारी गिरावट आई और कंपनियों की वैल्यूएशन भी लगातार गिरती गई। जिसके चलते इसे अपनी कंपनियों में कुछ हिस्सेदारी भी बेचनी पड़ी थी। लेकिन बाद में मार्केट रेगुलेटर सेबी की तरफ से जांच रिपोर्ट सौंपने के बाद अदाणी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली और ग्रुप की कंपनियों ने फिर से रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया। अब अगर अदाणी ग्रुप की सभी 10 कंपनियों को मिला दिया जाए तो इसके विदेशी लोन में भी सितंबर 2023 तक 61 फीसदी की कमी देखी गई।

THE PHOTON NEWS
08 www.thephotonnews.com
Saturday, 02 March 2024

# सूखी धरती पर कैसे करें खेती



**भारत में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 9 प्रतिशत (31.7 करोड़ हैक्टर) शुष्क (एरिड) क्षेत्र है । इस शुष्क क्षेत्र का सबसे अधिक भाग (62 प्रतिशत) अकेले राजस्थान राज्य में है । शेष क्षेत्र गुजरात (19 प्रतिशत), पंजाब व हरियाणा (9 प्रतिशत), कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश (10 प्रतिशत) राज्यों में है ।**

राजस्थान में शुष्क क्षेत्र राज्य के पश्चिमी क्षेत्र के 12 जिलों में फैला हुआ है । राज्य का ये क्षेत्र अपनी विषम परिस्थितियों के लिए दूसरे क्षेत्रों से विचित्र है । कम तथा असमान वर्षा (180 से 430 मि.ली.), अधिक तापमान (40 से 48 से.) अधिक वायु गति (60 से 110 कि.मी. प्रति घंटा तक) और अधिक वाष्पोत्सर्जन (1500 से 200 मि.मी. प्रति वर्ष) इत्यादि क्षेत्र को अन्य क्षेत्रों से विभिन्न परिस्थितियों वाला बनाते हैं । विषम जलवायु ही क्षेत्र को यदा-कदा सूखे से ग्रसित रखती है । विषम सूखे की स्थिति में सतही और भू-जल के स्तर में कमी आ जाती है , भूमि कटाव से उपजाऊ भूमि की क्षति होती है व फसल उत्पादन काफी कम हो जाता है तथा अन्न, चारा व पानी की कमी के कारण मानव व पशुओं को जीवन यापन करना कठिन हो जाता है । ऐसी स्थिति में मनुष्य को पशुओं सहित अन्न, चारे एवं पानी के लिए प्रवर्जन करने पर मजबूर होता पड़ता है । अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि पिछले सौ वर्षो में किसी न किसी क्षेत्र में 30 से 55 प्रतिशत वर्षो में मौसमी (मीटीरियोलॉजिकल) सूखा पड़ा है ।

जलवायु विषमताओं के अतिरिक्त शुष्क क्षेत्र में लगभग 58 प्रतिशत भाग में रेत के ऊंचे-ऊंचे टिब्बे फैले हुए हैं, जिनकी ऊंचाई 10 से 40 मीटर तक है, तथा अधिकतर चलायमान हैं। अधिक वायु गति के कारण कृषि योग्य भूमि, रेल, सड़क इत्यादि को बहुत क्षति होती है । क्षेत्र की अधिकतर भूमियां रेतीली हैं, जिनमें जैविक पदार्थ और नाइट्रोजन की कमी के कारण उर्वरा शक्ति बहुत ही कम है । इन भूमियों में चिकनी मिट्टी की कमी से पानी धारण करने की क्षमता भी बहुत कम है तथा भूमि, वायु और जल कटाव के लिए बहुत ही संवेदनशील है ।

शुष्क क्षेत्र में सतही और भू-जल की बहुत कमी है, जिनके परिणामस्वरूप केवल 10.5 प्रतिशत क्षेत्र ही सिंचित है तथा शेष क्षेत्र वर्षा पर निर्भर है । क्षेत्र में वर्षा ही अच्छे पानी का मुख्य स्रोत है तथा शुष्क क्षेत्र में कुल पानी का 89 प्रतिशत भाग वर्षा से ही प्राप्त होता है । वर्षा का अधिकांश भाग (78 से 96 प्रतिशत तक) जून से सितम्बर तक दक्षिणी -पश्चिमी मीनसून द्वारा 10 से 12 दिनों में प्राप्त हो जाता है जिसके कारण अधिकांश पानी भूमि व वनस्पति को क्षति पहुंचाते हुए बह जाता है । भू-जल के 80 प्रतिशत भाग में 2.20 डेसी मोल से अधिक घुलनशील सांद्रता है । ऐसे पानी से सिंचाई करने पर भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है । भू-जल का स्तर बहुत ही गहरा है तथा अधिक दोहन के कारण प्रति वर्ष जलस्तर 0.2 से 0.8 मी. तक कम हो जाता है ।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र में मानव व पशुओं की संख्या बहुत ही तीव्र गति से बढ़ रही है । क्षेत्र की जनसंख्या वर्ष 1951 में 58.7 लाख के मुकाबले वर्ष 2001 में 2.25 करोड़ हो गई है जो अभी तक तीन करोड़ के लगभग पहुंच गई है। इसके परिणामस्वरूप पिछले 20 वर्षो में जनसंख्या घनत्व 64 से बढ़कर 95 मानव प्रति वर्ग कि.मी. हो गया है तथा कृषि भूमि प्रति व्यक्ति सन् 1901 से 6.1 हैक्टर से घटकर वर्ष 2001 में लगभग 1 हैक्टर हो गयी है । इस प्रकार यह शुष्क क्षेत्र दुनिया के शुष्क क्षेत्रों में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला क्षेत्र हो गया है । इसके अतिरिक्त पशुओं की संख्या में बहुत बढ़ोतरी हुई है । 1956 में 1.34 करोड़ से बढ़कर 1997 में 2.86 करोड़ हो गई है । ऐसी स्थिति में सभी के लिए अनाज, चारा एवं पानी की आपूर्ति करना कठिन कार्य होगा । एक अनुमान के अनुसार 2021 तक क्षेत्र में 26.7 लाख टन अनाज , 10.7 लाख टन दालें एवं 1.50 लाख टन खाद्य तेल की आवश्यकता होगी । इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष लगभग 2.2 करोड़ टन सूखे चारे एवं 4.2 करोड़ टन हरे चारे की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में सूखे चारे का 64 प्रतिशत एवं हरे चारे का लगभग 20 प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है । इन परिस्थितियों में कृषि उत्पादन में स्थायित्व को प्राप्त कर ही भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। यह कामयाबी केवल उन्नत तकनीकों के विकास एंव अंगीकरण से ही प्राप्त की जा सकती है। शुष्क क्षेत्र में पिछले लगभग 50 वर्षो से काजरी ने कृषि स्थायित्व और क्षेत्र की संपन्नता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अनेक अनुसंधान किये हैं तथा तकनीकों को विकसित करके टिकाऊ उत्पादन प्राप्त करने के लिए अथव प्रयास किये हैं ।

## यों हुआ फसल सुधार

शुष्क क्षेत्र में परंपरागत विधियों से खेती करने और अनेक जीवीय व अजीवीय कारणों से सभी फसलों की औसत उपज बहुत ही कम है। औसत उपज को अधिक बढ़ाने के लिए संस्थान ने विभिन्न पहलुओं पर उन्नत तकनीकें विकसित की हैं। विभिन्न परिस्थियों में वर्षानुसार फसल, घास एवं वृक्ष लगाने की अनुशंसा की गयी है तथा फसलों से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए अनेक उन्नत तकनीकें विकसित की गयी हैं ।

## जरूरत उन्नत किस्मों की

शुष्क क्षेत्र में फसलों से अधिक पैदावार प्राप्त करने में फसल की पकने की अवधि का बहुत बड़ा योगदान होता है क्योंकि शुष्क क्षेत्र में फसल उगाने के लिए 10 से 12 सप्ताह का समय मिलता है । इस अवधि में जो फसलें पक जाती हैं, उनसे अच्छी पैदावार प्राप्त हो जाती है। अन्यथा देरी से पकने वाली फसलों में नमी की कमी के कारण फसल अच्छी तरह से पक नहीं पाती। परिणामस्वरूप पैदावार कम होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्थान ने बाजरे की सी.जेड.पी. 9802 व सीजेड.पी-आई सी. 923 किस्म विकसित की है। ये संकुल किस्में हैं तथा 75 से 85 दिनों में पक जाती हैं एवं दाने व चारे, दोनों की अच्छी पैदावार प्राप्त होती है । इन किस्मों द्वारा 10 से 15 क्विं. प्रति हैक्टर दाने की उपज प्राप्त हो जाती है।

मोठ की काजरी मोठ-1, काजरी मोठ-2 व काजरी मोठ-3 किस्में 65 से 57 दिनों में पक जाती हैं । इन किस्मों से 6 से 8 क्विं. प्रति हैक्टर तक बीज की उपज प्राप्त हो जाती है । ग्वार की मारू ग्वार किस्म जो 85 से 90 दिनों में पक जाती है तथा 8 से 10 क्विं. प्रति हैक्टर तक बीज की उपज प्राप्त हो जाती है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न फसलों की अनेक उन्नतशील किस्मों को इस क्षेत्र के लिए चिन्हित किया है, जिनमें बाजरे की एचएचबी 67, आरएचबी 121, पूसा 222 व एमएच 169 प्रमुख हैं तथा मोठ की आर एम ओ-40, आर एम ओ 435 व आर एम ओ 225, ग्वार की आर जी सी 936 व आर जी सी 1001, मूंग की के 851, आर एम जी 62 व आर एम जी 268, तिल की टी सी 25 व आर टी 46 किस्में सम्मिलित हैं । इन किस्मों के द्वारा स्थानीय किस्मों की अपेक्षा 50 से 57 प्रतिशत तक अधिक पैदावार प्राप्त हो जाती है ।

## ताकि धरती न हो बांझ

शुष्क क्षेत्र की अधिकतर भूमियों की उर्वरा शक्ति बहुत ही कम है । अतः अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उचित पोषक प्रबंधक बहुत ही आवश्यक है। प्रयोगों द्वारा ज्ञात हुआ है कि क्षेत्र एवं भूमि की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी फसलों में समन्वित पोषक प्रबंधन बहुत ही लाभदायक व प्रभावी है । सभी फसलों में पोषक तत्वों की आधी मात्रा कार्बनिक खाद (जिसमें गोबर, कम्पोस्ट एवं मिंगनी की खाद) के साथ-साथ आधी मात्रा रासायनिक उर्वरकों एवं बीज को जैव उर्वरक (राइजोबियम या एजेटोबैक्टर एवं पी एस बी) से उपचारित करने पर सभी फसलों की औसत उपज में संतोषजक वृद्धि हुई है तथा अधिक लाभ भी प्राप्त हुआ है।

## प्यासी धरती पानी मागें

शुष्क क्षेत्र में पानी की कमी को देखते हुए उचित जल प्रबन्ध बहुत ही आवश्यक है । सतही एवं भू-जल की अधिक से अधिक क्षमता बढ़ाने में उचित जल प्रबन्ध का महत्वपूर्ण स्थान है । वर्षा के पानी को भूमि की सतह एवं अधोसतह से विभिन्न विधियों द्वारा एकत्रित किया जाता है । अधोसतह में वर्षा जल को एकत्रित करने के लिए अन्तः पंक्ति एकत्रिकरण और अन्तः क्षेत्र एकत्रिकरण विधियां अपनाई गई हैं । अन्तः पंक्ति विधि में 30 से 40 सें.मी. व्यास के 15 सें.मी. गहरे कूंडे बनाये जाते हैं । इन कूंडो में क्षेत्र पट्टी से वर्षा जल एकत्रित होकर कूंड में फसल के लिए अधिक समय तक नमी प्रदान करता है । अन्तः क्षेत्र पद्धति में फसल उगाने वाली पट्टियों के बाद बैंच बनाई जाती है तथा बाद में फिर पट्टी बनाई जाती है, इस प्रकार एक दिशा मे 1.5 मीटर का कैचमेन्ट और दोनों तरफ 3 मीटर चौड़े क्षेत्र से पानी एकत्रित किया जाता है तथा एकत्रित नमी द्वारा फसलों से अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है ।

वर्षा जल के अपधावन के रूप में होने वाली क्षति को रोकने के लिए वर्षा जल को तालाब, जलाशय, खडिन एवं टांकों में एकत्रित किया जाता है । संस्थान द्वारा उन्नत किस्म के टांकों का डिजाइन तैयार किया गया है तथा घरों की छत से भी इन टांकों में पानी एकत्रित करने की विधि विकसित की गई है । टांके के चारों और केचमैंट क्षेत्र से पानी एकत्रित कर यह पानी फलदार वृक्षों की सिंचाई करने, पशुओं एवं मनुष्यों के पीने के काम भी लिया जा सकता है, टांका ऊपर से ढका होने कारण पानी की वाष्पोत्सर्जन द्वारा कम क्षति होती है तथा स्वच्छता भी बनी रहती है ।

खडिन पद्धति बहुत ही प्रभावी है । जलग्रहण के निचले क्षेत्रों में पानी को एकत्रित किया जाता है । खडिन में रबी में सरसों, चना, गेहूं की खेती सफलतापूर्वक की जा सकती है, काजरी ने जल ग्रहण क्षेत्र में खडिन से चने की 18 से 20 क्विटल प्रति. हैक्टर तक पैदावार प्राप्त की है। इसी प्रकार से कम वर्षा की स्थिति में खरीफ ऋतु में बाजरा व चारे वाली फसलों जैसे ज्वार को सफलतापूर्वक उगाया गया है तथा हरे चारे की 100 क्विंटल प्रति हैक्टर तक उपज प्राप्त की गई है ।

## नमी बनाए रखने के प्रयास

शुष्क क्षेत्र में अधिक तापमान व वायु की गति होने के कारण नमी शीघ्र ही सूख जाती है। नमी की क्षति को रोकने के लिए बिछावन को प्रयोग में लाने के लिए अनेक अनुसंधान किये गये हैं। घास की बिछावन द्वारा मूंग, मोठ व ग्वार की पैदावार 20 प्रतिशत तक अधिक प्राप्त की गई है। इसी प्रकार पोलीथीन की बिछावन तथा बाजरे की बिछावन से पानी उपयोगी बिना बिछावन के अधिक प्राप्त हुई।

## सिंचाई की उन्नत विधियां

पानी की क्षति को कम करने एवं उपयोगिता बढ़ाने के लिए सिंचाई की विभिन्न विधियों पर प्रयोग किये गये हैं । प्रयोगों द्वारा ज्ञात हुआ है कि फुव्वारा विधि के प्रयोग से गेहूं की पैदावार चेक बेसिन (क्यारी) विधि की अपेक्षा 33 से 37 प्रतिशत अधिक हुई ।

बूदं-बूदं विधि द्वारा 30 से 50 प्रतिशत तक पानी की बचत की जा सकती है । बूंद-बूंद विधि लवणीय पानी द्वारा सिंचाई करने में भी प्रभावी है । 3 से 10 घुलनशील लवणता वाले पानी द्वारा आलू व टमाटर की अच्छी उपज प्राप्त की गई है । लवणीय पानी द्वारा लगातार सिंचाई करने से लवण भूमि की निचली सतह में पहुंच जाते हैं जिससे लवणों का हानिकारक प्रभाव कम हो जाता है । बूंद-बूंद सिंचाई विधि द्वारा रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से पोषक तत्वों की उपयोग क्षमता अधिक पायी गई है ।

## खरपतवार रहें काबू में

शुष्क क्षेत्र में नमी एवं पोषक तत्व फसल उत्पादन के प्रमुख घटक हैं । खरपतवार फसलों के साथ नमी व पोषक तत्वों के लिए प्रतिस्पर्धा कर फसल उपज को कम कर देते हैं । प्रयोगों से ज्ञात हुआ है कि मूंग व ग्वार में एलाक्लोर नामक खरपतवारनाशी के प्रयोग से 100 प्रतिशत से अधिक तक पैदावार प्राप्त की गई है। इसी प्रकार मोठ में फ्लूक्लोरालीन 0.75 कि.ग्रा. प्रति हैक्टर की दर छिड़काव करने के बाद 30 दिन पश्चात् एक गुड़ाई करने से फसल की पैदावार दो बार गुड़ाई करने के लगभग बराबर प्राप्त की गई है । जीरे में खरपतवारों की प्रतिस्पर्धा द्वारा पोषक तत्व एवं जल उपयोगिता क्षमता बहुत अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए फसल 25 से 35 दिनों तक खरपतवारों से मुक्त रहनी चाहिये । जीरे में खरपतवारों रहित फसल की पैदावार 418 कि.ग्रा. प्राप्त हुई, जबकि सम्पूर्ण फसल अवधि तक क्षेत्र को खरपतवार ग्रसित रखने पर केवल 151 कि.ग्रा. ही उपज प्राप्त की गई ।

मोठ की फसल से खरपतवार नियन्त्रण के लिए फ्लूक्लोरालीन खरपतवारनाशी के छिड़काव के बाद हाथ से गुड़ाई करने पर सबसे अधिक उपज व लाभ प्राप्त किया गया है । फसल से खरपतवार नियन्त्रण के लिए लघु उपकरण, जिससे कम कीमत की उन्नतशील कस्सी और खरपतवार नियंत्रण मशीन सम्मिलित हैं, का उपयोग लाभकारी है।

## समस्या पपड़ी की

शुष्क क्षेत्र की भूमियों में अधिक सिल्ट होने के कारण यदि बुआई के बाद और फसल उगने से पहले वर्षा हो जाये तथा तेज धूप और हवा के कारण खेत सूख जायें तो भूमि की ऊपरी सतह पर सख्त परत (पपड़ी) बन जाती है, जिसके कारण कुछ फसलों जिनमें बाजरा व तिल प्रमुख हैं, पौधे उग नहीं पाते हैं । इस कारण खेत में पौधों की संख्या कम हो जाती है । यदि कुछ पौधे उग भी जाते हैं तो उनकी वृद्धि एवं विकास अच्छी प्रकार नहीं हो पाता तथा फसल उपज बहुत कम हो जाती है। कृषकों को फसलों की बुआई बार-बार करनी पड़ती है । इस समस्या से निजात पाने के लिए प्रयोगों द्वारा ज्ञात हुआ है कि गोबर की खाद 10 टन प्रति हैक्टर की दर से कूंड में प्रयोग करने से परत (पपड़ी) द्वारा होने वाली फसल की क्षति को बचाया जा सकता है ।

## अन्त:फसलीय पद्धति का विकास

शुष्क क्षेत्र में कम वर्षा व इसकी असमानता के कारण मिश्रित खेती का प्रचलन बहुत ही अधिक है । मिश्रित खेती में बारे बाजरे (55-60 प्रतिशत लगभग), मूंग (15 प्रतिशत) मोठ (15 प्रतिशत), ग्वार (10 प्रतिशत) व तिल (5 प्रतिशत लगभग) के बीजों को मिश्रित कर उगाया जाता है । विषम मौमस के कारण फसल नहीं होने के डर तथा घर की आवश्यकता पूर्ति करने के लिए अधिकतर भाग में मिश्रित खेती की जाती है, लेकिन इस खेती में अनेक प्रकार के नुकसान भी हैं जैसे निराई-गुड़ाई की समस्या, उचित संख्या में पौधों का न होना, अच्छी प्रकार से पादप सुरक्षा न कर पाना तथा कटाई एंव मंड़ाई में कठिनाई इत्यादि । इस प्रणाली में सुधार कर अन्तःफसल प्रणाली विकसित की गई है जिसके द्वारा मिश्रित खेती एवं केवल एक ही फसल की खेती की अपेक्षा अधिक उपज प्राप्त की गई है । बाजरे की दो पंक्तियो के मध्य ग्वार, मूंग व मोठ की फसल उगाने से केवल बाजरे की फसल उगाने की अपेक्षा बिना उपज प्रभावित किये क्रमशः 381, 381 व 458 कि.ग्रा. अधिक उपज प्राप्त की गई। इसी तरह बाजरे व ग्वार की 1:1 पंक्ति से बुआई करने पर मिश्रित खेती से अधिक उपज प्राप्त की गई ।

## फसल प्रणाली में सुधार



शुष्क क्षेत्र में बाजरा प्रमुख अनाज वाली फसल है लेकिन एक ही खेत में लगातार बाजरे की फसल लेने से चौथे वर्ष बाजरे की पैदावार 79 प्रतिशत तक कम हो जाती है । संस्थान में फसलों से अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए फसल प्रणाली में सुधार कर 5 वर्षों तक लगातार बाजरा लेने की अपेक्षा तीन वर्षों तक ग्वार व दो वर्षों तक बाजरे की फसल उगाने पर 27 प्रतिशत कार्बनिक कार्बन की अधिक मात्रा पाई गई । इसी तरह फास्फोरस की 48 प्रतिशत अधिक मात्रा पाई गई । लगातार बाजरा उगाने की अपेक्षा ग्वार-बाजरा-ग्वार उगाने से चौथे वर्ष 39 प्रतिशत दाने की अधिक पैदावार प्राप्त की गई।

## कीट व्याधियों पर काबू

विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट और बीमारियों के नियंत्रण के लिए संस्थान में अनेक शोध किये गये हैं, जिसमें जैविक नियंत्रण को प्राथमिकता दी गई है। मूंग व मोठ में कीट नियंत्रण के लिए नीम की गोलियां, नीम पाउडर व नीम तेल का छिड़काव बहुत प्रभावी पाया गया है । ग्वार, मूंग व मोठ फसलों के बीज को मरुसेना नामक फफूंदनाशक से उपचारित करने पर बीमारियों का प्रकोप बहुत कम हो जाता है।

## फसल विविधीकरण

शुष्क क्षेत्र में विषम परिस्थितियों के होते हुए भी किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रयास किये गये हैं । विभिन्न औषधीय फसलों सोनामुखी, ग्वारपाठा, मेहन्दी की खेती कर पारंपरिक फसलों की अपेक्षा अधिक लाभ प्राप्त किया गया है । सोनामुखी के बचे तनों का घोल बनाकर छिड़काव करने से बाजरा व गेहूं की उपज में संतोषजनक वृद्धि प्राप्त की गई है ।

## उद्यानिकी फसलों की सफलताएं

मरुक्षेत्र मे आमदनी, रोजगार, लकड़ी, फल व चारा प्रदान करने में उद्यानिकी वृक्ष, मुख्यतः बेर बहुत प्रभावी पाया गया है । संस्थान ने अधिक उपज प्राप्त करने के लिए बेर की उन्नत किस्में जिनमें सेब, गोला व मुंडिया प्रमुख हैं, विकसित की हैं । इन किस्मों से फल की उपज 20 से 40 क्विंटल / हैक्टर तक प्राप्त हो जाती है तथा बेर को पानी की भी बहुत कम आवश्यकता होती है । इसके अतिरिक्त अधिक उपज करने के लिए बेर की दो पंक्तियों में दलहनी फसलों जैसे मूंग, मोठ व ग्वार को सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है । बेर के साथ मूंग उगाने पर 2800 रुपये तक प्रति हैक्टर की अतिरिक्त आमदनी प्राप्त की गई है ।

बेर के अतिरिक्त शुष्क क्षेत्र में आंवला, अनार, खजूर, बेल व गूदा इत्यादि फलदार वृक्ष सफलतापूर्वक उगाये जा सकते हैं । आंवले की कृष्णा व कंचन, अनार की जालोर बेदाना, बेल की धारा रोड व खजूर की फैजाबादी एवं काजरी सलैक्शन-10 किस्में शुष्क क्षेत्र के लिए उपयुक्त पायी गई हैं ।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में बिल्डर विजय मचिंदर की 7 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में ईडी ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिल्डर और ऑर्नेट स्पेसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विजय मचिंदर की 7.04 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। इन संपत्तियों में मुंबई के कई फ्लैट्स भी शामिल हैं। विजय मचिंदर को ईडी ने 3 जनवरी को ओशिवारा इलाके में उनकी कंपनी द्वारा शुरू किए गए एक प्रोजेक्ट में कई खरीदारों और निवेशकों से 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने विजय मचिंदर के खिलाफ ओशिवारा पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की जिसमें दावा किया गया था कि विजय ने ओशिवारा प्रोजेक्ट में फ्लैट बुकिंग के लिए 2012 और 2019 के बीच कलेक्ट किए गए रूपयों का उसने दुरुपयोग किया था। एफआईआर में कहा गया है कि उसने गलत तरीके से खरीदारों के साथ 74 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। जांच में सामने आया कि ऑर्नेट स्पेसेज ने एक प्लॉट के डेवलपमेंट के लिए साल 2010 में समझौता किया था जो मूल रूप से महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपिंग अथॉरिटी द्वारा यूनाइटेड ट्रस्ट ऑफ इंडिया के कर्मचारियों को आवंटित किया गया था। विजय मचिंदर ने 2012 से ओशिवारा प्रोजेक्ट के बिक्री योग्य क्षेत्र के खिलाफ वित्तीय संस्थानों से एडवांस फ्लैट बुकिंग के साथ-साथ लोन लेना भी शुरू कर दिया। उन्होंने प्रोजेक्ट के लिए एडवांस बुकिंग के हिस्से के रूप में कई फ्लैट खरीदारों से लगभग 93 करोड़ रुपये इकट्ठा किए और उन्होंने करीब 710 करोड़ रुपये का लोन भी लिया था जिसमें से 470 करोड़ रुपये की मूल रकम चुकानी शेष है। इसबीच ईडी को पता चला है कि खुदाई कार्य को छोड़कर ओशिवारा प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य अभी तक शुरू भी नहीं हुआ है।

## होली के मौके पर रेलवे ने बढ़ाए स्पेशल ट्रेनों के फेरे

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे से हर रोज बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। अब होली त्योहार के अवसर पर रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिये हैं। ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। इसके लिए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनें भी चलाता है। रेलवे चल रही ट्रेनों के फेरे भी बढ़ा देता है। इसी कड़ी में त्योहार को देखते हुए पश्चिमी रेलवे ने दो जोड़ी ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों में 1 मार्च से आप बुकिंग करा सकते हैं। पश्चिमी रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 09051 मुंबई सेंट्रल-भुसावल ट्राई वीकली स्पेशल, भुसावल-मुंबई सेंट्रल गाड़ी संख्या 09324 इंदौर-पुणे वीकली स्पेशल और गाड़ी संख्या 09323 पुणे-इंदौर वीकली स्पेशल के फेरों को रेलवे ने बढ़ाया है।

## अमेरिकी सिंगर रिहाना को परफॉर्म करने के लिए अंबानी परिवार से मिली मोटी रकम

### -इंदौर से 65 रसोइयों को दिया गया खाने का जिम्मा

जामनगर। देश के सबसे धनी कारोबारी मुकेश अंबानी के छोटे सुपुत्र अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग प्रोग्राम में परफॉर्म करने के लिए 29 फरवरी को जामनगर पहुंचीं पॉप क्वीन रिहाना को अंबानी फैमिली ने करोड़ों रुपये दिए है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी का मशहूर पॉप सिंगर रिहाना को 8-9 मिलियन डॉलर की पेमेंट की गई है। भारतीय रुपयों में ये 66 से 74 करोड़ रुपये के बीच बनती है। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत



इस साल 12 जुलाई को उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। सिंगर रिहाना के अलावा अमेरिकी सिंगर और सांग राइटर जे ब्राउन और मल्टी-इंस्ट्रूमेंटलिस्ट, सांग राइटर और प्रोड्यूसर एडम ब्लैकस्टोन भी तीन दिन चलने वाले प्री-वेडिंग समारोह के लिए जामनगर पहुंचे हैं। इस भव्य कार्यक्रम में 1,000 से अधिक मेहमानों को न्यौता दिया गया है और वीवीआईपी लोगों की इस लिस्ट में बिल गेट्स और मार्क जुकरबर्ग सहित कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहमानों को लजीज पकवान परोसने के लिए इंदौर से 65 रसोइयों की एक स्पेशल टीम को इस विशेष कार्यक्रम का जिम्मा दिया गया है। बता दें कि मेनू में इंदौरी खाने पर खास फोकस रहने वाला है। समारोह में पैन-एशियाई पकवानों के अलावा पारसी भोजन से लेकर थाई, मैक्सिकन और जापानी फूड भी शामिल है। तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में कुल 2,500 तरह के पकवान मेनू में शामिल है, और भव्य आयोजन के दौरान उनमें से किसी को भी रिपीट नहीं किया जाएगा। नाश्ते में 75 से ज्यादा तरह के खाने के ऑप्शन में है, जबकि दोपहर के भोजन में 225 से ज्यादा तरह के पकवान परोसे जाएंगे। वहीं, रात के खाने में 275 तरह के व्यंजन और आधी रात के भोजन में 85 तरह की चीजें शामिल होंगी। कार्यक्रम में आधी रात के दौरान भोजन के लिए भी व्यवस्था की गई है और रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक मिडनाइट मील परोसी जाएगी। मेहमानों के लिए वेजेटेरियन खाने के ऑप्शंस की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

## आप नेता की सरे राह गोली मारकर हत्या

तरन तारन। तरनतारन के गोइंदवाल से बड़ी खबर सामने आई है। जहां आम आदमी पार्टी के विधायक के पीए की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी के नेता गुरप्रीत सिंह गोपी चोला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोइंदवाल साहिब जाते वक्त फाटक के पास खड़ी गाड़ी पर हमलावरों ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से गुरप्रीत सिंह गोपी चोला की मौके पर ही मौत हो गई। गोपी चोला सुल्तानपुर लोधी कोर्ट की पेशी पर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। पंजाब के तरनतारन में आम आदमी पार्टी के करीबी नेता और खडूर साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा के पीए की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना को हमलावर ने श्री गोइंदवाल साहिब के पास रेलवे फाटक बंद होने पर गाड़ी का पीछा करते हुए अंजाम दिया। गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी चोला निवासी चोहला साहिब जो आज सुबह अपनी कार से श्री गोइंदवाल साहिब के लिए निकले थे। जब गुरप्रीत सिंह की कार फतेहाबाद रेलवे फाटक के पास पहुंची तो फाटक बंद था। इसी दौरान रिवाल्वर कार सवार हमलावर पहले से ही उसका पीछा कर रहे थे। उन्होंने गुरप्रीत सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में गुरप्रीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

## नहीं मिली व्हीलचेयर, एयरपोर्ट पर बुजुर्ग की मौत, एयरलाइन कंपनी पर लगा भारी जुर्माना

मुंबई। मुंबई हवाईअड्डे पर एक बुजुर्ग यात्री की व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के कारण पैदल चलने से उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। मामले की जांच के बाद डीजीसीए ने एयर इंडिया कंपनी को एयरलाइन सीएआर का अनुपालन न करने का दोषी पाया है और 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह घटना 12 फरवरी को एयर इंडिया कंपनी के यात्री के साथ घटी थी. इस मामले में एक बुजुर्ग दंपत्ति को व्हील चेयर उपलब्ध नहीं कराने के कारण दुर्भाग्यवश एक यात्री की मौत हो गई. इस मामले की जाँच के पश्चात डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख का जुर्माना लगाया है. इससे टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया को तगड़ा झटका लगा है। बता दें कि बीते महीने 12 फरवरी को व्हीलचेयर न मिलने के कारण एक यात्री की मौत हो गई। फ्लाइट में 80 साल का एक यात्री अपनी पत्नी के साथ सफर कर रहा था. मुंबई में उतरने के बाद यात्री ने क्रू से व्हीलचेयर मांगी. चूँकि वहाँ केवल एक व्हीलचेयर थी, इसलिए उनकी पत्नी को व्हीलचेयर दी गई। जब यह यात्री डेढ़ किलोमीटर पैदल चल रहे थे तभी उन्हें जोरदार दिल का दौरा पड़ा। अस्पताल में भर्ती कराए जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई.

**कंपनी का दावा**- इन यात्रियों ने विमान में व्हीलचेयर भी पंजीकृत कराई। बुजुर्ग की पत्नी भी व्हीलचेयर पर सफर कर रही थीं. लेकिन एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर की कमी के कारण इस बुजुर्ग को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं हो पाई. काफी दूर चलने के बाद उन्हें चक्कर आया और वह गिर पड़े। इस संबंध में पूरे मामले की जांच करने वाले नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया. फिर टाटा एयरलाइन कंपनी ने 20 फरवरी को इसका जवाब भेजा. इसमें कंपनी ने दावा किया कि यात्री दूसरी व्हीलचेयर का इंतजार करने के बजाय अपनी पत्नी के साथ पैदल ही चल पड़े जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी।

# 'तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की राह पर भारत', राजीव चंद्रशेखर बोले- मोदी सरकार ने प्रदर्शन की राजनीति की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भारत के पिछले दशक में परिवर्तनकारी परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की 'प्रदर्शन की राजनीति' की सराहना की। चन्द्रशेखर ने रिकॉर्ड 8.4त्न जीडीपी वृद्धि हासिल करते हुए 'नाजुक पांच' से 'शीर्ष पांच' अर्थव्यवस्थाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव पर प्रकाश डाला। चन्द्रशेखर ने यूपीए के 'खोए हुए दशक' की तुलना एनडीए की उपलब्धियों से की, उन्होंने मुद्रास्फीति में कमी, मजबूत वित्तीय प्रणाली और एनपीए में कमी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारे देश में जबरदस्त, गहरे, संरचनात्मक और स्थायी परिवर्तन हुए हैं। सबसे निर्णायक परिवर्तनों में से एक प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की 'प्रदर्शन की राजनीति' रही है।

राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि पीएम मोदी जी की अभूतपूर्व पैमाने पर परिवर्तन और क्रियान्वयन करने और दशकों से अनसुलझी समस्याओं का समाधान प्रदान करने की क्षमता भारत के बारे में कहानी बदल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के तहत 2004-2014 की अवधि भारत के लिए एक 'खोया हुआ दशक' था। 2014 से पीएम मोदी जी ने तबाह हो चुकी अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करना शुरू कर दिया। मोदी जी के नेतृत्व में 2019-24 के कालखंड ने विकसित भारत की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि हमें ध्यान देना चाहिए कि भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 8.4प्र. जीडीपी विकास दर दर्ज की है। यह मोदी सरकार के प्रयासों और क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ बताता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशेष रूप से, यूपीए शासन के तहत 'लॉस्ट डिकेड' के दौरान, भारत दुनिया की फ्रैजाइल-फाइव अर्थव्यवस्थाओं की सूची में था। उनके शासन की अंतिम तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर केवल 5.3प्र. थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी के कुशल नेतृत्व में 'प्रदर्शन की राजनीति' और यूपीए शासन के तहत भ्रष्टाचार और भाईचारे के 'खोए हुए दशक' के बीच एक बड़ा अंतर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारी वित्तीय प्रणाली दुनिया की सबसे मजबूत वित्तीय प्रणालियों में से एक है। यह समावेशी है, और स्टार्टअप्स को उच्च क्रेडिट प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, गैर-लाभकारी परिसंपत्तियां (एनपीए) दशक के निचले स्तर 3.9प्र. पर हैं।


चन्द्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि सेमीकंडक्टर और उच्च प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में देश पिछले 65-75 वर्षों में जो हासिल नहीं कर सका, सरकार के पास अब उनमें निवेश करने के लिए संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि कैबिनेट ने पहले ही इस उद्देश्य के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण धनराशि को मंजूरी दे दी है। पिछले दो वर्षों में सेमीकंडक्टर के लिए प्राप्त कुल निवेश प्रस्ताव 2.5 लाख करोड़ रुपये हैं, जो अर्थव्यवस्था की वृद्धि और उपलब्ध संसाधनों का प्रमाण है। भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.4त्न की वृद्धि के साथ-साथ राजनीतिक संस्कृति का श्रेय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाता है, जिसे वैश्विक मंच पर मान्यता मिली है और लोगों द्वारा इसकी सराहना की गई है।

## 3300 किलो ड्रग्स लेकर पाकिस्तान के रास्ते भारत पहुंची बोट

### -पांच विदेशी नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। गुजरात में भारतीय समुद्री सीमा के अंदर 3300 किलो ड्रग्स से भरी विदेशी बोट ईरान के चाबहार पोर्ट से पाकिस्तान होकर भारत आई थी। इस पर पांच विदेशी नागरिक सवार थे। जांच में सामने आया है कि पाकिस्तान सामान का आदान-प्रदान किया गया। बोट के लिए ईंधन और खाने-पीने का सामान लिया। इसके बाद वे लोग गुजरात में तट से करीब 60 नॉटिकल माइल्स अंदर अरब सागर में पकड़े गए थे। शुरू में उनके पास हथियार भी होने का शक था, लेकिन जब नेवी के मरीन कमांडो ने हेलिकॉप्टर और बोट से उन्हें समुद्र के अंदर ही आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया। पता लगा चला कि उनके पास हथियार नहीं थे। उन्होंने बताया कि वे ईरान से पाकिस्तान होकर भारत आए थे। इसके पहले भी कई बार ड्रग्स से भरी बोट लेकर भारत आ चुके हैं। इसमें पिछले साल मई में कोच्चि में समुद्र में पकड़ी गई ड्रग्स की एक खेप में भी इनके शामिल होने का शक है। उसमें एक पाकिस्तानी नागरिक पकड़ा गया था। इस ताजा मामले में गिरफ्तार पांच विदेशी नागरिकों में चार ईरानी और एक पाकिस्तानी नागरिक हैं। पहले एक ईरानी खुद को पाकिस्तानी बता रहा था। उनमें एक बोट का कैप्टन और बाकी अलग-अलग कामों के लिए थे। उन्हें समुद्री रास्तों की अच्छी जानकारी है। एनसीबी अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ सालों से समुद्र के रास्ते ड्रग्स की तस्करी बढ़ी है। इसके लिए एनसीबी नेवी, संबंधित स्टेट पुलिस, आईबी, कोस्ट गार्ड और अन्य संबंधित एजेंसियों की मदद लेकर समुद्री ड्रग्स तस्करों के खिलाफ एक्शन ले रही है। मामले में पाकिस्तान के कराची में बैठे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की ड्रग्स तस्करी को संभालने वाले मास्टरमाइंड हाजी सलीम के शामिल होने की भी जांच की जा रही है।

# भाजपा को चंदा देने चले थे जज साहब, हो गए ढाई करोड़ की ठगी का शिकार




**हैदराबाद (एजेंसी)।** भाजपा को चुनावी चंदा देने के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के लिए सेवानिवृत जज ने ढाई करोड़ रुपए दे दिए। कुछ दिनों पर भी उन्हे कोई बांड नहीं मिला। इसके बाद उन्होनें प्रकरण दर्ज कराया। इलाहाबाद और आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस डीएसआर वर्मा ने हैदराबाद पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करा शिकायत की है कि उनके साथ दो लोगों ने 2.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जालसाजों ने कथित तौर पर बीजेपी के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के नाम पर उनसे ये रकम ली थी लेकिन कभी बॉन्ड खरीदे ही नहीं गए।

2010 में अपने पद से सेवानिवृत होने वाले जज साहब ने तीन दिन पहले यानी 27 फरवरी को हैदराबाद के एक थाने में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उनके परिवार ने आपस में मिलकर ये रकम जुटाई थी। बकौल पूर्व जज, परिवार से इकट्ठा करने के बाद ये रकम दोनों आरोपियों को भुगतान की गई थी ताकि वे इलेक्टोरल बॉन्ड खरीद सकें लेकिन कभी कोई बॉन्ड जारी ही नहीं किया गया। शिकायत में कहा गया है कि ये बॉन्ड भाजपा के पक्ष में जारी किए जाने थे।

एफआईआर में जिन दो लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें एक नरेंद्रन और दूसरा सरथ रेड्डी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर में पूर्व जज ने आरोप लगाया है, नरेंद्रन, जो हमारे रिश्तेदारों का एक परिचित व्यक्ति है, अपने परिचय का फायदा उठाते हुए मेरे पास आया और केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के लिए कुछ चंदे की मांग की जिसे बॉन्ड के माध्यम से स्वीकार किया जाना था। नरेंद्रन ने सरथ रेड्डी को हमसे रकम लेने का जिम्मा सौंपा था। (कहा जाता है कि सरथ रेड्डी आत्मिया होम्स नाम की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में शामिल हैं)।

पूर्व जज ने यह भी आरोप लगाया कि सरथ रेड्डी ने उन्हें और उनके पोते-पोतियों को संयुक्त राज्य अमेरिका में सम्मानजनक स्थान देने का वादा किया था, क्योंकि वह इलाहाबाद और आंध्र प्रदेश के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश रह चुके हैं। रिटायर्ड जज ने कहा कि वह और उनका परिवार उसके झांसे में आ गया और उनकी पत्नी और बेटी ने 2021 में समय-समय पर कुल 2.5 करोड़ रुपये उसे दे दिए। उन्होंने कहा कि व्हाटसएप पर उसके साथ चैट टेक्स्ट के सबूत भी हैं।

पूर्व जज ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि ना तो उनके परिजनों को अमेरिका में मदद दी गई और ना ही उनके दिए गए रकम से कोई इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा जा सका।

## सतर्क रहे किसान, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश में भारी बारिश की संभावना

### -कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थानों पर रखे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईएमडी यानी भारत मौसम विज्ञान ने पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों मे भारी बारिश की संभावनाएं जाहिर की हैं। साथ ही मौसम विभाग ने किसानों को भी अलर्ट कर फसलों से जुड़ी एडवाइजरी जारी की है। अनुमान है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस या पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिम हिमालयी क्षेत्र और उत्तरी मैदान में 1 से 3 मार्च तक मौसम तेजी से बदल सकता है।

आईएमडी का कहना है कि उत्तरी राजस्थान के किसान जल्द गेहूं, ज्वार और सरसों की कटाई कर लें और उपज को किसी सुरक्षित स्थान पर रख लें। साथ ही मौसम विभाग का कहना है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में खेतों से पानी को बाहर निकलने की व्यवस्था रखे, ताकि जल जमाव की स्थिति से बचा जा सके। इसके साथ ही इन राज्यों के किसानों को भी कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की सलाह दी है। जम्मू-कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में रात से 3 मार्च तक बारिश/बर्फबारी के आसार हैं। पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्सों और मध्य प्रदेश में 1 से 3 मार्च के बीच बारिश की काफी संभावनाएं हैं। इस दौरान 2 मार्च को तेज हवाएं और कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं।1 और 2 मार्च को पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली में तेज आंधी-तूफान के साथ मध्यम बारिश के आसार हैं। वहीं, इस दौरान उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी बारिश हो सकती है।

## आधी रात को जेएनयू के छात्रों में हुई हिंसक झड़प, कई घायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजनीति की पाठशाला कहा जाने वाला जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय अब हिंसक झड़क का ठिया बनने लगा है। आए दिन विवाद और झगड़े होते नजर आते हैं। बीती रात जेएनयू में भाषा संस्थान में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर गुरुवार रात दो छात्र समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए। छात्र गुटों में मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि झड़प में घायल कुछ छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का एक कथित वीडियो (अपुष्ट) सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति कुछ छात्रों को छड़ी से पीटता दिखाई दे रहा है वहीं एक अन्य क्लिप में एक व्यक्ति छात्रों पर साइकिल फेंकते दिखाई दे रहा है।

जेएनयू में 2024 के जेएनयू छात्र संघ चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के सदस्यों को चुनने के लिए साबरमती ढाबे पर विश्वविद्यालय आम सभा की बैठक (यूजीबीएम) बुलाई गई थी, तभी छात्र गुटों में झड़प हो गई थी। वाम दल से संबद्ध डीएसएफ ने आरोप लगाया कि एबीवीपी के सदस्य मंच पर चढ़ गए और उन्होंने परिषद के सदस्यों तथा वक्ताओं के साथ धक्का-मुक्की की। घटना के बाद सोशल मीडिया पर दोनों गुटों द्वारा शेयर किए गए वीडियो में एबीवीपी और जेएनयू छात्र संघ के सदस्यों को नारेबाजी के बीच बहस करते हुए देखा गया था।

वहीं घटना के एक अन्य कथित वीडियो में भी कुछ लोग अन्य लोगों के साथ मार-पीट करते दिखाई दे रहे हैं और विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मी उन्हें बचाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और वामपंथी समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस घटना पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है और न ही घायल छात्रों की संख्या के बारे में कोई जानकारी मिल सकी है।

बता दें कि, जेएनयू में छात्र गुटों में झड़प का यह कोई पहला मामला नहीं है। बीते महीने 10 फरवरी को बी जेएनयू कैंप में छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर बुलाई एक बैठक के दौरान एबीवीपी और लेफ्ट गुट के बीच झड़प हो गई थी। जिसमें दोनों पक्षों ने अपने कुछ सदस्यों के घायल होने का दावा किया था। दोनों पक्षों ने इस झड़प के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाए थे।

## संदेशखाली हिंसा मामले ने 42 सीटों पर बढ़ा दी ममता की टेंशन

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली में हुई हिंसा अब सियासी रंग में रंग गई है। टीएमसी और भाजपा में इसी को लेकर जंग चल रहा है। पश्चिम बंगाल की करीब 42 सीटों पर इसका प्रभाव हो सकता है। इस तरह की कई सियासी चर्चाओं के बीच पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों की व्यूह रचना में संदेशखाली का मुद्दा काफी अहम हो गया है। चुनाव के ठीक पहले सामने आए इस मुद्दे ने तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी की निजी तौर पर चिंता बढ़ा दी है। डैमेज कंट्रोल की कोशिश हो रही है लेकिन भाजपा इस मुद्दे को गरम बनाए रखते हुए चुनाव की रणनीति को इसके आसपास रखना चाहती है। आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में भी इसकी झलक साफ मिलेगी। हालांकि ममता अपने कार्यकर्ताओं को संदेश दे चुकी हैं कि सिंगुर, नंदीग्राम की इससे कोई तुलना नहीं हो सकती।तृणमूल नेता भाजपा शासित राज्यों में महिला उत्पीड़न का मामला उठाकर पलटवार कर रहे हैं।

10 मार्च को बड़ी रैली में ममता भाजपा के सारे आरोपों का जवाब देंगी। संभवतः इसके पहले वह संदेशखाली का दौरा भी करें लेकिन पार्टी अंदरूनी स्तर पर महसूस कर रही है कि यह मुद्दा राजनीतिक रूप से राज्य में मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। महिलाओं के सड़क पर आने से ममता की चिंता बढ़ी है इसलिए शेख शाहजहां पर कार्रवाई को ढाल बनाकर बचने की कोशिश हो रही है। हालांकि जानकार मानते हैं कि इस मुद्दे ने ममता की राजनीति और उनकी छवि पर असर डाला है। मुख्यमंत्री ममता ने विधानसभा में कहा था कि उस इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ रहा है। तृणमूल का कहना है कि भाजपा इसे हिंदुत्व की प्रयोगशाला बनाना चाहती है और कोशिश मतों के ध्रुवीकरण की है जबकि भाजपा का कहना है कि यह पश्चिम बंगाल में अपराध के राजनीतिक गठजोड़ का उदाहरण है। फिलहाल पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में जीत-हार पर यह मुद्दा कितना असर डालेगा, अभी कहना मुश्किल है लेकिन हर तरह के



दांव-पेच जारी हैं। पिछले चुनाव में ममता की अगुवाई में तृणमूल कांग्रेस को 22 सीट मिली थी। वहां भाजपा को 18 और कांग्रेस को दो सीट पर जीत मिली थी। इस बार भाजपा पूरा जोर अपनी संख्या बढ़ाने पर लगा रही है। वहीं शरद पवार सहित विपक्ष के कई नेताओं ने ममता को राजनीतिक परिस्थिति के मुताबिक विपक्षी एकता के साथ चुनाव लड़ने की सलाह दी है।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने क्यों कहा, कोई इंडिया गेट को खरीद कर वहां घर बना लेगा




नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन रोक से इंकार कर हाई कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि अवैध निर्माण की स्थिति दिल्ली में ऐसी है कि कोई इंडिया गेट को भी खरीदकर वहां पर घर बना लेगा। कोर्ट ने स्पेशल टास्क फोर्स की ओर से द्वारका सहित कई इलाकों में चल रहे धस्वतीकरण कार्रवाई पर स्टे लगाने से इंकार किया। बिल्डर्स और प्रभावित संपत्ति मालिकों ने अलग-अलग याचिका दायर करते हुए तुरंत कार्रवाई रोकने का आदेश देने की गुजारिश की थी। छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का हवाला देकर बीएसईएस से बिजली आपूर्ति बहाल कराने की भी मांग की गई थी। हालांकि, बेच ने सहमत नहीं हुआ और इस दस्तावेजी सबूतों की मांग की जो साबित करें कि निर्माण वैध है। कोर्ट ने नाराजगी पेश कर कहा, यह सच में गजब है कि लोग पहले कानून तोड़ते हैं, फिर कोर्ट चले आते हैं। आप साफ हाथ के साथ नहीं बल्कि सने हुए हाथ लेकर आए हैं। स्थिति ऐसी है कि कोई इंडिया गेट को खरीद सकता है और वहां घर बना लेगा। आज पूरा शहर रहने लायक नहीं बचा। जब बिल्डर्स की तरफ से वकील ने कोर्ट से हस्तक्षेप कर ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग की तब अदालत ने कहा, मगरमच्छ के आंसू मत बहाओ। हमें सेंक्शन प्लान दिखाए, कुछ ऐसा दिखाइए जिसके आधार पर हम कार्रवाई रोक सकें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इसतरह के खरीदारों की मुश्किलों को भी माना जो ऐसी जमीनों को खरीदते हैं और उस पर निर्माण करते हैं फिर ध्वस्तीकरण का सामना करना पड़ता है। हालांकि, कोर्ट ने संकेत दिया कि इसमें अधिक कुछ नहीं किया जा सकता है।

# गैंगस्टरों में दुश्मनी: पुरानी रंजिश के चलते नफे सिंह राठी की हत्या हुई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। पुलिस जांच और मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक माना जा रहा है कि राठी और कपिल सांगवान के बीच पुरानी दुश्मनी चल रही है। सांगवान वही गैंगस्टर है जिसने सोशल मीडिया पर नफे सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली है।

कपिल सांगवना ने बुधवार को ही नफे सिंह राठी की हत्या कराने की जिम्मेदारी ली थी। उसने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी थी। सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार नफे सिंह राठी का याराना कपिल सांगवान के प्रतिद्वंद्वी गैंगस्टर मनजीत महल से था। इसी के चलते कपिल सांगवान खफा था और उसने नफे सिंह राठी की हत्या करा दी। हरियाणा पुलिस फिलहाल पोस्ट को वेरिफाई कर रही है। कहा जाता है कि मनजीत ने सांगवान के एक रिश्तेदार की हत्या कर दी थी। उसके बाद से ही दोनों की रंजिश चल रही है। फिर 2017 में सांगवान ने मनजीत के पिता श्रीकृष्ण की हत्या कर दी थी। उसके बाद से यह रंजिश और बढ़ी है। कपिल सांगवान ने सोशल मीडिया पर बताया कि नफे सिंह राठी ने मनजीत महल की मदद की थी, तभी उसके रिश्तेदार सुनील की हत्या हुई थी। कपिल सांगवान ने धमकी देते हुए अंदाज में कहा कि जो भी मेरे दुश्मनों का समर्थन करेगा, उसे अंजाम भुगतना होगा। बहादुरगढ़ जानता है कि नफे सिंह राठी जब सत्ता में था तो उसने कई लोगों का अपहरण किया और हत्याएं कीं। उसकी सत्ता के आगे कोई बोल नहीं पाता था। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार कपिल सांगवान का बड़ा भाई ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा ने कपिल से कहा था कि वह बदला ले। उसके ही आदेश पर यह कांड हुआ।

पुलिस यूके में बसे इस गैंगस्टर के रोल का पता लगा रही है। इस घटना में नफे सिंह राठी के सहायक और नेता जय किशन की भी हत्या कर दी गई थी। झज्जर के बहादुरगढ़ में हुई इस घटना से हर कोई हैरान है और हरियाणा की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बीच यूके में रह रहे गैंगस्टर कपिल सांगवना उर्फ नंदू के जिम्मेदारी लेने से इस मामले में चिंताएं और बढ़ गई हैं। कपिल सांगवान दिल्ली के नजफगढ़ का रहने वाला है और महज 32 साल का ही है। उसके खिलाफ भारत में मर्डर, हत्या के प्रयास, फिरौती, लूट और आर्म्स ऐक्ट समेत 18 मामले दर्ज हैं। ये केस सांगवान पर राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में दर्ज हैं। होटल मैनेजमेंट का कोर्स बीच में छोड़कर कपिल सांगवान अपराध की दुनिया में चला गया था। वह हरियाणा के ही मानेसर के एक कॉलेज से पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने कपिल सांगवान की गिरफ्तारी पर 2 लाख रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा है। कपिल सांगवान 2014 में पहली बार जेल गया था। उस पर फिरौती का केस दर्ज हुआ था। इसी साल उस पर लूट का भी केस हुआ था। सांगवान को फिर राजस्थान में 2016 में अरेस्ट किया गया था। इसके बाद 2019 में सांगवान के खिलाफ मकोका का केस दर्ज हुआ था।



2020 में वह जब पेरोल पर जेल से निकला तो यूके ही भाग गया। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि फर्जी पासपोर्ट बनवाकर सांगवान पहले थाइलैंड गया था, फिर दुबई निकल गया और बाद में वहीं से यूके चला गया।

## चंद्रयान-3 जैसा ही कुछ नया करना चाहता है अमेरिका

वॉशिंगटन। भारत ने जिस तरह से चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग की थी उसको लेकर पूरी दुनिया हैरान थी। इस कामयाबी को अब दूसरे देश में अपनाना चाहते हैं। शायद यही कारण है अमेरिका भी कुछ इसी तरह का करने जा रहा है। इस तरह की कामयाबी मिले इससे पहले अमेरिका का एक अंतरिक्ष यान (स्पेसक्राफ्ट) चांद की सतह पर एक सप्ताह तक तड़पने के बाद गुरुवार को गहरी नींद में सो गया। ओडीसियस नाम का ये स्पेसक्राफ्ट एक सप्ताह पहले ही लॉन्च किया गया था। यह एक प्राइवेट अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स का स्पेसक्राफ्ट है। हालांकि चंद्रमा पर लैंड होते ही इसका एक पैर टूट गया और यह तिरक्षा हो गया। इसके बाद काफी कोशिशें की गईं लेकिन इसे खड़ा नहीं किया जा सका। आखिरकार धरती पर इसके कंट्रोलर ने इसे गुरुवार को सुला दिया। इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल के अनुसार, आखिरी समय में उठाए गए कुछ कदमों के चलते लैंडर की बैटरियां तेजी से खत्म होने लगी थीं। इसलिए इसके डेड होने से पहले उसे लंबे समय तक गहरी नींद में सुला दिया गया है। कंपनी ने एक्स पर लिखा, गुड नाइट, ओडी। हमें उम्मीद है कि हम आपसे फिर मिलेंगे। ओडीसियस को एक सप्ताह के मिशन के लिए चंद्रमा पर भेजा गया था। इसने उम्मीदों के मुताबिक अच्छा प्रदर्शन किया। इंटुएटिव मशीन्स ने 22 फरवरी को ओडीसियस के लैंडर को सफलतापूर्वक चांद पर उतारा था। यह चंद्रमा पर उतरने वाली अमेरिका की पहली निजी कंपनी बन गई। इस उपलब्धि ने उन्हें जापान सहित उन कुछ देशों में शामिल कर दिया, जिन्होंने 1960 के दशक के बाद से ऐसी लैंडिंग पूरी की है। 11 घंटे की गड़बड़ी के बावजूद यह छह पैरों वाला स्पेसक्राफ्ट पिछले गुरुवार को सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर पहुंचा था। लेकिन इसकी लैंडिंग थोड़ी अजीब हुई। भारत के चंद्रयान-3 की तरह इसकी लैंडिंग एकदम सीधी नहीं हुई। यह झुका हुआ चांद पर उतरा जिससे यह किसी ऑपरेशन को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो पाया।



## धरती को ठंडा रखने के लिए वैज्ञानिकों ने बनाया प्लान

लंदन। धरती काफी तेजी से गर्म हो रही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में धरती का तापमान लगभग 1.5 डिग्री तक बढ़ेगा। इससे दुनिया के कई हिस्सों में सूखा पड़ेगा। अकाल की नौबत आएगी और लाखों लोगों के मारे जाने की आशंका है। इसलिए वैज्ञानिक वर्षों से धरती को और गर्म होने से रोकने की कोशिशों में जुटे हैं। इसी कड़ी में कुछ अमेरिकी वैज्ञानिकों ने एक नई तरकीब खोजी है। उनका मानना है कि अगर सिर्फ ये कर लिया जाए तब धरती का तापमान बढ़ने से रोका जा सकता है। पानी का वाष्प एक कुदरती ग्रीनहाउस गैस है। यह गर्मी को पार नहीं जाने देता। यह ठीक उसी तरह काम करता है, जैसे कोयला, तेल या गैस के जलने पर निकलने वाली कार्बन डाईऑक्साइड गैस करती है। इसलिए यह कार्बनडाई ऑक्साइड की तरह ही खतरनाक है। इसीलिए वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर धरती ऊपरी वातावरण में मौजूद इन वाष्?प को सुखा दिया जाए तब गर्मी को बाहर निकलने का रास्ता मिलेगा। इससे धरती का तापमान कम हो जाएगा, यानी धरती ठंडी हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैज्ञानिक वातावरण के उस हिस्से में बर्फ फेंकना चाहते हैं, ताकि वह हिस्सा ठंडा हो जाए। हालांकि, इसके कई खतरे भी हैं। इस तुरंत लागू नहीं कर सकते, इसमें और रिसर्च की जरूरत है। लेकिन यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिससे हम धरती को बचा सकते हैं। हम अत्याधुनिक विमान के द्वारा धरती से 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर बर्फ के कणों को हवा में फेंकने की बात कह रहे हैं। बर्फ वाष्पकणों को ठंडा कर देगा। लेकिन इसके लिए कितने बर्फ की जरूरत होगी? इस सवाल पर उन्होंने कहा, हर हफ्ते दो टन बर्फ हवा में छोड़नी होगी। ऐसा करने से तापमान 5 डिग्री तक कम हो सकता है। बहुत ज्यादा कमी नहीं होगी, और प्रदूषण में भी कमी आएगी।

## अमेरिका में सरकारी शटडाउन का टला खतरा, सीनेट ने विधेयक को मंजूरी दी

वाशिंगटन। डेमोक्रेटिक-बहुमत अमेरिकी सीनेट ने आंशिक सरकारी शटडाउन को रोकने के लिए अल्पकालिक स्टॉपगैप खर्च बिल को मंजूरी दे दी। रिपब्लिकन-नियंत्रित प्रतिनिधि सभा ने फंडिंग खत्म होने से 36 घंटे से भी कम समय पहले इसका समर्थन किया था। यह विधेयक सीनेट में द्विदलीय 77-13 वोटों से पारित हुआ, अब कानून में हस्ताक्षर करने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन के पास जाएगा। यह बाइडेन सरकार के एक हिस्से को 8 मार्च तक और दूसरे हिस्से को 22 मार्च तक फंड करने की समय सीमा तय करेगा। एक बयान में बाइडेन ने कहा कि यह मार्ग अमेरिकियों के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि यह हानिकारक शटडाउन से बचाता है, लेकिन साथ ही कहा कि यह एक अल्पकालिक समाधान है, दीर्घकालिक समाधान नहीं। इसके पहले सदन में अल्पकालिक स्टॉपगैप उपाय को मंजूरी देने के लिए 320-99 वोट में 207 डेमोक्रेट 113 रिपब्लिकन में शामिल हो गए, जिससे कांग्रेस को 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए वित्त पोषण पर सहमत होने के लिए अधिक समय मिलता है। रिपब्लिकन हाउस के अध्यक्ष माइक जॉनसन और बहुमत नेता चक शूमर, एक डेमोक्रेट, के बीच वित्तीय वर्ष के लिए 1.59 ट्रिलियन विवेकाधीन व्यय स्तर पर सहमति हुए लगभग दो महीने बीत चुके हैं।

## अयाज सादिक नेशनल असेंबली के अध्यक्ष चुने गए

लाहौर। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के विधायक सरदार अयाज सादिक को मतदान प्रक्रिया के समापन के बाद नेशनल असेंबली का अध्यक्ष चुना गया। पीएमएल-एन राजनेता ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित स्वतंत्र विधायक मलिक आमिर डोगर को हराया, जिन्हें सदन में सुन्नी इत्तेहाद (एसआईसी) परिषद के सांसदों का समर्थन प्राप्त था। कुल 291 वोट पड़े जिनमें से एक अवैध घोषित किया गया। सादिक ने 199 वोटों के साथ स्पीकर की प्रतियोगिता जीती, पीएमएल-एन, पीपीपी के सदस्यों और निचले सदन में उनके नामांकन का समर्थन करने वाले अन्य सांसदों से बहुमत हासिल किया। सादिक के प्रतिद्वंदी डोगर को सिर्फ 91 वोट ही मिल सके। यह दूसरी बार है जब वे स्पीकर बने हैं। सादिक ने 2013-2018 तक 14वीं नेशनल असेंबली में स्पीकर के रूप में कार्य किया था। परिणाम घोषित होने के बाद सादिक डोगर से मिले और वहां उन्होंने अन्य एसआईसी सांसदों से भी मुलाकात की। सादिक को अब निवर्तमान स्पीकर राजा परवेज अशरफ शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण के बाद नए स्पीकर तुरंत सदन की कमान संभालने वाले है। इसके बाद अशरफ अपने पद से हट जाएंगे।

## पुतिन ने अपने मतदाताओं को संबोधित कर पश्चिम को चेतावनी दी

मास्को। रूसी राष्ट्रपति ने यूक्रेन में अपने उद्देश्यों को पूरा करने की कसम खाकर दावा किया कि उनके देश के नागरिक आक्रमण का भारी समर्थन कर रहे हैं। पुतिन ने अपने राज्य-राष्ट्र संबोधन का उपयोग रूसी राष्ट्रीय एकता की सराहना करने और रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध में गहरी भागीदारी के खिलाफ पश्चिम को चेतावनी देने के लिए किया है। उनका भाषण उस चुनाव से पहले आया है, जिसमें उनका जीतना लगभग तय है, जबकि गंभीर दावेदारों को कानूनी तौर पर दौड़ से बाहर किया गया है। पुतिन ने कहा कि रूस अपनी संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा कर रहा है और अपने हमवतन लोगों की रक्षा कर रहा है। पुतिन की धमकी के बीच नाटो का बड़ा बयान सामने आया है। नाटो यूक्रेन के पक्ष में खड़ा रहेगा। नाटो यूक्रेन कांउसिल के जरिए संबंध मजबूत हैं। पुतिन ने रूसी सैनिकों की सराहना की और मौन रखकर लड़ाई में मारे गए लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में तथाकथित विशेष सैन्य अभियान को अधिकांश रूसी नागरिकों का समर्थन प्राप्त है। यह तब भी है, जब नए मतदान से साफ होता है कि यूक्रेन में युद्ध के लिए रूसियों का समर्थन टूट रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुमान है कि फरवरी 2022 में अपने पड़ोसी पर आक्रमण के बाद से देश पहले ही 400,000 से अधिक सैनिकों को खो चुका है, और कथित तौर पर इस साल के अंत तक यह आधे मिलियन के आंकड़े तक पहुंचने की ओर है। पुतिन ने कहा कि रूस के खिलाफ किसी भी पश्चिमी खतरे के विनाशकारी परिणाम होगा, जो रूस की परमाणु हथियार क्षमता का स्पष्ट संदर्भ था।



चीन के जियांग सेटलाइट केन्द्र से एक लॉन्ग मार्च 3 बी रोकेट कैरियर इंटरनेट सर्विस उपग्रेह लेकर रवाना हुआ।

## पीएम सुनक का पुलिस प्रमुख को आदेश, प्रदर्शन 'भीड़ तंत्र' में तब्दील नहीं हों


लंदन। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश के पुलिस प्रमुखों से कहा है कि प्रदर्शन 'भीड़ तंत्र' में तब्दील नहीं हों, यह सुनिश्चित करने के लिए वे अपने सारे अधिकारों का इस्तेमाल करें। सुनक ने बैठक के दौरान मंत्री और वरिष्ठ पुलिस प्रमुख एक नए 'लोकतांत्रिक पुलिसिंग प्रोटोकॉल' पर सहमत हुए। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी आई है। सुनक ने कहा, इस पर आम सहमति बढ़ रही है कि भीड़तंत्र लोकतांत्रिक शासन की जगह ले रहा है। हमें सामूहिक रूप से इस तत्काल प्रभाव से रोकना होगा। उन्होंने कहा कि हिंसक और डराने वाले इसतरह के व्यवहार की अनुमति नहीं दी जा सकती है, जिसका मकसद स्वतंत्र बहस और निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपना काम करने से रोकना है। उधर, ब्रिटेन के विपक्षी दल लेबर पार्टी ने ब्रिटिश भारतीयों से जुड़ने और भारत से संपर्क बढ़ाने के लिए नए सामुदायिक संपर्क संगठन की शुरुआत की है। लेबर पार्टी ने यह कदम उस समय में उठाया है जब दोनों देशों में आम चुनाव की तैयारियां जारी हैं। पार्टी के शैडो विदेश सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसदीय परिसर में लेबर इंडियंस की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने अपनी हालिया यात्रा के बारे में बात की और अगले चुनाव में लेबर पार्टी के जीतने पर ब्रिटेन-भारत भागीदारी को लेकर अपनी आकांक्षाएं भी प्रकट कीं। लेबर पार्टी के नेता लैमी ने भारत को महाशक्ति बताकर कहा कि भारत के रणनीतिक महत्व को देखते हुए इस देश से रिश्ता दलगत राजनीति से परे है। लैमी ने कहा, भारत उद्यमशीलता, नवोन्वेष, वैज्ञानिक, औद्योगिक और जनसंख्या के आधार पर एक महाशक्ति है। उन्होंने कहा, बेशक, भारत के सामने अभी भी चुनौतियां हैं।



# पुतिन के खुफिया खुलासों से चीन के फूले हाथ-पैर

### हमला होने पर दगा देगा चीन पर परमाणु बम

**मास्को (एजेंसी)।** रूस की परमाणु हमले की योजना के खुलासे से दुनियाभर में हड़कंप है। रूस के इस सीक्रेट प्लान में चीन का भी जिक्र है। प्लान में कहा गया है कि अगर चीन के साथ युद्ध जैसी स्थिति आती है तब रूस टैक्टिकल न्यूक्लियर बम से हमला करेगा है। रूस की खुफिया युद्ध योजना साल 2009 से 2014 के बीच बनी थी। तब भी व्लादिमीर पुतिन ही रूस के राष्ट्रपति थे। इसमें कहा गया है कि चीन रूस के फार ईस्ट इलाके पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है। इस बड़े खुलासे के बाद चीन ने अब चुप्?पी साध ली है। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और चीन दोनों ही दावा करते हैं कि उनके बीच नो लिमिट वाली दोस्ती हो गई है। रूसी खुलासे के बाद अब चीन की सरकार सदमे में आ गई है।



रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन की सेना ने इस तरह के किसी चीनी हमले से निपटने के लिए कई बार जवाबी हमले का अभ्यास भी किया है। रूसी दस्तावेज के हवाले से कहा, कमांडर-इन-चीफ ने दुश्मन द्वारा दूसरी-इकोलोन इकाइयों को तैनात करने और दक्षिण द्वारा मुख्य हमले की ओर आगे बढ़ने की धमकी देने की स्थिति में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने का आदेश दिया है। साल 2008 से साल 2014 तक के गोपनीय दस्तावेज बताते हैं कि रूस पहले से स्वीकार किए गए स्तर से काफी कम सीमा पर परमाणु हथियारों को तैनात करने के लिए तैयार है, जिससे विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के बीच चिंता पैदा हो गई है।

लीक हुई सामग्री यह भी संकेत देती है कि रूस के पूर्वी सैन्य जिले ने चीनी हमले से जुड़े विभिन्न परिदृश्यों के लिए सक्रिय रूप से तैयारी की है, जो रूस की रक्षा रणनीति में उसके परमाणु शस्त्रागार की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है।

चीन के दूतावास ने कहा, सिद्धांत रूप में, चीन एक रक्षात्मक परमाणु रणनीति के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक न्यूनतम स्तर की परमाणु क्षमता बनाए रखता है। हमारा किसी भी देश के साथ परमाणु हथियारों की होड़ में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है। परमाणु हथियार रखने वाले देशों में चीन की एक अनूठी परमाणु नीति है और हमने लगातार उच्च स्तर की स्थिरता और सततता बनाए रखा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने इस पूरे मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## भारत के दबाव में श्रीलंका ने लिया ये फैसला, चीन हुआ नाराज



### -चीनी मीडिया ने श्रीलंका के खिलाफ उगाल जहर

**कोलंबो (एजेंसी)।** चीन के कथित रिसर्च जहाज हिंद महासागर में आते रहे हैं। यह जहाज श्रीलंका में रुकते रहे हैं, इस लेकर भारत हमेशा से जासूसी की चिंता जताता रहा है। भारत के दबाव में श्रीलंका ने इस बार चीन के जहाजों को रुकने की इजाजत नहीं दी, जिस पर ड्रैगन नाराज दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 3 जनवरी 2024 से एक साल के लिए देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र में अध्ययन करने के लिए चीनी अनुसंधान जहाजों को रोकने का फैसला लिया गया। इस फैसले पर चीन ने श्रीलंका के प्रति असंतोष जताया है।

हालांकि श्रीलंका ने सिर्फ चीन ही नहीं बल्कि सभी देशों के रिसर्च जहाजों पर रोक लगाई है। लेकिन इसका प्रभाव चीन पर ही पड़ेगा। श्रीलंका ने यह फैसला तब लिया जब चीनी रिसर्च जहाज जियांग यांग होंग 3 दक्षिण हिंद महासागर में एक्सप्लोरेशन के लिए आ रहा था। जहाज आधिकारिक तौर पर चीनी प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के तीसरे समुद्र विज्ञान संस्थान के स्वामित्व वाला है। भारत की सुरक्षा चिंताओं को देखकर श्रीलंका ने यह फैसला लिया था।

चीन के अधिकारी श्रीलंका के इस फैसले से नाराज थे। उन्होंने भारत के प्रभाव में ऐसा निर्णय लेने के लिए श्रीलंका को अपनी नाराजगी व्यक्त की। वहीं चीनी मीडिया ने भी श्रीलंका के खिलाफ जहर उगला था। श्रीलंका में जहाज को रोकने की जब जगह नहीं मिली तब चीन मालदीव पहुंचा। पिछले सप्ताह चीन का जहाज मालदीव के बंदरगाह पर रुका था, जो अब मालदीव से रवाना हो चुका है। यह जहाज 4,500 टन वाला है। चीन के मुताबिक जियांग यांग होंग 3 जहाज कर्मियों के रोटेशन और पुनः पूर्ति के लिए बंदरगाह पर रुका था।

## गुटेरेस ने की इजराइल हमले की निंदा

### -गाजा में खाद्य काफिले के आसपास हुए हमले में 100 से ज्यादा लोगों की मौत

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उत्तरी गाजा में खाद्य काफिले के पास हुए इजराइली हमले में 100 से अधिक लोगों की मौत हो जाने की निंदा की है और संघर्ष विराम की मांग की है। एक खाद्य काफिले के आसपास गुरुवार को हुई इस घटना में करीब 104 लोगों के मरने और 7 सौ से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। फ़िलिस्तीन से प्राप्त समाचार के मुताबिक, गाजा के स्वास्थ्य मंत्री ने बयान देते हुए कहा कि 8 अक्टूबर, से इजराइल द्वारा शुरु किए गए हमले में गाजा में मृतकों की संख्या 30 हजार के पार पहुंच गई है। इसके साथ ही गाजा सिटी क्षेत्र में गुरुवार को एक खाद्य काफिले के आस-पास जो घटना घटी है, उसमें करीब 104 लोग मारे गए और 700 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि मानवीय सहायता के लिए ट्रक का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइल के सैनिकों ने भारी मशीनगनों से हमला कर दिया। वहीं इस घटना की खबर दे रहे डुजारिक का कहना है कि, सेक्रेटरी जनरल ने उत्तरी गाजा में हुए हमले की निंदा की है, जिसकी जद में आकर जीवन रक्षक सहायता की मांग करने वाले लोगों की मौत हो गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस गाजा के संघर्ष में लोगों के मारे जाने से खुद को स्तब्ध पा रहे हैं। गौरतलब है कि गाजा में जारी संघर्ष की जद में आए कथित 30 हजार लोग अब तक मारे जा चुके हैं, जबकि 70 हजार लोग घायल हुए हैं। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि कई लोग मलबे के नीचे भी दबे हुए हो सकते हैं, लेकिन अभी तक उसकी कोई जानकारी नहीं है। यह अलग बात है कि उन्होंने अपने इस बयान में कहीं भी इजराइल का जिक्र नहीं किया है। मीडिया को जानकारी दे रहे डुजारिक ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र को तो इस घटना की प्रत्यक्ष जानकारी नहीं है कि आखिर यहं हुआ क्या है, लेकिन हिंसा के कारण घटना घटित हुई है। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने गाजा में हत्याओं को नरसंहार करार दिया है। उन्होंने जिनेवा में अधिकृत फ़िलिस्तीन क्षेत्र की एक बैठक के दौरान कहा, कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गाजा में हमारी आंखों के सामने जो भयावहता रची जा रही है, उसे शब्दों में बयां करने की कोई सीमा नहीं है।

## सऊदी अरब प्रशासन का आदेश, रमजान से पहले मस्जिदों में इफ्तार पर प्रतिबंध

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने रमजान से पहले मस्जिदों में इफ्तार पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 11 मार्च को शुरू होगा और इस साल 9 अप्रैल तक समाप्त होगा। सऊदी अरब के इस्लामिक मामलों के मंत्रालय ने 20 फरवरी, 2024 के आदेश में मस्जिद कर्मचारियों के लिए रमजान के महीने के दौरान पालन करने के लिए निर्देशों का एक सेट जारी किया था। मंत्रालय ने इमामों और मुअज्जिनों को इफ्तार दावतों के आयोजन के लिए वित्तीय दान एकत्र करने से प्रतिबंधित करने के आदेश भी जारी किए हैं। मंत्रालय ने आदेश रमजान के पवित्र महीने में मस्जिदों में साफ-सफाई को बनाए रखने के लिए जारी किया है। आदेश में कहा गया है, साम्राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में इमाम और मुअज़्ज़िन रोजेदारों और अन्य लोगों के लिए इफ्तार परियोजनाओं के लिए वित्तीय दान एकत्र नहीं करेगा। नोटिस में मस्जिदों के अंदर इफ्तार की दावतें आयोजित करने पर साफ-सफाई से समझौता किए जाने का मुद्दा उठाया गया है, जिसमें इमाम और मुअज्जिन को मस्जिदों के प्रांगणों में इन दावतों के आयोजन की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है और उन पर दावत खत्म होने के तुरंत बाद सफाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है, साफ-सफाई की चिंताओं के कारण मस्जिदों के अंदर इफ्तार कार्यक्रम आयोजित नहीं होने चाहिए, इसलिए मस्जिदों के प्रांगण में अस्थायी कमरों, तंबू आदि के उपयोग के बिना एक उचित स्थान तैयार किया जाना चाहिए और इफ्तार किया जाना चाहिए। इमाम और मुअज़्ज़िन की जिम्मेदारी के तहत, रोजा तोड़ने वाले का दायित्व है कि वह खाना खत्म करने के तुरंत बाद उस जगह को साफ करे। इसके अलावा, मंत्रालय ने मस्जिद परिसर के अंदर कैमरों के उपयोग को हतोत्साहित करते हुए कहा कि उनका उपयोग इमाम और नमाज अदा करने वाले उपासकों को रिकॉर्ड करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उपासकों की श्रद्धा कमजोर होती है।

## पाकिस्तान में रविवार को पीएम पद की शपथ ले सकते है शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सचिवालय ने देश के नए प्रधानमंत्री के चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ को रविवार को होने वाले निर्वाचन के मद्देनजर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कार्यक्रम के मुताबिक उम्मीदवार शनिवार अपराह्न दो बजे तक अपना नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच उसी दिन पूरी होगी। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया नवनिर्वाचित सांसदों को सौंपी गई है। 72 वर्षीय शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। जबकि उमर अयूब खान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उम्मीदवार हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन को देश में आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) का समर्थन मिला है।

# इमरान खान के इस धाकड़ नेता ने संभाली खैबर पख्तूनख्वा की कमान, सदन में दिखाए अपने तेवर, कहा- अधिकारों को छीनना जानते हैं



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जोरदार नारेबाजी के बीच खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा ने शुक्रवार को पीटीआई के अली अमीन गंडापुर को प्रांत का 22वां मुख्यमंत्री चुना। पीटीआई नेता ने पीएमएल-एन के प्रतिद्वंद्वी इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोटों से भारी जीत हासिल की। गंडापुर ने इससे पहले पीटीआई सरकार के दौरान संघीय मंत्री के रूप में कार्य किया था। उन्हें पिछले महीने जेल में बंद पार्टी के संस्थापक इमरान खान द्वारा प्रतिष्ठित पद के लिए नामांकित किया गया था। उन्होंने डेरा इस्माइल खान में एक नेशनल असेंबली सीट (एनए-44) और एक प्रांतीय सीट (पीके-113) पर चुनाव लड़ा। केपी में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार प्रांतीय सरकार बनाने के लिए पर्याप्त बहुमत में हैं।

पूरे सत्र के दौरान सदन इमरान खान समर्थक नारे गूंजते रहे, जेयूआई-एफ ने बहिष्कार किया। आज सीएम चुनाव के बाद अपने विजय भाषण में गंडापुर ने जोर देकर कहा कि वह स्वतंत्र क्षमता से मुख्यमंत्री बने हैं और इस बात पर अफसोस जताया कि कैसे उनकी पार्टी को 8 फरवरी के आम चुनाव में समान मैदान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि हम बदले की राजनीति नहीं करना चाहते। लेकिन साथ ही, पीटीआई नेता ने इस बात पर भी जोर दिया कि हम अपने अधिकारों को छीनना जानते हैं।

गंडापुर ने कहा कि वह आम चुनाव में धांधली के आरोपों की जांच के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यहां आएं और फॉर्म-45 के आधार पर जांच करें। उन्होंने कहा कि आप जिस भी निर्वाचन क्षेत्र में चाहें, वहां जांच कर सकते हैं। गंडापुर ने उग्र भाषण में कहा कि मैं पूरे प्रांत को आपके सामने रख रहा हूं। हमें उम्मीद है कि हर लोकतांत्रिक राजनेता कहेगा कि जनादेश वापस किया जाना चाहिए क्योंकि जनादेश चुराना जनता को धोखा देने और संविधान का उल्लंघन करने के समान है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के तत्काल इस्तीफे की भी मांग की और दावा किया कि पाकिस्तान का चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है। गंडापुर ने सुप्रीम कोर्ट से धांधली के आरोपों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने का भी आग्रह किया।



## भारत की अदिति एचएसबीसी महिला गोल्फ में संयुक्त 23वें स्थान पर पहुंची

**सिंगापुर ।**

भारत की अदिति अशोक एचएसबीसी महिला गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रुप से 23वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। विश्व में 40 वहीं वरीयत प्राप्त अदिति ने एलपीजीए एशियाई चरण की इस दूसरी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में पार 72 के स्कोर बनाया। अदिति ने 18 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता के पहले दौर में 5 बर्डी की पर इतनी ही बोगी भी कर गईं जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। अदिति गत सप्ताह ही होंडा एलपीजीए थाईलैंड में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थी। वहीं अमेरिका की सारा स्मेलजेल 4 अंडर 68 के स्कोर के साथ ही शीर्ष पर चल रही हैं। उन्होंने पांच बर्डी और एक बोगी की। वहीं न्यूजीलैंड ओपन में खेल रहे एकमात्र भारतीय पुरुष गोल्फर ज्योति रंधावा ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले दौर में 2 अंडर 69 का स्कोर बनाकर संयुक्त 51 वां स्थान हासिल किया।

# शैफाली के अर्धशतक से महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली ने आरसीबी को हराया

**बेंगलुरु ।**

दिल्ली कैपिटल्स ने यहां के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गये महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 25 रनों से हराया। इस मैच में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। दिल्ली की ओर से शैफाली वर्मा ने अर्धशतक लगाकर जबकि एलिसा केप्सी ने भी 46 रन बनाये। शैफाली ने 50 रन बनाये। इसके बाद बीच के ओवरों में मैरिजाना कैप ने 32 और जीस जोनोसेन ने 36 रन बनाकर अपनी टीम को स्कोर 194 रन तक पहुंचाया। इसके बाद 195 रनों के लक्ष्य का पीछा कतरे हुए आरसीबी को मंधाना ने 43 गेंदों पर 74 रन बनाकर अच्छी शुरूआत दी पर अंतिम ओवरों में आरसीबी ने 9 गेंदों पर 5 विकेट खो दिये जिससे उसे इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने पहले पावरप्ले में दिल्ली को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। ओपनर मेग लैनिंग और शैफाली वर्मा के लिए रन बनाना कठिन रहा।



पावरप्ले के बाद शैफाली ने तेज से आक्रमण शुरु कर दिया। शैफाली ने जहां 31 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जबकि एलिसा कैप्सी ने 33 गेंदों पर 4 चौके और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए। मध्यक्रम में मेरिजाना कैप ने 16 गेंदों पर 3 छक्कों के साथ 32 तो जेस जोनासेन ने 16 गेंदों पर 36 रन बनाकर स्कोर 194 तक पहुंचा दिया। अरुधंति ने भी 4 गेंदों पर 10 रन बनाए।

संक्षिप्त समाचार



## डब्लयूपीएल के बाद मल्टी डे महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करेगा बीसीसीआई !

**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए अब मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। हाल के दिनों में जिस प्रकार से महिला क्रिकेट आगे बढ़ा है उसी को देखते हुए अब बीसीसी को मल्टी डे महिला टूर्नामेंट के आयोजन का विचार आया है। पिछले कुछ सालों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जितनी तेजी से आगे बढ़ा है उससे बोर्ड उत्साहित है। इसी को देखते हुए अब वह 17 को डब्ल्यूपीएल के समाप्त होने के बाद इस टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई का ये मल्टी डे महिला टूर्नामेंट तीन दिन का होगा और 29 मार्च से पुणे में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें भाग लेंगी। इन टीमों को क्षेत्रों के आधार पर बांटा गया है। इसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, मध्य और नॉर्थ ईस्ट की टीम इसमें शामिल होंगी। ये टीमें पांच मैचों की सीरीज खेलेंगी। ये टूर्नामेंट 29, 30 और 31 मार्च को एक साथ होने वाले दो क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के साथ शुरू होगा। इस चरण के बाद चैंपियनशिप दो सेमीफाइनल तक पहुंच जाएगी, जो 5, 6 और 7 अप्रैल को खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल 9, 10 और 11 अप्रैल को होगा। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि शीर्ष वरीयता प्राप्त दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

## पीएसल में रुदरफोर्ड की आक्रामक बल्लेबाजी से क्वेटा ग्लेडिएटर्स जीती

**कराची।**

पाकिस्तान प्रीमियर लीग क्रिकेट (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के शेरफेन रुदरफोर्ड ने आक्रमक बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिलायी। पीएसएल के इस मुकाबले में क्वेटा ने रुदरफोर्ड की शानदार पारी की सहायता से अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। इस मैच में कराची ने इससे पहले खेलते हुए जेम्स विंस के 37, मोहम्मद नवाज के 28 और अनवर अली के 25 रन से 165 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वेटा को जेसन रॉय 52 और सऊद शकील 24 की अच्छी शुरूआत हुई। इसके बाद शेरफेन रुदरफोर्ड ने 31 गेंदों पर एक चौके और 6 छक्कों की सहायता से 58 रन बनाकर टीम को पांच विकेट रहते जीत दिला दी। वहीं इससे पहले कराची की शुरुआत खराब रही। कप्तान शान मसूद पहले ही ओवर में 2 रन बनाकर आऊट हो गए थे जबकि सीफर्ट 21 रनों का योगदान ही दे पायें। जेम्स विंस ने 37 रन बनाए। इसके अलावा शोएब मलिक ने 12 जबकि मोहम्मद नवाज ने 28 रन बनाए। किरोन पोलार्ड ने 10 गेंदों पर 13 और इरफान खान ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए। अंत में अनवर अली ने 14 गेंदों पर 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर स्कोर 165 पर पहुंचा दिया। वहीं क्वेटा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अकिल हुसेन ने 34 रन देकर दो विकेट लिए। इसी तरह अबरार अहमद ने 31 रन देकर 3 तो उसमान तारिक ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए।

# आईपीएल 2024: 15 मार्च से शुरू होगा केकेआर का मुख्य प्री-सीजन कैंप

**कोलकाता।**

आईपीएल 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। सभी टीमें अब अपनी-अपनी तैयारियों में जुट रही है। इस बीच दो बार की आईपीएल विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 सीजन से पहले अपना मुख्य प्री-सीजन कैंप 15 मार्च से कोलकाता में शुरू करने की जानकारी दी है। केकेआर का आईपीएल 2024 अभियान 23 मार्च को अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरू होगा। फ्रेंचाइजी ने अपडेट में आगे कहा कि उनके कुछ घरेलू भारतीय खिलाड़ी नवी मुंबई में चल रहे डीवाई पाटिल टी20 कप में खेल रहे हैं। जिसके बाद केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर ने इस सप्ताह के लिए मुंबई में केकेआर अकादमी में एक अस्थायी प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की है। इस सत्र के लिए मुंबई में केकेआर अकादमी में मौजूद खिलाड़ियों में उप-कप्तान नीतीश राणा, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुयश शर्मा, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, साकिब हुसैन और रमनदीप सिंह शामिल हैं। कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी, जिसकी कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे मुख्य प्री-सीजन कैंप के लिए कोलकाता में खिलाड़ियों के आगमन के बारे में अपडेट साझा करेंगे जिसमें उनके विदेशी खिलाड़ी भी शामिल होंगे। केकेआर पिछले दो सीज़न में आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रही और पिछले साल दुबई में आईपीएल 2024 प्लेयर नीलामी में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की सेवाओं के लिए 24.75 करोड़ रुपये खर्च किए।

इस बीच, दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार से अरुण जेटली स्टेडियम में अपना मिनी प्री-सीजन कैंप शुरू किया।

जहां उन्होंने एक इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला और अपने व्यक्तिगत कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया।

मिनी-कैंप पांच दिनों का होने की उम्मीद है, जिसमें इशांत शर्मा, कुमार कुशाग्र और प्रवीण दुबे जैसे खिलाड़ी अपने-अपने कौशल को निखारते नजर आएंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत तब करेगी जब वे 23 मार्च को दोपहर के मैच में मुल्लांपुर,



मोहाली के नव-विकसित महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेंगे।

## ईशान घरेलू टर्नामेंट में बीसीसीआई का लोगो लगा हेलमेट पहनने से निशाने पर आये

**मुम्बई ।**

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण उनको बीसीसीआई ने केन्द्रीय अनुबंध से बाहर किया। वहीं अब ईशान ने एक बार फिर बीसीसीआई का नियम तोड़ा है। इससे उनपर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

ईशान यहां डीवाई पाटिल टी20 कप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से खेलते हुए रन तो नहीं बना पाये पर बीसीसीआई का लोगो लगा हेलमेट पहनने के कारण निशाने पर आ गये हैं। वहीं बीसीसीआई के नियम के मुताबिक कोई भी खिलाड़ी घरेलू स्तर पर किसी भी तरह के क्रिकेट में बीसीसीआई का लोगो और टीम इंडिया की जर्सी का इस्तेमाल नहीं कर सकता है। अगर यदि कभी कोई खिलाड़ी ऐसा करता भी है तो उसे लोगो पर टेप लगाकर उसे छुपा कर मैदान पर उतरता होता है पर ईशान ने नहीं किया। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी आमतौर पर घरेलू




क्रिकेट में अपनी अपनी टीमों की ओर से खेलते हुए इसका इस्तेमाल करते थे पर कुछ समय पहले ही बीसीसीआई ने इसपर सख्ती बरतते हुए नियम बना दिया। ईशान जिस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं उसी टूर्नामेंट में बल्लेबाज तिलक वर्मा भी खेल रहे थे पर उनके हेलमेट पर बड़ा सा टेप चिपका हुआ नजर आया। जिससे बीसीसीआई का लोगो छुपा हुआ था। यदि कोई खिलाड़ी अपने हेलमेट पर बीसीसीआई का लोगो लगाकर अपनी घरेलू टीम की ओर से उतरता है तो उसे मैदानी अंपायर उसे ऐसा करने से रोकता है पर यहां अंपायर ने लगता है इसपर ध्यान न हीं दिया।

## लेविट के तूफानी शतक से नीदरलैंड ने तीसरे टी20 में नामीबिया को हराया

**कीर्तिपुर ।**

माइकल लेविट के तूफानी शतक से नीदरलैंड ने तीसरे टी20 मुकाबले में नामीबिया को 57 रनों से हरा दिया। लेविट ने 62 गेंदों पर 135 रन बनाये।

इस मैच में नामीबियाई बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने 33 गेंदों पर शतक लगाया था जिसका जवाब लेविट ने 49 गेंदों पर शतक लगाकर दिया। इससे डीच टीम ने 247 रन बनाये। इसके बाद नामीबिया की टीम ये लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी और 20 ओवरों में 188 रन रनों पर ही सिमट गयी। इस प्रकार उसे मुकाबले में 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में डच टीम नीदरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। तीसरी ही ओवर में मैक्स 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये पर इसके बाद माइकल लेविट और साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने स्कोर 208 तक पहुंचाया।

दोनों ने करीब 15 ओवरों में 190 से ज्यादा रन बनाए। एंगेलब्रेक्ट ने जहां 40 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्कों की मदद से 75 रन बनाए तो वहीं, माइकल लेविट 62 गेंदों पर 10 छक्कों की मदद से 135 रन बनायेहे। इसके बाद तेजा निदामानुरु ने लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए वहीं नामीबिया की ओर से ट्रम्पेलमैन ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि बेन शिकोंगो ने 28 रन देकर 1 तो जेन फ्राईलिंक ने 57 रन देकर एक विकेट लिया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही।

सलामी बल्लेबाज माइकल वेन 7 तो मालान कुर्गर 3 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद जे कोट्जे ने 26 तो कप्तान जे स्मिट ने 8 गेंदों पर 19 रन बनाये। मध्यक्रम में जान फ्राइलिंक ने 27 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए तो अंत में विकेटकीपर बल्लेबाज जेन ग्रीन ने 20 गेंदों पर चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाए पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।




## बीसीसीआई अनुबंध में पंड्या को ए जबकि कुलदीप को बी ग्रेड दिये जाने पर उठे सवाल

### प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर बोर्ड को ट्रॉल किया

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सालाना केन्द्रीय अनुबंध में हार्दिक पंड्या को एक ग्रेड जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को बी ग्रेड अनुबंध दिये जाने पर सवाल उठ रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर बीसीसीआई की आलोचना की है। लोगों का कहना है कि हार्दिक पंड्या केवल एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट खेलते हैं इसके बाद भी उन्हें ए ग्रेड दिया गया है जबकि कुलदीप को तीनों प्रारुपों में खेलने के बाद भी बी ग्रेड में रखा गया है। बीसीसीआई के ग्रेड एक में साल में पांच करोड जबकि बी में तीन करोड़ की रकम खिलाड़ियों को मिलती है। ऐसे में कुलदीप को ग्रेड बी में होने के कारण सालाना 3 करोड़ रुपये जबकि पंड्या को 5 करोड़ रुपये मिलेंगे। लोगों का कहना है कि पंड्या ने लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। माना जाता है कि पंड्या ने टीम प्रबंधन को बता दिया है कि उनकी फिटनेस टेस्ट खेलने की नहीं है, इस कारण वह केवल एकदिवसीय और टी20 टीम में रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कुलदीप इस समय भारत के एकमात्र चाइनमैन स्पिनर हैं, जो तीनों ही प्रारुपों में खेलते हैं। कुलदीप इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी खेल रहे हैं। वह एकदिवसीय और टी20 टीम में भी खेलते हैं। कुलदीप ने पिछले एक साल में भारतीय टीम की ओर से 43 मैच खेले हैं। इसमें 30 एकदिवसीय , 10 टी20 और 3 टेस्ट मैच शामिल हैं। दूसरी ओर हार्दिक ने कुल 31 मैच खेले, जिनमें 20 एकदिवसीय और 11 टी20 मुकाबले शामिल हैं। करियर की शुरुआत से अब तक कुलदीप ने 103 एकदिवसीय, 35 टी20 और 11 टेस्ट मैच खेले हैं जबकि हार्दिक ने कुल 189 मैच खेले हैं। इनमें 11 टेस्ट, 86 एकदिवसीय और 92 टी20 मैच शामिल हैं।

## चीन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हूं: हार्दिक सिंह

**नई दिल्ली,**

एशियाई हॉकी महासंघ ने 28 फरवरी को घोषणा की कि पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 आठ से 17 सितंबर 2024 तक हुलुनबुइर शहर, इनर मंगोलिया,चीन में होगी। जो टीमें इस संस्करण के लिए योग्य हैं उनमें चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान और मौजूदा चैंपियन भारत शामिल हैं।

टूर्नामेंट के महत्व पर बोलते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है जहां टीमें एशिया की सर्वश्रेष्ठ हॉकी टीम होने का दावा करने के लिए संघर्ष करती हैं। हमारा लक्ष्य दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है, और उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम ट्रॉफी को बरकरार रखना और एशिया में सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना होगा। भारत 3 से 12 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के पिछले संस्करण में विजयी हुआ। वे 4 जीत और 1 ड्रा के साथ पूल में शीर्ष पर रहे, जापान के खिलाफ ड्रा था। सेमीफाइनल में, उनका फिर से जापान से सामना हुआ और 5-0 से जीत दर्ज की। फाइनल में, भारत हाफ टाइम तक 3-1 से पिछड़ रहा था, लेकिन दूसरे हाफ में कप्तान हरमनप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह और आकाशदीप सिंह के गोल ने सुनिश्चित किया कि भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 का चैंपियन बने। टीम के प्रदर्शन पर विचार करते हुए हार्दिक ने कहा, ÷एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 एक शानदार टूर्नामेंट था। एक टीम के रूप में, हम अभी भी मुख्य कोच क्रेग फल्टन के तहत खेल की नई शैली को अपना रहे थे, और स्वर्ण पदक जीतना उस प्रगति का प्रमाण था जो टीम ने उनके तहत की थी। रास्ते में हमारी मदद करने के लिए हमारे साथ मेंटल ट्रेनर पैडी अप्टन भी थे, और जब हम फाइनल में मलेशिया से पिछड़ रहे थे, तब टीम ने उनके बारे में अपनी बुद्धिमत्ता बनाए रखने और चीजों को बदलने के लिए जबरदस्त चरित्र दिखाया। मिडफील्डर ने अंत में कहा, टूर्नामेंट जीतने के लिए पिछड़ने के



बाद वापिस आना एक विशेष एहसास था, और पीछे मुड़कर देखने पर, मुझे लगता है कि टीम ने उस मैच को अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए स्प्रिंगबोर्ड के रूप में इस्तेमाल किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेलने और अपने खिताब का बचाव करने के लिए उत्सुक हैं।

## घरेलू क्रिकेट आधार पर किसी खिलाड़ी को खेलने मजबूर नहीं कर सकते: साहा



**कोलकाता ।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने कहा है कि घरेलू क्रिकेट आधार है और हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलना चाहता तो उसे जबरन खेलने को मजबूर नहीं किया जा सकता। साहा ने ये बात विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के घरेलू क्रिकेट की अनदेखी को लेकर कही है। ईशान और अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसी कारण केन्द्रीय अनुबंध से भी बाहर कर दिया है। साहा ने इसको लेकर कहा कि अनुबंध नहीं दिये जाने का फैसला बीसीसीआई का है जबकि रणजी नहीं खेलना इन दोनो का निजी निर्णय थी। ये दोनों खिलाड़ी पिछले कुछ समय पहले तक भारतीय टीम में भी थे। इन दोनो ने गत वर्ष एकदिवसीय विश्वकप भी खेला था। ईशान अंतिम बार दिसंबर में भारतीय टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गये थे। वहीं अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही जारी इस सरीज के पहले 2 टेस्ट खेले थे। साहा ने कहा कि एक क्रिकेटर को हर मैच को समान महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भी मैं फिट होता हूं मैं खेलता हूं, यहां तक कि मैंने क्लब मैच भी खेले हैं, कार्यालय के मैच भी खेले हैं। मैं हमेशा एक मैच को एक मैच की तरह लेता हूं। मेरे लिए सभी मैच बराबर हैं। अगर हर खिलाड़ी इस तरह से सोचता है तो वह अपने करियर में केवल समृद्ध होंगे और यह भारतीय क्रिकेट के लिए भी बेहतर होगा। साहा ने कहा कि मुझे लगता है कि घरेलू क्रिकेट का महत्व हमेशा रहता है क्योंकि अगर मैं सरफराज खान के बारे में बात करूं तो उसने पिछले चार-पांच वर्षों में काफी रन बनाए हैं। निश्चित रूप से उसने अच्छा प्रदर्शन किया है। साहा ने इस बीच युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की बल्लेबाजी को बेहतरीन करार दिया।

## ओपनिंग जोड़ीदार स्मृति पर बहुत गर्व है : सोफी डिवाइन

**बेंगलुरु**, यह कप्तान स्मृति मंधाना और उनकी सलामी जोड़ीदार, न्यूजीलैंड की महान ऑलराउंडर सोफी डिवाइन के बीच चल रही आपसी प्रशंसा गाथा में भूमिका के उलटफेर की शाम थी। पिछले साल डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन के दौरान 99 रनों की तूफानी पारी से स्मृति को चकित करने के बाद, अब तारीफ करने की बारी सोफी की थी, जब उन्होंने गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपनी कप्तान को आरसीबी के दिल्ली विरोधियों के खिलाफ 74 रनों की पारी खेलते हुए देखा। सोफी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,हाँ, देखो, मुझे स्मृति पर बहुत गर्व है। मुझे लगता है कि पिछला सीज़न उसके लिए काफी कठिन था। उनके लिए इस साल जिस तरह से बाहर आना और बल्लेबाजी करना शानदार रहा है। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की है, जिस तरह से उसने टीम की कप्तानी की है वह शानदार है और इससे वास्तव में आत्मविश्वास झलकता है। मेरे लिए आज वहां खड़ा होना काफी अलग था, जबकि वह हर तरफ से शॉट मार रही थी। लेकिन क्रिकेट और टी20 क्रिकेट के बारे में यह अच्छी बात है कि साझेदारी में कई बार ऐसा होता है कि आपको अलग-अलग भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। और मेरे लिए आज, यह बस पीछे बैठकर उसे शॉट लगाते हुए देखने जैसा था। सोफी, जिन्होंने 17 में से 23 रन बनाने से पहले तीन ओवरों में 2/23 के साथ हरफनमौला प्रदर्शन किया। वह अब तक अपने गेंदबाजी आक्रमण को संभालने के कप्तान के तरीके से प्रभावित हैं। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि आरसीबी के पास वस्तुत: हर विकल्प संभव के साथ एक अच्छी तरह से विकसित गेंदबाजी आक्रमण था, लेकिन गुरुवार को छुट्टी का दिन था। सोफी ने आगे कहा, लेकिन हम मुंबई के खिलाफ मजबूती से वापसी करने के लिए तैयार हैं। आरसीबी अब अपने चौथे घरेलू मैच में शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई टीम से भिड़ेगी।



# ब्रेक मेरे लिए बहुत जरूरी था: नेहा कक्कड

इंडियन आइडल शो की होस्ट रही नेहा कक्कड़ कई दिनों से टीवी शोज से दूर थीं। नेहा ने बताया कि क्यों वह इतने लंबे ब्रेक पर थीं। नेहा ने कहा, यह ब्रेक मेरे लिए बहुत जरूरी था क्योंकि मैं मेंटली और फिजिकली काफी थक गई थी। मैं उनमें से हूं जो जब भी कोई शो करती है तो उसमें अपना 100 प्रतिशत लगा देती है।

एक पॉइंट ऐसा आ गया था कि अब मेरे बस में कुछ नहीं था। मैंने इस इंडस्ट्री में कम उम्र से ही काम करना शुरू कर दिया था इसलिए अपने मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए मुझे यह करना पड़ा, लेकिन अब मैं बैंग के साथ वापस आ गई हूं। पिछले साल नेहा के तलाक की खबरें आई थीं और उसके बाद कुछ दिनों पहले ही खबरें आईं कि नेहा प्रेग्नेंट हैं। इस पर सिंगर ने कहा, मेरी जबसे शादी हुई है तबसे सिर्फ 2 अफवाहें आ रही हैं। एक मैं प्रेग्नेंट हूं और दूसरा कि मेरा तलाक हो रहा है। बहुत दुख होता है ऐसी बातें सुनकर। लोग गॉसिप के लिए कुछ भी बोलते हैं। लेकिन मैं कोशिश करती हूं इन सब पर ध्यान ना दूं क्योंकि मुझे पता है सच क्या है।

जब पूछा गया कि क्या शादी के बाज उका फोकस काम से हटकर परिवार की तरफ चला गया है तो उन्होंने कहा, मेरा फोकस परिवार और पति की तरफ ज्यादा था कुछ समय से, लेकिन अब मैं वापस काम पर फोकस कर रही हूं। मेरे पति को जो समय और अटेनशन चाहिए था वो मिला और अब क्योंकि हमारी शादी को 3 साल हो गए हैं तो मैंने सोचा कि वापस काम पर फोकस करें ।बता दें कि नेहा ने साल 2021 में रोहनप्रीत से शादी की थी। नेहा के लंबे ब्रेक के बीच कभी उनकी प्रेग्नेंसी की खबर आई तो कभी तलाक की। अब नेहा ने इन अफवाहों से लेकर ब्रेक तक के बारे में बात की।



# सलमान अपने फैंस को अब पेंटिंग के जरिए करेंगे खुश

बालीवुड के सुपर स्टार सलमान खान अब आर्ट कंपनी आर्टफी के साथ हाथ मिलाकर अपने पेंटिंग के जरिए भी दुनियाभर में चाहने वाले अपने फैंस को खुश करेंगे। इंडियन फैन के लिए सलमान खान का ये फैसला खुश करने वाला है। दरसल, पहली बार, सलमान खान की पेंटिंग्स, जिनमें यूनिटी 1 और यूनिटी 2 नाम के जाने माने डिप्टीच में शामिल हैं। सलमान जैसे वह फिल्मो में अपने किरदार से लोगो को दीवाना बनाते हैं, वैसे ही अब अपनी पेंटिंग के जरिये वह लोगो को दीवाना बनाएंगे। आर्टफी यूनिटी 1 और यूनिटी 2 को 10,000 भागों में बांटेगा, जिससे हर कोई इनके ओनरशिप में आंशिक रूप से मालिक बन सकेगा। सलमान खान के विचार- मुझे इस कार्यक्रम में आर्टीफी के साथ जुड़कर बहुत खुशी है, जिसके जरिए मेरी पेंटिंग को हासिल करने का मौका दर्शकों को मिल रहा है। सलमान खान ने अपने कोट में कहा है, मैं आर्टीफी के इस कार्यक्रम में आर्टीफी के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जिसके जरिए मेरे आर्ट को हासिल करने का मौका मिल रहा है, और मुझे ये देखकर खुशी है कि इससे मेरे आर्ट को दुनिया भर के लोगों के साथ बांटा जाएगा। बता दें कि सलमान खान को न सिर्फ फिल्मो में उनके योगदान के लिए बल्कि उनके परोपकारी प्रयासों और पेंटिंग के प्रति जुनून के लिए भी पहचाना जाता है। बी-टाउन के सबसे चहेते खांस में से एक सलमान खान की दुनिया भर में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें हर उम्र के लोग पसंद करते हैं।



# मैंने एनिमल नहीं देखी, बेटियों ने मना किया : खुशबू


बालीवुड फिल्म एनिमल के कॉन्टेंट पर कई लोग आपत्ति जता चुके हैं। अब एक्टर-पॉलिटीशियन खुशबू सुंदर भी इस पर बोली हैं। जब एक्ट्रेस से एनिमल फिल्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इंट्रेस्टिंग बात बताई। खुशबू बोलीं कि उनकी बेटियों ने मना किया था कि वह यह फिल्म न देखें। खुशबू सुंदर टीवी9 की समिट में थीं। वहां उन्होंने बताया कि रणबीर कपूर स्टारर मूवी एनिमल उन्होंने नहीं देखी है।

खुशबू बोलती हैं, नैशनल कमिशन फॉर विमिन के सदस्य के तौर पर मैंने कई हैरासमेंट, प्रताड़ना, मैरिटल रेप और ट्रिपल तलाक के केसेज देखे हैं जबकि यह गैरकानूनी है। खुशबू बोलती हैं, अगर एनिमल जैसी महिला विरोधी फिल्म कमाई कर रही है, बॉक्स ऑफिस गॉर्सर में से एक है तो हमें उन लोगों के दिमाग के बारे में सोचना चाहिए जिन्होंने फिल्म को सक्सेसफुल बनाया। खुशबू ने कहा कि इसमें निर्देशक की गलती नहीं है। वह बोलती हैं, हमें कबीर सिंह और अर्जुन रेड्डी से दिक्कत थी। पर मैं डायरेक्टर को दोष नहीं देती, क्योंकि उनके लिए मैं सोचती हूं कि मूवी की सफलता ही मायने रखती है। हम फिल्मों में वही दिखा रहे हैं जो फिल्मों में दिख रहा है। हम महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं फिर भी ऐसी फिल्में देखते हैं। खुशबू ने कहा, मैं नहीं चाहती थी कि मेरी बेटियां ये फिल्म देखें। लेकिन उन्होंने देखी क्योंकि जानना चाहती थीं कि फिल्म में आखिर है क्या। फिल्म देखकर आईं और बोलीं, अम्मा, प्लीज आप फिल्म मत देखना। जब ऐसी फिल्मों को बार-बार देखने वाले लोग मिल जाते हैं तो सोचिए कि हम कहां जा रहे हैं। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल को रिलीज हुए ढाई महीने से ज्यादा वक्त बीत चुका है लेकिन अभी भी सुर्खियों में है। मूवी 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। इसने बंपर कमाई की, अवॉर्ड जीते और कॉन्ट्रोवर्सी में भी रही।

# आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी का आभारी हूं: अर्जुन कपूर

बालीवुड एक्टर अर्जुन कपूर का कहना है कि नकारात्मक भूमिकाएँ निभाने की उनकी क्षमता पर विश्वास करने के लिए वह अपने गुरुओं आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी के आभारी हैं। अर्जुन कहते हैं, फ्रमैंने इश्कजादे, औरंगजेब जैसी फिल्मों में नकारात्मक किरदार निभाकर इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू किया और इतने सालों के बाद, मैं सिंघम अगेन में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। जबकि उस समय आदित्य चोपड़ा ने मुझमें ऐसे किरदार निभाने की क्षमता देखी थी जो त्रुटिपूर्ण हों, अब, मैं इस विश्वास के लिए रोहित शेट्टी का आभारी हूं कि मैं उनकी महत्वाकांक्षी और बहुचर्चित कॉप यूनिवर्स फिल्म में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं! रोहित शेट्टी ने मुझमें विश्वास जगाया और हर कदम पर एक मार्गदर्शक रहे है!' अर्जुन कहते हैं, ये दोनों लोग मेरे फिल्मी करियर में सच्चे गुरु रहे हैं और मैं आभारी हूं कि रोहित शेट्टी जैसे हिट-मशीन फिल्म निर्माता का मानना है कि मैं सिंघम अगेन में खलनायक की भूमिका निभाकर लोगों को चौंका सकता हूं। अर्जुन कहते हैं, मैं हमेशा से स्क्रीन पर प्रयोग करना चाहता था और दर्शकों को कुछ अलग देखने को देना चाहता था।

इसलिए, सिंघम अगेन में पुलिस के कट्टर दुश्मन की भूमिका निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अवसर है वह आगे कहते हैं, फ्रजैसा कि मैंने कहा, जब मैं सिंघम अगेन के सेट पर होता हूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरे करियर का सर्कल पूरा हो गया है। मुझे अपने करियर की शुरुआत में नकारात्मक किरदार निभाकर बहुत प्यार मिला और मैं सिंघम अगेन के साथ भी वैसा ही और अधिक प्यार पाना चाहता हूं ।अभिनेता का कहना है कि रोहित शेट्टी की फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाना उनके लिए रोमांचकारी है क्योंकि इससे उन्हें एक अभिनेता के रूप में भी प्रयोग करने का मौका मिला।





# उर्वशी ने काटा तीन करोड का बर्थडे केक, हुई ट्रोल

विगत 25 फरवरी को एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने अपना 30वां जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री द्वारा जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा करने के बाद नेटिज़ेंस ने टिप्पणियों में दोनों को ट्रोल किया। रौतेला ने अपना जन्मदिन का केक काटकर मनाया, जिसकी कीमत कथित तौर पर सिंह द्वारा उपहार में दिया गया 3-स्तरीय सोने का केक था, जिसकी कीमत कथित तौर पर 3 करोड़ थी। सिंह केक काटने की रस्म में अभिनेत्री के साथ शामिल हुए। रौतेला ने अपने पोस्ट में लव डोज 2 के सह-कलाकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। आपके अथक प्रयासों और मेरे लिए सच्ची चिंता ने मेरे करियर में एक शानदार अध्याय तैयार किया है। वहीं, रैपर हनी सिंह ने कहा, 'मैंने उसे 3 करोड़ रुपये का केक भेंट करके इस विशेष अवसर को एक अनोखे भाव से चिह्नित करने का फैसला किया।

मैं चाहता हूं कि यह सहयोग, केक काटने का यह क्षण इतिहास में सबसे खास चीज के रूप में दर्ज हो जो किसी ने अपने सह-कलाकार के लिए किया हो। वह अपने काम में शानदार है और वह इस तरह के व्यवहार की हर तरह से हकदार है। हैरानी की बात यह है कि इस घटना पर सोशल मीडिया पर कई मीम्स और मजेदार टिप्पणियां आईं। नेटिज़न्स ने दोनों को जमकर ट्रोल किया। एक ने पूछा, 'इसको खाना है या रखा?'

एक अन्य यूजर ने कहा, 'तो आपके पालतू जानवर में तो सोना ही सोना होगा।' एक तीसरे व्यक्ति ने लिखा, 24 कैरेट असली सोने का केक काटने वाली भारत की पहली महिला। एक नेटीजन यह जानने को उत्सुक था कि केक कहां है। उन्होंने पूछा, 'काटने के बाद तुमने इस केक का क्या किया है?' एक्ट्रेस के सह-कलाकार यो यो हनी सिंह ने 24 कैरेट सोने के जन्मदिन के केक पर करोड़ों रुपये खर्च किए जिसके बाद इंटरनेट पर सनसनी फैल गई।

# अंजलि तत्रारी को 'वंशज' में अपना नया लुक पसंद आया

शो 'वंशज' में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं।

शो 'वंशज' में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं। शो में एक साल के लीप और अपने किरदार युविका की चौंकाने वाली मौत के बाद अंजलि ने युविका की हमशक्ल युक्ति मुल्तानी के किरदार में अपनी नई यात्रा शुरू की है। शो में पहले युविका के रूप में अंजलि को एक साधारण अवतार में देखा गया था, जिसमें वह भारतीय परिधान पहनती थीं, लेकिन अब वह इसके विपरीत बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। वह अब ब्लेजर और कई तरह की एलीगेंट ड्रेस में नजर आती हैं। अपने नए लुक को लेकर अंजलि ने कहा, 'युक्ति का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा बदलाव है। मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं। युक्ति के रूप में मेरा नया लुक युविका से बिल्कुल अलग है। युविका का किरदार बेहद साधारण था। मगर युक्ति शो में बोल्ड अंदाज में दिख रही है। वह ट्रेंडी आउटफिट पहन रही है। उन्होंने कहा, 'एक कलाकार के रुप में अलग-अलग लुक को अपनाना अविश ?वसनीय रूप से रोमांचक है। मुझे इसका हर हिस्सा पसंद आ रहा है। युक्ति का स्वैग और बॉस लेडी वाइब कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें चित्रित करने में मुझे मजा आ रहा है।' 'वंशज' सोनी सब पर प्रसारित होता है।





# रणवीर सिंह बनेंगे पिता

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्दी ही माता- ?पिता बनने वाले हैं। उनके घर में जल्द ही नन्हें बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं। इस खुशखबरी को अभिनेत्री ने खुद ही पोस्ट के जरिए शेयर किया है। इसे देखते ही दीपिका को ढेरों बधाइयां मिल रही हैं। जानकारी के मुता ?बिक गुरुवार को दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर जारी की। उन्होंने एक फीचर इमेज शेयर करते हुए कहा कि उनका बेबी सितंबर 2024 में आ रहा है। बॉलीवुड स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने पहले बच्चे का स्वागत के लिए उत्साह से भरे हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका का सेकंड ट्रिमिस्टर फेज चल रहा है और उनकी डिलीवरी सितंबर 2024 में होने वाली है। इससे पहले कहा जा रहा था कि दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं और अब खुद ही अभिनेत्री ने इस गुड न्यूज को बता दिया है। दीपिका की प्रेग्नेंसी को लेकर तबसे लगातार खबरें आ रही थीं जब उनका 77वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवार्ड्स (बाफ्टा) में रेड कार्पेट पर साड़ी पहने बेबी बंप दिख रहा था।

बता दें ?कि इससे पहले भी दीपिका ने वोग से बेबी प्लानिंग को लेकर कुछ बातें बयां की थी। तब उन्होंने बताया है कि उन्हें और रणवीर को बच्चे पसंद हैं और वो उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब अपना परिवार शुरू करेंगे। एक इंटरव्यू में भी दीपिका ने अपनी प्रेग्नेंसी पर कन्फर्मेशन दे दी थी और अब उन्होंने सोशल पेज पर अनाउंसमेंट किया है। बता दें ?कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की मुलाकात संजय लीला भंसाली की फिल्म 'रामलीला' के सेट पर हुई थी। नवंबर 2018 में शादी करने से पहले उन्होंने पांच साल तक डेट किया था और अब वे पेरेंट्स बनने जा रहे हैं।